माघ शुक्ल पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 17 फरवरी 2024
वर्ष 2-, अंक -192, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग 16

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर 2


## कांग्रेस के फ्रीज बैंक खातों से हटाई गई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आयकर अपीलीय अधिकरण ने खातों के संचालन की दी अनुमति

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता एवं अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं। इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। यह 115 करोड़ रुपये की राशि हमारे चालू खाते से कहीं अधिक है।

## पंजाब में बस सेवाएं ठप, किसानों ने राजमार्ग अवरुद्ध किए

### भारत बंद का हरियाणा में आंशिक असर, पश्चिमी यूपी के कई हिस्सो में भी प्रदर्शन

फिरोजपुर/अमृतसर/हिसार/मुजफ्फरनगर, एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को स्वीकार करने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। हालांकि हरियाणा में बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला, लेकिन पंजाब में कई स्थानों पर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में रोडवेज कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। बंद का कुरूक्षेत्र में कोई असर नहीं हुआ। बाजार खुले रहे। किसानों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और यात्रियों से पथकर नहीं वसूलने दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन किए गए। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली क्रॉसिंग पर किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। बिजनौर, बागपत में विरोध प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर, बदायूं और मेरठ में बंद का कोई असर नहीं दिखा।



भारत बंद के दौरान शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस छोड़ी गई।

### शंभू सीमा पर फिर हंगामा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों के अंबाला के पास शंभू सीमा पर अवरोधक की ओर बढ़ने के बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा के साथ लगती राज्य की सीमा पर दो बिंदुओं शंभू और खनौरी पर रुके हुए हैं। प्रदर्शन के पहले दो दिन भी किसानों और हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच झड़पें हुईं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया था। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर उन्हें रोक दिया था।

### प्रदेश में हड़ताल पर छह महीने की रोक

**लखनऊ।** किसान आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यदि कोई कर्मचारी हड़ताल या प्रदर्शन करता पाया गया तो, बिना वारंट गिरफ्तारी की जाएगी। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन विभागों, निगम और प्राधिकरण पर लागू होगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बताया गया कि एस्मा एक्ट लगने के बाद कोई भी कर्मचारी हड़ताल-प्रदर्शन करता है तो उसकी बिना वारंट गिरफ्तारी होगी। इससे पहले 2023 में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई गई थी। एस्मा का इस्तेमाल हड़ताल को रोकने के लिए किया जाता है।






### एक नजर

#### पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवा 15 मार्च तक मिलेगी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

#### प्रियंका गांधी की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी।

## जीबीसी के केंद्र में युवा, उद्योग लगने के साथ मिलेगी नौकरी

### मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत अधिकारियों और शिक्षाविदों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के मद्देनजर शुक्रवार को सेवानिवृत अफसरों और शिक्षाविदों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के चार और भारतीय वन सेवा के सात अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) और 19 शिक्षाविदों सहित 42 सदस्यीय खास टीम गठित की। टीम के साथ आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 10 से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी/सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। योगी ने जीबीएस में लगने वाले उद्योगों से युवाओं को कैसे नौकरी के अवसर सृजित होंगे, इसे विश्वविद्यालयों का दौरा कर समझाने का कार्य टीम को सौंपा।



#### विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगी अधिकारियों की टीम

10.15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगा। 17-18 फरवरी को टीम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी/रोजगार/सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी।

▸▸ सेवानिवृत्त 12 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अधिकारियों और 19 शिक्षाविदों समेत 42 सदस्यीय खास टीम तैयार

#### प्रदेश में दूर होगी असमान विकास की समस्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। जीबीसी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा।

#### तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिकों का लौटना अच्छा संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश में वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी प्रदेश लौटने का निर्णय लिया।

## टाइमर बोतल बम के साथ मास्टर माइंड को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ महिला के कहने पर बनाया था बम, 10 हजार रुपये मिले थे एडवांस

▸▸ मुजफ्फरनगर से की गई गिरफ्तारी, चार टाइमर बोतल बम बरामद

▸▸ यू-ट्यूब और इंटरनेट से हासिल की टाइमर बम बनाने की जानकारी



**अमृत विचार :** एसटीएफ ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से टाइमर बम बनाने वाले मास्टर माइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) बरामद किया गया है। उसने इमराना नाम की एक महिला के कहने पर वह टाइमर बम बनाया था। इसके लिए महिला ने उसे 10 हजार रुपये एडवांस दिया था, जबकि 40 हजार रुपये बम की डिलीवरी के समय देने को कहा था। उसकी गिरफ्तारी की सूचना पर आईबी और एटीएस की टीमों ने भी पूछताछ की। पता चला कि जावेद ऐसा बम पहले भी बना चुका है।

एसटीएफ के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर मुजफ्फरनगर के कोतवाली थानान्तर्गत मिमलाना रोड रामलीला टीला निवासी जावेद की गिरफ्तारी की गई। उसने टाइमर बोतल बम एक बैग में रखे कैम्पस शूज के डिब्बे में छिपाया था। बाद में बम डिस्पोजल स्क्वायड ने मौके पर पहुंचकर बम को अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद काली नदी पुल से न्याजूपुरा के जंगल में (सेफ डिस्पोजल एरिया) गए, जहाँ उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि यह चार बोतल बम, आईईडी है। बोतल के अन्दर गन पाउडर, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि है। यह बोतल बम आईईडी उसने इमराना नाम की महिला के कहने पर बनाया था। इमराना शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा की मूल निवासी और वर्तमान में मुजफ्फरनगर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। जावेद ने बताया कि ग्लुकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साईकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घडी की दुकानों से लेता था। इमराना ने उसे बोतल बम तैयार करने के लिए 10 हजार रुपये पहले दिए थे तथा 40 हजार रुपये बाद में बम देते समय देने को कहा था। वह आज इन तैयार बोतल बम को इमराना को देने आया था।

बोतल बम आईईडी बनाने के बारे में जावेद ने पूछताछ में बताया कि उसने पटाखे बनाने का काम करने वाले अपने चाचा मो. अरर्शी के यहां रहकर बारूद व बोतल बम (आईईडी) बनाने का काम सीखा तथा कुछ जानकारी यू-टयूब और इंटरनेट के माध्यम से हासिल की थी। इन टाइमर बोतल बम (आईईडी) का कहां प्रयोग करना था इसके बारे में इमराना ही जानती है।

## बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, तीन की गई जान

संवाददाता फतेहपुर

▸▸ चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने हादसा, ट्रक छोड़ भागा चालक

**अमृत विचार :** हुसैनगंज की तरफ से शहर आ रहे बाइक सवार तीन युवक शुक्रवार दोपहर हादसे का शिकार हो गए। बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने रौंद दिया, तीनों युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक भाग निकला। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी।

राधानगर थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी नीलू, रमऊ तिवारी और गाजीपुर के महमदपुर निवासी सुजीत यादव खेती करते थे। शुक्रवार को तीनों एक ही बाइक से बेरागढ़ीवा स्थित बाजार में भैंस देखने गए थे। जहां से वह शहर के लिए निकले थे। लखनऊ रोड स्थित चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने शहर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वे गिरकर ट्रक के नीचे आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ ही देर में तीनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर सीओ समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला, पुलिस ट्रक नंबर के जरिए मालिक और चालक की तलाश कर रही है।

## प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे

**लखनऊ।** प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे। वह 89 साल के थे। 10 नवंबर 1935 को पैदा हुए राज बिसारिया ने भारतीय रंगमंच को समृद्ध करने का काम किया। लखनऊ की भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना उन्होंने ही की थी। वह इसके संस्थापक निदेशक रहे।



▸▸ भारतेन्दु नाट्य अकादमी के संस्थापक थे

लखनऊ विश्वविद्यालय में वह अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर रहे। कई किताबें भी लिखी हैं। कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। काफी समय तक वह एसजीपीजीआई में भर्ती भी रहे और वहां से ठीक होकर अपने गोमतीनगर आवास पर आ गए थे। शुक्रवार की शाम अचानक उनकी सांस उखड़ने लगी। परिवार के लोगों ने डॉक्टर से सम्पर्क किया लेकिन डॉक्टर के आने से पहले ही निधन हो गया।

उनके निधन की सूचना पाते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने के लिए रंगकर्मियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

## गला काटकर पत्नी का सिर लेकर चौकी जा रहा था पति, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ आठ साल पहले हुआ था विवाह, पत्नी के अवैध संबंधों से था नाराज

**अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव में अवैध संबंध के शक से नाराज पति ने पत्नी का सिर बांके से कलम कर दिया और सिर हाथ में लेकर पुलिस चौकी जा रहा था। तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका की मां विमला देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव निवासी अनिल कनौजिया राजगीर है। वह पत्नी के अवैध संबंधों को लेकर नाराज था। कई बार विवाद पुलिस चौकी तक भी पहुंचा था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अनिल ने पत्नी वंदना 26 की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद कटा सिर और दूसरे हाथ में बांका लेकर इसरौली चौकी जा रहा था। यह दृश्य जिसने देखा, उसकी रूह कांप उठी। इसकी सूचना पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तर चिंरजीवी नाथ सिंहा, सीओ रघुबीर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने चौकी पहुंचकर जांच की। अभियुक्त के परिजनों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना देवी (26) के साथ हुआ था। इनके दो बेटे अमन (5) व श्याम (1) है। पति-पत्नी में इन दिनों विवाद चल रहा था।

## अमिताभ यश को एडीजी कानून व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**9 पीपीएस अफसरों का तबादला**

**अमृत विचार :** एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को एडीजी कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। प्रशांत कुमार के कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इनके अलावा शासन ने 9 पीपीएस अफसरों के भी तबादले किए गए हैं।

शासन से जारी सूची के मुताबिक जितेंद्र कुमार दुबे को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार भारतीय अब एएसपी कासगंज होंगे। डॉ.तेज वीर सिंह को एएसपी भदोही के पद पर भेजा गया है, वहीं राघवेंद्र सिंह प्रथम अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रवीन सिंह चौहान को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज में नियुक्त दी गई, जबकि संजय कुमार, एएसपी यातायात गोरखपुर का जिम्मा संभालेंगे। विवेक त्रिपाठी को अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आजमगढ़ तथा रश्मि रानी को अपर पुलिस अधीक्षक अधिसूचना मुख्यालय लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। मोनिका चड्ढा को एएसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ में तैनाती मिली।

## पुलिस भर्ती परीक्षा : झांसी में साल्वर गैंग का पर्दाफाश, एसटीएफ ने दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वाराणसी और आगरा में ठगी की कोशिश में जुटे चार पकड़े गए

**अमृत विचार :** शनिवार और रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने को जुटे गैंग का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में गैंग के दो सदस्यों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। इसमें मोनू कुमार, शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि दूसरा नालंदा (बिहार) का रजनीश रंजन हैं। वहीं एक अन्य मामले में एसटीएफ ने परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनिक प्रश्नपत्र तैयार कर अभ्यर्थियों से ठगी करने की कोशिश में जुटे गैंग के दो सदस्यो को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। उसका सरगना फरार हो गया। पकड़े गए ठगों में प्रिन्स कुशवाहा चंदौली का है, जबकि विजय कुमार मिर्जापुर जिले का रहने वाला हैं। एसटीएफ ने आगरा से भी दो ठगों को गिरफ्तार किया। इसमें करतार सिंह राजस्थान का मूल निवासी है और आगरा में रह रहा था, टिन्कू कुमार अलीगढ़ का निवासी है।

एसटीएफ के मुताबिक झांसी पुलिस लाइन के पास से पकड़ा गया मोनू कुमार उर्फ मोनू गुर्जर बीए पास है। वह 2010 में इंटर पास करके नौसेना में भर्ती हुआ था। उसने ओडिशा (चिल्का) में ट्रेनिंग की थी। उसी दौरान छुटटी पर आया था फिर वापस नहीं गया था। उसके बाद से वह गैंग बनाकर झांसी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा कराने हेतु एक लैब बनाकर धांधली करने लगा। शुक्रवार को उसका गैंग पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का प्रयास कर रहा था।

वाराणसी में हुई गिरफ्तारी के बाबत एसटीएफ ने बताया कि परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा गैंग के सदस्यों के साथ वाराणसी एवं आस-पास के जनपदों में अभ्यर्थियों से सम्पर्क करने हेतु सक्रिय था। साथ ही उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनित प्रश्नपत्र तैयार किया था।

संकट — 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रख बांटा ऋण, अब वसूलना मुश्किल

## ऋण लेकर लापता, 2100 लाख फंसे, 'पिछड़ा' विभाग

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत 34 जिले पीछे, किसी ने बदला पता तो कोई मौके पर नहीं मिला, कई लोगों की हो चुकी मृत्यु

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा बांटे गए करोड़ों रुपये लेकर लाभार्थी लापता हैं। इसकी विभाग वसूली नहीं कर पा रहा है। वजह 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रखकर स्वरोजगार के लिए ऋृण वितरण किया गया। कहीं अभिलेख नहीं लिए गए तो कहीं नियमों को पूरा नहीं किया गया।

इससे केंद्र से दिया जाने वाला ऋृण फंसा है। जिन्होंने ऋृण बांटा वह सेवानिवृत्त हो गए या फिर पदोन्नति पाकर इधर-उधर हो गए। अब वर्तमान के अधिकारियों को वसूली का जिम्मा दिया गया है जो उनके लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि मौके पर न लाभार्थी हैं और न उनके द्वारा दर्शाया गया पता। कई की मृत्यु हो चुकी है। इस वजह से ढूंढना मुश्किल है। जो बकायेदार हैं तो वह समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं। बकाया तो काफी है लेकिन, जनवरी 2024 तक ब्याज समेत लक्ष्य 2167.29 लाख के सापेक्ष 66.71 लाख (3.8 प्रतिशत) ही वसूल हो पाए हैं। जबकि 2100 लाख रुपये की वसूली नहीं हो पाई। प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को फरवरी व मार्च में 50-50 हजार रुपये वसूली का लक्ष्य सौंपा है।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को 50 हजार का लक्ष्य

प्रदेश में जनवरी 2024 में 3.8 प्रतिशत वसूली हुई है, जो सबसे कम है। इनमें खराब प्रगति वाले 34 जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, बलिया, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोरखपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, ललितपुर, जेपी नगर, बिजनौर, संभल, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर व मिर्जापुर हैं।

> यह काफी पुरानी योजनाओं के दिए गए ऋण हैं। इसलिए समस्या है। लाभार्थियों से ऋण वसूला जा रहा है। 100 प्रतिशत वसूली करने के लिए जिलों को लक्ष्य दिया है।
>
> – **डॉ. वंदना वर्मा**, प्रबंध निदेशक, उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

### बंद हो गईं योजनाएं, वसूली नहीं तो वेतन नहीं

पूर्व में निगम केंद्र से मार्जिन मनी के आधार पर दुकान, रिक्शा, शिक्षा, पशुपालन, हलवाई, टेलर आदि के लिए ऋण देता था। इसमें सबसे बड़ा ऋण जीप खरीदने के लिए मिलता था। जो बांटने के बाद नहीं निकले तो सभी योजनाएं निगम की बंद कर दी गईं। इस वजह से जिले के कार्यालय बंद कर कर्मियों को मुख्यालय पर तैनात कर दिया गया। इनका वेतन इसी वसूली से निकलता है। इसी वजह से विभाग पिछड़ गया है। इसके पास सिर्फ छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और ओ लेवल की योजना ही बची है।

## खेल डायरी

### मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा: संजय सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर आमंत्रित करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूनिया, फोगाट और मलिक ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ये डब्ल्यूएफआई प्रमुख के तौर पर संजय सिंह के चुनाव के भी खिलाफ हैं उनका कहना है कि वह बृजभूषण के समर्थक हैं। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग के लिए ट्रायल्स करेंगे। इस राज्य में अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा।

### परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा: हरमनप्रीत

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। पिछले साल शुरुआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिए मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा। अगर हम इन चीजों से जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं।

### अनाबेल ने महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने द. अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह किया। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में द. अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

### आयहिका और श्रीजा ने दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया, चीन से मिली हार



**बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमश: सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया, लेकिन भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 15-13 7-11) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई। मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था। छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी।

# डकेट का शतक, इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन

## दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रन पर सिमटी, इंग्लैंड की टीम अब 238 रन पीछे

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला**

**राजकोट, एजेंसी**



रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने, लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 2 विकेट पर 207 रन बनाकर पलड़ा भारी रखा।

डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, 5 चौके, 1 छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है। इंग्लैंड ने 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और 3 छक्के हैं। ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, 2 चौके, 3 छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, 6 चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े।

डकेट ने 19 चौकों की मदद से 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्राउली ने उनकी गेंद को स्वीप के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार को कैच दे बैठे। डकेट ने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप का स्वागत दो चौकों से किया और 39 गेंद में अर्धशतक बनाया। अश्विन ने दूसरे ओवर में क्राउली को आउट किया। डकेट को पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की गेंदों पर छक्का और चौका मारा।डकेट ने सिराज की गेंद पर दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। सिराज ने पोप को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस पर फैसला भारत के पक्ष में गया। सुबह के सत्र में 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी संभाला। अश्विन रेहान अहमद (85 रन पर 2 विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में दे बैठे। जुरेल अर्धशतक बनाने में 4 रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने मार्क वुड (114 रन पर 4 विकेट) की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से 6 रन के लिए भेजकर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। भारत ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में 2 विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े। जडेजा (225 गेंद में 112 रन, 9 चौके, 2 छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को कैच देकर पवेलियन लौटे। भारत ने पहले दिन के चौथे ओवर में ही कुलदीप यादव (4) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया।



### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 445/10 (130.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा का एवं बो रूट | 112 | 225 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 04 | 24 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का फोक्स बो रेहान | 46 | 104 | 2/3 |
| रविचंद्रन अश्विन का एंडरसन बो रेहान | 37 | 89 | 6/0 |
| जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो वुड | 26 | 28 | 3/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 21 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 09, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, 6-331, 7-331, 8-408, 9-415, 10-445, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25-7-61-1, वुड 27 .5-2-114-4, हार्टली 40-7-109-1, रूट 16-3-70-1, रेहान 22-2-85-2

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 207/2 (35 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन | 15 | 28 | 2/0 |
| बेन डकेट नाबाद | 133 | 118 | 21/2 |
| ओली पोप पगबधा बो सिराज | 39 | 55 | 5/1 |
| जो रूट नाबाद | 09 | 13 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, **गेंदबाजी:** बुमराह 8-0-34-0, सिराज 10-1-54-1, कुलदीप 6-1-42-0, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 4-0-33-0

## 500 विकेट लेने वाले अश्विन दूसरे भारतीय गेंदबाज

**राजकोट, एजेंसी**

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे ऑफ स्पिनर हैं। वह कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज भी हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। सैंतीस साल के अश्विन ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। अश्विन से पहले संन्यास ले चुके श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (517 विकेट) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट के आंकड़े को छूने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज हैं। वर्ष 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। चेन्नई के इंजीनियरिंग स्नातक अश्विन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की और ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाने से पहले मध्यम गति की गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया। किशोरावस्था में पीठ की चोट के कारण उन्हें स्पिन गेंदबाजी को अपनाना पड़ा। कुंबले और हरभजन सिंह के युग के बाद अश्विन से काफी उम्मीदें थीं और उन्होंने निराश नहीं किया। उन्होंने अपने शुरुआती 16 टेस्ट मैच में नौ बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए और सबसे तेज 300 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने छोटे प्रारूपों में भी अपनी योग्यता साबित की है। उन्होंने 116 एकदिवसीय मैचों में 156 विकेट जबकि 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 72 विकेट लिए हैं।



## जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को हुआ पांच रन का फायदा

**राजकोट।** भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ने से इंग्लैंड की टीम को 5 रन का फायदा हुआ है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में 5 रन का फायदा उस समय हुआ जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े, लेकिन जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनाल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिखे। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत 5 रन से की। नियम में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षति पहुंचाना अनुचित है।

# घरेलू चरण में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सामना करेगी महिला हॉकी टीम

**राउरकेला, एजेंसी**



भारतीय महिला हॉकी टीम सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं।

पहले मैच में चीन से मिली 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार गया। पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में टीम पिछड़ गई।

# भारतीय महिला टीम ने पदक सुनिश्चित किया, पुरुष टीम जापान से हारी

## ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सिंधू, अस्मिता और अश्विनी तथा तनीषा की युगल जोड़ी ने हांगकांग को हराया

**बीएटीसी**

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**





भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार गई।

चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारतीय पुरुष टीम ने साहसिक प्रयास किया लेकिन नर्वस किदाम्बी श्रीकांत अंत में निर्णायक पांचवें मैच में हार गए। सिंधू ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की जोड़ी को हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर आसान जीत से भारत की जीत के साथ टीम के लिए कांस्य पदक पक्का किया। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

स्पर्धा में जापान की पुरुष टीम अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी, जिसमें दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नारोका तथा ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की 2021 विश्व चैम्पियन युगल जोड़ी मौजूद नहीं थी। लेकिन भारतीय पुरुष टीम के लिए यह मुकाबला कड़ा रहा। एचएस प्रणय को केंटो निशिमोटो से हार मिली, जिससे जापान ने 1-0 से बढ़त बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए केन्या मितसुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को पराजित कर भारत को मुकाबले में वापसी कराई। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने फिर कोको वाटानाबे को हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। एमआर अर्जुन व ध्रुव कपिला अपना मैच हार गए। उन्हें अकिरा कोगा और काजुकी शिबाटा से पराजय मिली और जापान ने स्कोर 2-2 कर दिया। अब जिम्मेदारी श्रीकांत के कंधों पर थी। उन्होंने केंटो मोमोटा से पहला गेम जीता लेकिन अगले दो गेम गंवा दिए और भारत मुकाबला हार गया।




# बॉलीवुड हलचल

## 'फाइटर' ने की 200 करोड़ की कमाई



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक और दीपिका की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज तीन हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म फाइटर ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

### जॉन अब्राहम ने दंगे का ट्रेलर किया लांच



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने हर्षवर्धन राणे की आने वाली फिल्म दंगे का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है। बॉलीवुड निर्देशक बिजॉय नांबियर फिल्म दंगे लेकर आ रहे हैं, जिसमें हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। दंगे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर को जॉन अब्राहम ने लॉन्च किया है। जॉन अब्राहम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दंगे का ट्रेलर साझा किया है। फिल्म दंगे कॉलेज के दो गुटों के बीच की तनातनी की कहानी है। हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट के अलावा फिल्म दंगे में निकिता दत्ता, टीजे भानू की अहम भूमिका है। फिल्म दंगे 01 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

## वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में पहला स्थान पाया है। वैलेंटाइन सप्ताह को चिह्नित करते हुए, आईएमडीबी ने दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स में से निर्धारित सप्ताह की 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट का अनावरण किया। इस सप्ताह सूची में शीर्ष त्रिप्ति डिमरी हैं, जिन्हें एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म में ज़ोया की भूमिका निभाते हुए, त्रिप्ति डिमरी ने ग्रे शेड वाले किरदार को चित्रित करके अपनी वर्सटाइल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म में त्रिप्ति ने अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति, संवाद अदायगी और शानदार लुक से दिल जीत लिया, जिससे वह आईएमडीबी सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। त्रिप्ति डिमरी के बाद शाहिद कपूर सातवें नंबर और भूमि पेडनेकर 23वें नंबर पर हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत हो गई है।

### कुछ रीत जगत की ऐसी है का अनुभव शानदार: सेजल

**मुंबई, एजेंसी।** जानी मानी चरित्र अभिनेत्री सेजल शाह का कहना है कि कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। नंदिनी की परवरिश उसके मामा और मामी ने की है, जिनका किरदार जगत रावत और सेजल साह ने निभाया है। सेजल शाह ने बताया, कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना शानदार अनुभव रहा। इस शो में आप सभी को शानदार क्रियेटिव वर्क देखने को मिलेगा।

## शोटाइम, फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा: इमरान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि उनकी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में है। हाल ही में शोटाइम का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें सिनेमा जगत के पर्दे के पीछे के दिलचस्प राज से पर्दा उठता हुआ नजर आ रहा है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शोटाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। इमरान ने शोटाइम में फिल्म निर्माता रघु खन्ना का किरदार निभाया है, जो कर्मशियल सिनेमा बनाता है। उन्होंने बताया, शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। फिल्म इंडस्ट्री में सुने-सुनाए किस्सों के बारे में लोग जानते है। इंडस्ट्री के बारे में लोगों को बहुत कम पता है। शो टाइम लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया से रूबरू कराएगा। शो टाइम की कहानी दिलचस्प है। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। फिल्म इंडस्ट्री में मुझे दो दशक हो गए हैं। मैंने इंडस्ट्री के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं। जब मुझे शोटाइम के लिय अप्रोच किया गया तो मैंने तुरंत हां कर दी। डिज़्नी+हॉटस्टार और धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं, हमने आप सभी को सुना है।

### शिवानी का गाना रील वाला लईका रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका शिवानी सिंह का गाना रील वाला लईका रिलीज हो गया है। गाना रील वाला लईका एक लड़की की ख्वाहिश का इजहार है, जिसमें लड़की को रील बनाने वाला लड़का पसंद आ जाता है। शिवानी सिंह ने इसी चाहत को अपने स्वरों से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में श्वेता शर्मा उस लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं, जिससे रील वाला लईका यानी मैंगो मैन पसंद आ गया है। गाना रील वाला लईका के गीतकार अजीत मंडल है, जिन्होंने इस गाने के लिरिक्स को लिखा है और संगीतकार आर्य शर्मा है। इस गाने का निर्देशन वेंकट महेश ने किया है और क्रिएटिव डायरेक्टर नितेश सिंह है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम शर्मा ने की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

# रोज लगता जाम, नहीं कोई इंतजाम

## रामपथ को छोड़ शहर के हर पथ पर परेशान होते लोग, कई चौराहे जाम के हॉट स्पॉट

आज तक नहीं बनी विकसित हो रहे नगरीय क्षेत्र में सुचारू यातायात की सुदृढ़ योजना

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी से जुड़ा शहर फैजाबाद रोज जाम से बिलबिलाता है। रामपथ को छोड़ कर शहर के हर क्षेत्र में जाम के सकंट से लोग जूझ रहे हैं। तेजी से विकसित हो रहे नगर में तीन दशकों बाद भी जाम से निजात की कोई ठोस योजना ही नहीं बनी। यह अलग बात है बीच-बीच में अभियान चला कर प्रशासन द्वारा फौरी तौर पर राहत देने की कवायद जरूर की जाती रही है। रोजाना के जाम की तस्वीर जिम्मेदारों के सामने लाने के लिए शुक्रवार को 'अमृत विचार' की टीम ने सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक विभिन्न चौराहों और मार्गों पर 'लाइव ड्राइव' चलाया गया। इस दौरान मोदहा, नाका और फतेहगंज समेत चौक इलाकों में जाम की भयावह तस्वीर दिखी। जाम में फंसे लोग जिम्मेदारों को कोसते रहे। बच्चों को स्कूल से लेकर लौट रहे अभिभावक हों, नौकरीपेशा या ई-रिक्शा पर सवार जाम में फंसी महिलाएं। सभी का कहना था कि बहुत अच्छा लगता है बदलती अयोध्या देख कर लेकिन जाम के इस कोढ़ से भी छुटकारा मिलना चाहिए।



बड़ा मुद्दा

मोदहा रेलवे क्रासिंग बंद, फंसे लोग दिखे परेशान। अमृत विचार



रीडगंज देवकाली रोड पर ओवरब्रिज के निकट लगा जाम। अमृत विचार

### जाम का हॉट स्पॉट बनी रीडगंज से देवकाली रोड

छह महीने से रीडगंज से देवकाली रोड जाम का नया हॉट स्पाट बन गई है। ओवरब्रिज के निकट सीवर लाइन की अनवरत खोदाई और बैरिकेडिंग के चलते इस रोड पर भी आधा से एक घंटे का जाम लोगों को झेलना पड़ रहा है। इस मार्ग पर सीवर लाइन को लेकर तीन जगह रोड खोद दी गई। धूल मिट्टी के गुबार के बीच रोज जाम इधर से आने वालों के लिए संकट बना हुआ है। तीन दिन पहले रीडगंज चौराहे पर भी खोदाई कर दी गई। स्थिति यह बन गई है ओवरब्रिज से रीडगंज चौराहे तक पहुंचने में ही लोगों का एक से डेढ़ घंटा बर्बाद हो जा रहा है।

### आधे घंटे नहीं दो - दो घंटे लगता मोदहा क्रॉसिंग पर जाम

**शुक्रवार करीब 11 :30 बजे मोदहा रेलवे क्रॉसिंग इंजन शटिंग के चलते बंद रही।** दोनों ओर आधा - आधा किलोमीटर वाहनों की लाइन लगी थी। ई-रिक्शा, बाइक, कार वाले दोनों ओर फंसे बिलबिला रहे थे। घड़ी की सुई 12 पर पहुंच गई स्थिति जस की तस। जाम ऐसा कि बीच में फंसे लोग वापस भी नहीं जा सकते। दोपहर 12 :30 बजे तक क्रॉसिंग बंद की बंद रही। एक घंटे तक लोग बेहाल और बेबस दिखे।



रोज इधर से आना - जाना होता है। डेढ़ से दो घंटे बर्बाद हो जातें हैं। प्रशासन ओवरब्रिज की बात तो करता है, उसके पहले रेलवे को दिशा-निर्देश तो दिया जाना चाहिए। **-अनुराग पांडेय, नागरिक**



अक्सर दो घंटे यहां जाम लगता है। न कोई व्यवस्था है न ही सोच। अक्सर हमें बाइपास से घूम कर जाना पड़ता है। तेल और समय दोनों बर्बाद होता है।
**- विशाल गुजराती, नागरिक**



मोदहा जाम फेमस है। घंटों जाम से न कोई ग्राहक आ पाता है न ही दुकान चलती है। चौराहे से आगे तक गाड़ियों का रेला लग जाता है। बहुत परेशानी है।
**-शहजादे , दुकानदार**



जाम से दुकानदारी प्रभावित हो रही है। दो घंटे का जाम सामान्य है। ओवरब्रिज में दुकान भी चली जाएगी, भविष्य में क्या होगा सोच कर परेशान हैं।
**-रौशन कुमार, दुकानदार।**

### नगर विधायक बोले -

## मुख्यमंत्री के सामने रखी है समस्या, जल्द होंगे उपाय



नगर में जाम की स्थिति को नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गंभीरता से लिया है। अमृत विचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह एक विकट समस्या है। कुछ दिनों पहले आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष यह मामला उठाया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री से जाम की समस्या के स्थाई समाधान पर लंबी बातचीत हुई है और मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है रामलला के दर्शन के लिए आ रहे श्रद्धालुओं के दर्शन के बाद इस पर निर्देश दिए जाएंगे। विधायक ने बताया कि प्रयास किया जाएगा कि ऐसी यातायात व्यवस्था बने जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से जाम बड़ी समस्या है और इस पर कार्य जल्द शुरू होगा। शीघ्र ही वह खुद अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर व्यापारी समाज को साथ लेकर बैठक करेंगे।

### न बाबा नाका नहीं जाना, जंजाल बना है जाम

**शुक्रवार 12 :30 बजे। नाका बाइपास - सुल्तानपुर, लखनऊ, बस्ती और फतेहगंज रोड ब्लॉक।** बाइक, गाड़ियों का रेला और बीच में घुसे ई-रिक्शा। नतीजा जाम में फंस कर बेहाल लोग इधर-उधर से रास्ते की तलाश में जूझते रहे। चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी व्यवस्था को दुरुस्त करने में सीटी पर सीटी बजाते रहे। नाका बाइपास पर जाम का मतलब आम नहीं बल्कि खास है। इधर रोजाना के वीवीआईपी मूवमेंट ने जाम को और बढ़ा दिया है। यहां रोज डेढ़ -दो घंटे तक जाम लगा रहता है।



यहां रोज जाम की दिक्कत है। एयरपोर्ट पर जबसे वीआईपी मूवमेंट शुरू हुआ है तबसे दिक्कत बढ़ गई है। प्रशासन को सोचना चाहिए कि लोगों को दिक्कत न हो।
**- अचित त्रिपाठी, नागरिक**



जाम की समस्या कमोबेश हर जगह है। यहां कुछ ज्यादा ही हो गई है। लोगों को भी यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। तभी दिक्कतें दूर होगीं।
**- ब्रजेश यादव, नागरिक**



कोई भी वीआईपी आता है आधा घंटा पहले यातायात बंद हो जाता है। दो घंटे तक पूरा चौराहा जाम की गिरफ्त में रहता है। प्रशासन को अलग मार्ग की व्यवस्था करनी चाहिए। **-श्रीकांत सचदेवा, दुकानदार।**

### चौक में जाम तो फतेहगंज - रिकाबगंज तक फंस जाता अवाम

शहर के हृदय स्थल चौक में जाम लगता है तो फतेहगंज - रिकाबगंज और रीडगंज समेत गुदड़ीबाजार तक लोग फंस जाते हैं। यहां पहले जमुनिया बाग में खोदाई की गई अब घंटाघर के निकट भारी-भरकम मशीन लाकर खोदाई। नतीजा पहले थोड़ी राहत थी अब ऐसा जाम कि पैदल निकलना भी मुश्किल। चौक आने वाले ई-रिक्शा घंटाघर के पहले सवारी छोड़ देते हैं। नतीजा महिलाओं को पैदल जाना पड़ता है। यहां बूथ पर पुलिस कर्मियों की तैनाती है लेकिन तमाम डंडा फटकार कवायद के बाद भी एक बार लगा जाम आधे से 45 मिनट बाद ही खुलता है। परेशान लोग सिर्फ झुंझला कर रहे जाते हैं।

### शहर में जाम के प्रमुख स्थल

- मोदहा रेलवे क्रॉसिंग
- चौक घंटाघर
- नाका और रायबरेली बाईपास
- फतेहगंज चौक मार्ग
- रिकाबगंज चौक रोड
- रीडगंज से देवकाली रोड
- एसएसपी कार्यालय से जिला पंचायत रोड
- मंडलायुक्त आवास से सहादतगंज चौराहा रोड
- रिकाबगंज चौराहे से सिविल लाइंस रोड

### 198 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के भरोसे यातायात व्यवस्था

तेजी से बढ़ती आबादी, वाहनों की तादात और बदलते शहर की यातायात व्यवस्था जस की तस है। तीन दशक से ऊपर हो गए अभी तक सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए कोई मास्टर प्लान ही नहीं सामने आया। नगर की ट्रैफिक व्यवस्था में कुल 198 यातायात पुलिस कर्मी तैनात बताए गए हैं, जबकि नगर क्षेत्र में दोपहिया और चार पहिया वाहनों की अनुमानित संख्या एक से डेढ़ लाख बताई गई है। यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला के अनुसार नगर में कुल 54 टीएसआई, 66 हेड कांस्टेबल और 78 कांस्टेबल की तैनाती की गई है। वर्तमान में इससे दुगने यातायात कर्मियों की आवश्यकता बताई जा रही है। इतना ही नहीं इनमें से भी अधिकतर ट्रैफिक पुलिस कर्मी वीआईपी ड्यूटी में तैनात रहते हैं। जिसके कारण सुचारू यातायात के लिए दुरुह स्थिति उत्पन्न हो जाती है।



### रंग ला सकती है मंडलायुक्त की पहल



चौक क्षेत्र में जाम से राहत के लिए मंडलायुक्त गौरव दयाल की ओर की गई मल्टीप्लेक्स पार्किंग की व्यवस्था भविष्य में राहत दे सकती है। बीते दिनों मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी नीतीश कुमार के साथ भ्रमण कर पुराने प्राधिकरण कार्यालय के निकट पार्किंग के लिए योजना बना मूर्तरूप देने के लिए निर्देश दिया है। यहां चौक क्षेत्र में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण को पहले ही आदेश दिया जा चुका है। उम्मीद है कि शीघ्र ही इसका निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्राधिकरण सूत्रों के अनुसार यह मंडलायुक्त की शीर्ष प्राथमिकता में से एक है।

"रामपथ का निर्माण लगभग पूरा होने के चलते, मुख्य मार्ग पर आवागमन सुचारू हो गया है। शहर क्षेत्र में सीवर और मकबरा व शांति चौक के बीच निर्माण कार्य के चलते जाम की समस्या सामने आ रही। सभी क्षेत्रों पर नजर है जाम से निजात के इंतजाम किए जा रहे हैं।"
**-अयोध्या प्रसाद सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात**

# शांति पूर्ण माहौल में 129 छात्रों ने दी परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 10 वीं की बोर्ड परीक्षा शुक्रवार को यहां शांतिपूर्ण माहौल में हुई। जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर हुई फिजिकल ट्रेनी और कृषि विषय में कुल 129 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी।

अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु गुप्त ने बताया की फिजिकल ट्रेनी विषय की परीक्षा में यश विद्यामंदिर के 89 छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। परीक्षार्थी निर्धारित समय 10 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंच गए थे। उनकी तलाशी के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया। जेबी अकादमी के परीक्षा अधीक्षक सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि कृषि विषय की परीक्षा में आश्रम पद्धति के 40 छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण परीक्षा दी। निर्धारित समय 10 बजे तक पहुंचे परीक्षार्थियों को तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान सभी ने सहयोग दिया। सीबीएसई के जिला समन्वयक अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीबीएसई के पर्यवेक्षक की निगरानी में हुई परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों ने पूरा सहयोग दिया। जिले में सोमवार को 12 वीं की हिंदी विषय की परीक्षा सभी परीक्षा केंद्रों पर होगी।

# दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा आज से

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर भर्ती के लिए दो दिवसीय 17 और 18 फरवरी को लिखित परीक्षा शनिवार को शुरू होगी। जिले में 75, 600 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। प्रत्येक दिन दो पालियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए शहर से लेकर देहात तक कुल 38 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं । प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट और इनके साथ पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा की शुचिता के लिए कड़े प्रावधान के साथ विभिन्न निगरानी एजेंसियों को सक्रिय किया गया है।

### दो घंटे पहले पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। दोनों दिन पहले पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से पांच बजे के बीच संपन्न होनी है। परीक्षा की शुचिता के लिए इस बार आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके तहत अभ्यर्थियों को फिंगरप्रिंट, फेस रिकॉग्निशन, आयरिश स्कैन के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने दिया जाएगा। जिसको लेकर अभ्यर्थियों को हिदायत दी गई है कि वह दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचे। इसके साथ ही भर्ती बोर्ड की ओर से केंद्र व्यवस्थापकों को हिदायत दी गई है की परीक्षा शुरू होने के आधा घंटे पूर्व अभ्यर्थियों का प्रवेश रोक परीक्षा केंद्र के दरवाजे बंद कर दिए जाएं।

परीक्षा केन्द्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ सहायक और कक्ष निरीक्षक के रूप में बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं प्रशासन की ओर से नकल विहीन परीक्षा के लिए पांच उड़न दस्ते भी गठित किये गये हैं। एसपी सिटी मधुबन सिंह को नोडल बनाया गया है।परीक्षा के प्रशासनिक नोडल अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों को निर्देश का कड़ाई से पालन करने और निर्धारित समय से अपने परीक्षा केंद्र पहुँचने की अपील की है।

- जिले में 75, 600 अभ्यर्थी बनाये गए 38 परीक्षा केंद्र

### गलत उत्तर पर कटेगा अंक, गैजेट प्रतिबंधित

आरक्षी भर्ती परीक्षा में गलत उत्तर देने पर आधा अंक कटेगा। अभ्यर्थियों को भर्ती बोर्ड के वेबसाइट से डाउनलोड प्रवेश पत्र के साथ दो रंगीन फोटो और पहचान का वैध प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि लेकर आने को कहा गया है। साथ ही ओएमआर शीट पर गोले को भरने में इस्तेमाल होने वाले काले या नीले बालपन के अतिरिक्त पर्स, मोबाइल, केलकुलेटर, चाबी, ब्लूटूथ, स्मार्ट घड़ी, इयरफोन समेत अन्य चीज परीक्षा केंद्र में लानी प्रतिबंधित की गई है।

## विशिष्ट जनों को रामलला के दर्शन कराने के लिए अधिकारी तैनात

**अयोध्या, अमृत विचार :** 19 फरवरी को आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यहां आ रहे विशिष्ट जनों और उधोगपतियों को रामलला के दर्शन कराने के लिए जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने 25 राजपत्रित अधिकारियों को लगाया गया है। प्रथम पाली में 13 और द्रितीय में कुल 12 अधिकारी लगाए गए हैं। इसके लिए कलेक्ट्रेट सभागार नवीन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जहां 20 फरवरी तक नियुक्त अधिकारी विशिष्ट जनों के भ्रमण और रामलला के दर्शन के लिए जिम्मेदारी निभायेंगे। जिलाधिकारी ने 19 व 20 को सभी तैनात अधिकारियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं।

कवायद

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट वाहनों के संचालन की कर रहा तैयारी, पांच इलेक्ट्रिक वाहन ट्रस्ट को किए गए समर्पित

# इलेक्ट्रिक वाहन से राम मंदिर तक पहुंचेंगे वृद्ध और दिव्यांगजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मन में रामलला के दर्शन की अभिलाषा लेकर यहां आने वाले वृद्ध और दिव्यांगजनों को मंदिर तक जाने के लिए अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनको सहूलियत और सुविधा के साथ मंदिर तक पहुंचाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से इलेक्ट्रिक वाहन चलाने की तैयारी की जा रही है। ये वाहन सुग्रीव किला से राम मंदिर तक चलाए जाएंगे। पांच इलेक्ट्रिक वाहन शुक्रवार को ट्रस्ट को समर्पित किए गए। कुछ ही दिनों में इन वाहनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।





ट्रस्ट के महासचिव को इलेक्ट्रिक वाहन की चाबी सौंपते बैंक के अधिकारी।

अतिवृद्ध व दिव्यांगों को बिना किसी असुविधा के मंदिर तक पहुंचाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अब तक 12 इलेक्ट्रिक वाहन प्राप्त हो चुका है। इसी क्रम में शुक्रवार को कारसेवकपुरम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने टूरिस्ट वाहन के रूप में पांच बैट्री संचालित गोल्फ कार्ट ट्रस्ट महासचिव चंपत राय को समर्पित किए हैं। कारसेवकपुरम में ट्रस्ट महासचिव व अन्य लोगों ने इलेक्ट्रिक वाहन का टेस्ट ड्राइव भी किया है। ट्रस्ट के अनुसार कुछ दिनों में एक योजना के तहत इन वाहनों का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा।

विश्वहिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। जो भी भक्त दर्शन के लिए यहां आ रहे हैं, उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराना सभी का दायित्व है। उन्होंने बताया कि अब तक 12 इलेक्ट्रिक वाहन ट्रस्ट को प्राप्त हो चुके हैं।

### चलने में असमर्थ लोगों को मिलेगी सुविधा

रामलला के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को चलने में असुविधा होने पर वाहन की सुविधा मिलेगी। विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि चलने में असमर्थ वृद्ध और दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए राम मंदिर तक पहुंचाया जाएगा। यह वाहन सुग्रीव किला से राम मंदिर तक ही संचालित किए जाएंगे।

## सार-संक्षेप



खो-खो विजेता नवल्स अकादमी की टीम। अमृत विचार

### बालिका में नवल्स व बालक में आइएसल टीम विजेता

**अयोध्या, अमृत विचार :** नवल्स नेशनल एकेडमी में शुक्रवार को बालक व बालिका खो-खो मैच खेला गया। इसमें बालिका वर्ग में नवल्स एकेडमी और बालक वर्ग में आइएसएल की टीम विजेता रही। अकादमी प्रधानाचार्या अपूर्वा चतुर्वेदी ने दोनों विद्यालयों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या ने आईएसएल की अध्यापिकाओं को स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस मौके पर अकादमी की शिक्षिकाएं व बच्चे टीम खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे।

### आईओएई की गैस्ट्रो अपडेट कांफ्रेंस कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस इंडोस्कोपी (आईओएई) की ओर से रविवार 18 फरवरी को अयोध्या गैस्ट्रो अपडेट-2024 कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या में यह दूसरी कॉन्फ्रेंस सिविल लाइंस स्थित एक होटल में होगी। इसका पूरा फोकस ईयूएस, ईआरसीपी और क्लोनजियोस्कोपी पर रहेगा। इसमें फील्ड के कई अनुभवी चिकित्सक नई-नई टेक्नॉलाजी के बारे में बताएंगे। आईओएई अयोध्या के चेयरमैन डॉ. रजनीश वर्मा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में अयोध्या के ही नहीं बल्कि देश के कई चिकित्सक शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस में आईएमए अयोध्या की अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पांडेय का सहयोग मिला है।

### आज नहीं 20 को होगा तहसील दिवस

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश शासन की ओर से शनिवार को होने वाला तहसील दिवस स्थगित कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 17 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा और 19 फरवरी को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के कारण तहसील दिवस अब तहसील दिवस 20 फरवरी मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। इसके तहत डीएम नीतीश कुमार की ओर से भी शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है।

### भाकियू ने जताया सांकेतिक विरोध

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से भारत बंद के आह्वान को लेकर शुक्रवार को भाकियू टिकैट गुट के कार्यकर्ताओं ने अरकुना में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि आंदोलन को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय सूचना नहीं है। इस अवसर पर दशरथ सिंह, मेवा लाल, आरएस सरोज, प्रेम शंकर, मातादीन, राकेश कुमार सहित कई मौजूद रहे।

## एक नजर

### मवई ब्लॉक में चलेगा जागरुकता अभियान

मवई, अयोध्या। पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे और खुले में शौच मुक्त अभियान फेस-दो के तहत ब्लॉक मवई परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लगातार सभी 51 ग्राम पंचायतों में भी होगा। बीडीओ मवई अनुपम वर्मा और एडीओ पंचायत अजय कुमार तिवारी ने शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर वाहनों को ग्राम पंचायतों में रवाना किया। एडीओ पंचायत अजय कुमार तिवारी, एपीओ राकेश गुप्ता, मनरेगा लेखाकार शुभम सिंह आदि मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट में युवक को 10 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय। छह वर्षीय बालिका को बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक मुकेश को कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 5000 जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नूरी अंसार की अदालत से शुक्रवार को हुआ।विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद सिंह तथा आशीष द्विवेदी ने बताया कि घटना पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की छह फरवरी 2017की है।

### वैवाहिक कार्यक्रम से बाइक चोरी

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मलेथू बुजुर्ग में एक वैवाहिक कार्यक्रम से बाइक चोरी हो गई। भुक्तभोगी ने इनायत नगर पुलिस को तहरीर दी है। बताया गया कि हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम चिखड़ी निवासी आसाराम पुत्र भगौती प्रसाद बगल के गांव मलेथू बुजुर्ग निवासी अजय सिंह के बेटे के प्रीतभोज में निमंत्रण में गया था। जहां मोटरसाइकिल चोरी हो गई। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी रजनीश पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# राम मंदिर व हनुमान गढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण

## नवनियुक्त एडीजी जोन ने लिया सुरक्षा व व्यवस्था का जायजा, की बैठक

अयोध्या कार्यालय



रामनगरी में सुरक्षा व व्यवस्था का पैदल जायजा लेते एडीजी जोन।

**अमृत विचार :** राम मंदिर व हनुमान गढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। अयोध्या में बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर प्रशासन के सहयोग से पहले ही कार्ययोजना बना ली गई थी। समय-समय पर इसमें और बेहतरी के लिए सुझाव आते रहे हैं और उन सुझावों को समयानुसार समाहित किया जाता है। प्रदेश को अपराध मुक्त बनाना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। इसमें सरकार व पुलिस विभाग सफल रहा है। पुलिस विभाग इसके लिए कार्यरत है और आगे भी कार्यवाही होगी।

ये बातें शुक्रवार को लखनऊ जोन के नवनियुक्त अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी)अमरेन्द्र सेंगर ने कहीं। उन्होंने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद राम जन्मभूमि और हनुमान गढ़ी परिसर की सुरक्षा संबंधित जानकारी लेने के लिए आया हूँ। कहा कि जो भी सुरक्षा व्यवस्था संबंधित बदलाव किए जाने हैं, उसका रोड मैप पहले से ही बना हुआ है। इनमें से कई क्रियान्वित हो गए हैं और कई व्यवस्थाओं को आने वाले समय में क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने शुक्रवार को जन्मभूमि पथ व भक्ति पथ के साथ राम पथ पर अधिकारीयों के साथ पैदल भरमण कर सुरक्षा और व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया और मातहत अधिकारियों से भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, रुट डाइवर्जन तथा सुचारु आवागमन के साथ सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर, एसपी सुरक्षा,एसएसएफ समेत अन्य सुरक्षा बलों तथा खुफिया एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बैठक कर ली सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी

नियुक्त के बाद पहली बार गुरुवार देर शाम यहां पहुंचे एडीजी लखनऊ जोन अमरेंद्र सेंगर ने परिसर स्थित एसपी सुरक्षा कार्यालय के बैठक कक्ष में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में तैनात पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के अधिकारियों के साथ बैठक की। राम मंदिर व परिसर की सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं की सहूलियत और सुविधा को लेकर किए गए इंतजाम की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार तथा सम्यक आचरण का निर्देश दिया।

# तीन महीने से नहीं मिली मजदूरी धरने पर बैठे मनरेगा श्रमिक



ब्लॉक मुख्यालय पर धरना देतीं महिला मजदूर।

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : तीन महीने से मजदूरी न मिलने से नाराज मजदूरों ने शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर धरना देकर विरोध जताया। समय से भुगतान दिलाने की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। मनरेगा मजदूर निशा, कुसुमा, संगीता, सुशीला, श्यामकली, अनीता, सावित्री, राम चंदर, पवन कुमार सहित कई मजदूरों का आरोप है कि पहले समय पर मजदूरी मिलने से परिवार की खर्च चल जाता था। अब प्रधान की ओर से काम तो करा लिया जाता है लेकिन मजदूरी के नाम पर प्रधान हाथ खड़ा कर देते हैं। तीन महीने से मजदूरी न मिलने के कारण आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों का कहना है कि जब तक बकाया मजदूरी नहीं मिल जाती है तब तक वह मनरेगा कार्य का बहिष्कार करेंगे। खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार मौर्या ने बताया कि नवंबर माह से मनरेगा मजदूरों के लिए कोई धनराशि आवंटित नहीं हुई है। ऐसे में उनको मजदूरी कोई प्रधान कहां से दे पाएगा। जैसे ही धन आवंटित होगा, सभी को वरीयता के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

# हमले में दो युवकों को चार साल की सजा

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** घर पहुंचाने के लिए दिए गए 2000 रुपये वापस मांगने पर हमला करने के मामले में दो युवकों पहाड़पुर मुकीमपुर थाना इनायत नगर निवासी शैलेंद्र व सद्दन को चार-चार साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रत्येक पर 2000 का जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला अपर जिला जज अमित कुमार पांडेय की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश कुमार तिवारी व सुधाकर मिश्रा ने बताया कि पहाड़पुर मुकीमपुर थाना इनायत नगर निवासी सुशील हरियाणा प्रांत के प्लाईवुड फैक्ट्री में साथ काम करता था। उसने हरियाणा में अपने ही गांव के शैलेंद्र को 2000 रुपये घर पहुंचा देने के लिए दिए थे। शैलेंद्र ने रुपये सुशील के घर नहीं दिए। जानकारी होने पर सुशील ने पैसे वापस मांगे तो शैलेंद्र व सद्दन ने उस पर लाठी से हमला कर दिया था। इसकी रिपोर्ट सुशील के पिता ने दोनों के खिलाफ अपराधिक मानव वध के प्रयास की धारा में लिखाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा दी।

# 46 दिनों में महज 775 किसानों का ही पंजीयन

**अयोध्या, अमृत विचार :** गेहूं बिक्री करने के लिए एक जनवरी से चल रहे पंजीयन में अब तक मात्र 775 किसानों का ही पंजीयन हुआ है। गेहूं बिक्री करने वाले किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर पंजीकृत हो रहे हैं। इस वर्ष कृषकों को 150 रुपये प्रति क्विंटल की दर से ज्यादा लाभ मिलेगा। जिला विपणन अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष क्रय केंद्रों पर 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं अनाज क्रय होगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 150 रुपये प्रति क्विंटल अन्नदाताओं को ज्यादा मिलेगा। गेहूं विक्रय के पूर्व पंजीकरण का नवीनीकरण कराते हुए किसान समर्थन मूल्य से लाभान्वित होंगे।

# विश्वविद्यालय व कॉलेज के विकास में कर्मियों की अहम भूमिका

पूराबाजार, अयोध्या

**अखिल भारतीय कॉलेज व विवि कर्मचारी संघ की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शुरू**





डॉ. रामप्रसन्न महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार को सम्बोधित करते महापौर।

**अमृत विचार :** प्रशासनिक कर्मचारी कॉलेज के कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी भी शैक्षणिक संस्थान का विकास उनकी सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करता है। समन्वय से ही विश्वविद्यालय और कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ती है। ये बातें मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहीं। वो डॉ.रामप्रसन्न मणिराम महाविद्यालय सरायराशी में अखिल भारतीय कॉलेज एवं विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कॉलेज एवं विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष डॉ. आरबी सिंह ने कहा कि कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी इमारत, प्रयोगशालाओं पुस्तकालयों एवं अन्य सुविधाओं सहित परिसर के बुनियादी ढांचे के रखरखाव और विकास कार्यों पर निगरानी रखते हुए बेहतर माहौल प्रदान करते हैं। कर्मचारी शैक्षिक उन्नयन की धुरी है। मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति बीके बिड़ला, निदेशक डॉ. नरेशचंद ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर नवाबगंज गोंडा के ब्लॉक प्रमुख करण भूषण सिंह ने कर्मचारियों एवं छात्रों के संबंधों पर विस्तार से चर्चा की। कहा एकजुटता से ही महाविद्यालय का विकास संभव है। बैठक में उच्च शिक्षा के विकास और प्रशासनिक कर्मचारी और उनके संगठनों की भूमिका पर आयोजित सेमिनार में कई जिलों के प्रतिनिधि जुटे हैं। अध्यक्षता ग्राम प्रधान अनीता सिंह व स्वागत डॉ. आरबी सिंह तथा संचालन डॉ. राकेश मणि त्रिपाठी ने किया। ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रणधीर सिंह लाला, पूर्व प्राचार्य शीतला प्रसाद सिंह, डॉ. शिव बक्श सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह, भाजपा नेता अभिषेक सिंह, महानगर मंत्री स्वाति सिंह विश्वविद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेवा बहाली के लिए राघव सरकार के दरबार में तदर्थ शिक्षक

अयोध्या कार्यालय

**साकेत से पैदल मार्च कर पहुंचे मंदिर,रामलला को सौंपी अर्जी**





सेवा बहाली की अर्जी लगाने के लिए साकेत से रवाना होते तदर्थ शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कई वर्षों तक अध्यापन सेवा के बावजूद सरकार की ओर से सेवा से हटाए गए प्रदेश सरकार से सहायता प्राप्त शासकीय माध्यमिक विद्यालयों के तदर्थ शिक्षकों ने शुक्रवार को माध्यमिक तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले साकेत महाविद्यालय से रामलाल के दरबार तक नंगे पैर पैदल मार्च किया। भाजपा के झंडे और तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति की भगवा टोपी लगाए इन शिक्षकों ने राघव सरकार सुनो हमारी अर्जी, सरकार सेवा में बहाल करे,बहाल करे की नारेबाजी करते हुए राम जन्म भूमि परिसर पहुंचे और चार सूत्री मांग पत्र की अर्जी राघव सरकार को सौंपी। मुख्य पुजारी से अर्जी को कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री को भिजवाने का अनुरोध किया। मार्च में आसपड़ोस के जनपदों समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के सेवा से हटाए गए शिक्षक शामिल रहे।

अर्जी में प्रदेश भर के पूर्व शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने 20 से 25 वर्षों तक अध्यापन किया और राजकोष से वेतन भत्ते आदि हासिल करते रहे। शासनादेश के तहत 9 नवंबर 2023 तक का वेतन भुगतान के बाद सभी को एक झटके में सेवा से हटा दिया गया। मांग रखी है कि राजकोष से वेतन हासिल कर रहे ऐसे सभी शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा अधिनियम की धारा 33 (छ) की उप धारा 8 का विलोपन करते हुए इसमें 33 (ज) जोड़कर शिक्षकों के विनियमितिकरण का अध्यादेश पारित किया जाए। साथ ही सरकार ने 30 सितंबर 2000 को मानदेय एवं न्यूनतम दो शैक्षणिक सत्र के आधार पर विषय विशेषज्ञों तथा रिजर्व पूल टीचर आमेलन अधिनियम 1982 की धारा 21 ए व 21 बी के तहत 9 जनवरी 1978 से 19 जनवरी 1978 तक अध्यापन करने वाले शिक्षकों का विनियमितीकरण किया था, इसी तरह हम शिक्षकों को भी नियमित किया जाए। ज्ञापन पर अनिल सिंह राना, दीपक मिश्रा, प्रभात कुमार तिवारी, सुशील कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार, राजकुमार पांडेय,कुलदीप सिंह समेत अन्य के हस्ताक्षर हैं।

# धोखाधड़ी में तीन पर केस

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** धोखाधड़ी कर तीन बार बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने वाले बाराबंकी के तीन लोगों पर थाना पटरंगा में धारा मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त शाखा डिलवल के प्रबंधक संगमलाल के अनुसार ग्राम पतुलकी थाना दरियाबाद तहसील रुदौली के ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह और बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कृषि योग्य भूमि के चार खातों पर दो लाख 50 हजार रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड तथ्यों को छुपा बनवा लिया है।इसके पहले ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह और बृजेंद्र प्रताप सिंह ने एक अक्टूबर 2009 को बैंक ऑफ इंडिया भटौली शाखा से दो-दो लाख और उससे पहले बैंक ऑफ इंडिया शाखा घटौली से 2 जनवरी 2010 को पांच पांच लाख का किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लिया।तीनों भाइयों ने बैंक अधिकारियों कर्मचारियों को धोखे में रखकर किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लिया और बैंक का धन हड़प लिया है। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया की न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम के न्यायालय के आदेश पर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम पतुलकी थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### सिन्धु एकता मंच का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 13 जुलाई से



सिन्धु एकता मंच के पदाधिकारियों स्वागत करते ओमप्रकाश ओमी व हरीश सावलानी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** सिन्धु एकता मंच का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन 13,14 व 15 जुलाई को अयोध्या में होगा। जिसमें देश विदेश के तीन सौ प्रतिनिधि शामिल होगें सम्मेलन मे सिंधी समाज के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। जिसकी तैयारी के लिए महाराष्ट्र के पूना से शुक्रवार को आये मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कोटवानी का स्वागत उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी व युवा समाजसेवी हरीश सावलानी ने रामनामी दुपट्टा ओढ़ाकर किया।उनके साथ वाराणसी से आये मंच के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजय सत्या,ऐशीराम हरजाडी, मोती लाल चुभवानी का भी दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

### पुनीत लेखपाल संघ के अध्यक्ष व सौरभ मंत्री बने



सदर तहसील सभागार में नव निर्वाचित पदाधिकारी व अन्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की ओर से शुक्रवार को तहसील सदर सभागार में जिलाध्यक्ष अमरनाथ पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। संचालन करते हुए जिला मंत्री सत्यनारायण त्रिपाठी ने बताया कि नई कार्यकारिणी में पुनीत सिंह को अध्यक्ष और सौरभ पांडेय को मंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शिवदर्शन वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष देश दीपक, उप मंत्री पूजा वर्मा और आडीटर विजय निषाद चुने गए। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभी ने संघ के नियमों के अनुसार जिम्मेदारी निर्वहन का संकल्प लिया।

### पर्स व नकदी खोज पुलिस ने श्रद्धालुओं को किया वापस

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला का दर्शन-पूजन करने गई ममता पांडे पत्नी अरुण कुमार पांडे निवासी जनकपुरी कॉलोनी कोतवाली अयोध्या का पर्स दर्शन के दौरान परिसर में कहीं गिर गया था। ड्यूटी पर तैनात महिला थाना प्रभारी मंजू देवी ने खोया पर्स खोजवाया। पर्स में मिली पर्ची पर लिखे मोबाइल नंबर पर फोनकर पीड़ित महिला को बुलाया तथा पर्स महिला के हवाले कर दिया। वहीं हनुमानगढ़ी पर दर्शन के दौरान दक्षिण प्रान्त के एक श्रद्धालु का पर्स कहीं गुम हो गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने गायब पर्स को खोजवा श्रद्धालु के हवाले किया है।

### हादसे में युवक घायल, भर्ती

**अयोध्या, अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र निवासी एक बाइक सवार युवक हादसे में घायल हो गया। कुमारगंज थाना क्षेत्र के गांव मरूई गणेशपुर निवासी रामभवन(28) पुत्र नन्हकऊ को शुक्रवार को उसकी मां सीतापति ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सीतापति का कहना है कि घर से बाइक से निकला बेटा सुबह 11 बजे हादसे में घायल हो गया था। सीएचसी से रेफर किये जाने के बाद यहां भर्ती कराया है।

### आत्मघात रोधी दक्षता वर्तमान में सामयिक आवश्यकता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मनोस्वास्थ्य जागरूकता का अभाव, परिस्थितियों से अनुकूलन की क्षमता में कमी तथा दुनिया को केवल काले और सफेद में देखने की मनोवृत्ति आत्महत्या के लिये प्रमुख रूप से जिम्मेदार है। यह बातें जिला चिकित्सालय के मनोपरामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन ने परमहंस महाविद्यालय में सिफ्प्सा क्यू क्लब प्रायोजित आठ दिवसीय मनो कार्यशाला के समापन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि आत्महत्या के विचार पहले पैसिव रूप में आते है। इस मौके पर फर्स्ट एड की जिम्मेदारी सुसाइड प्रिवेंशन स्किल ट्रेनिंग सत्र राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं को प्रशिक्षित किया गया। अध्यक्षता क्यू क्लब के नोडल ऑफिसर प्राचार्य डॉ. सुनील तिवारी,संयोजन डॉ. अमरजीत पाण्डेय द्वारा किया गया।

### सभी से लेनी है लाभ की जानकारी : क्षेत्रीय महामंत्री

**अयोध्या, अमृत विचार :** लाभार्थियों से संपर्क व संवाद अभियान को लेकर भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित की गई। अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलना है और 1, 2 व 3 मार्च को विशेष अभियान आयोजित किया जाना है। इसके लिए महानगर का अरविंद सिंह और जिले का धर्मेन्द्र सिंह को संयोजक बनाया गया। क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी लाभार्थियों से संपर्क कर सरकारी योजनाओं के लाभ और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से उनके जीवन में परिवर्तन की चर्चा करेंगे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, कमला शंकर पाण्डेय व विशाल सिंह बाबा सहित कई मौजूद रहे।



पुरस्कृत डाक सेवकों के साथ अधिकारीगण।

## सीईएलसी प्रतियोगिता के विजेता ग्रामीण सेवक हुए पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या मंडलीय कार्यालय में शुक्रवार को सीईएलसी (चाइल्ड इनरोलमेंट लाइट क्लाइंट) के सितारे प्रतियोगिता के विजेता ग्रामीण डाक सेवकों को प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रवर डाक अधीक्षक ने कहा कि डाकघर की सेवाएं लाभदायक व सभी वर्ग को सामान रूप से जनता को सीधे आसानी से मिल जाती है। उन्होंने विजेता सत्यदेव, सूरज, अनुपमा, आशीष पटेल, राजेंद्र प्रसाद यादव, देवेन्द्र पाण्डेय, शम्भू पटेल सहित 18 ग्रामीण डाक सेवकों को पुरस्कृत किया। इस दौरान परिवाद निरीक्षक राजेश्वर दूबे, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, सहायक शाखा प्रबंधक पंकज पॉल, राघवेंद्र प्रताप सिंह, चांदनी वर्मा आदि मौजूद रहे ।

## मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित होगी रामपुर ग्रंट

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल विकास खण्ड की ग्राम पंचायत रामपुर ग्रंट को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए पंचायत को सभी योजनाओं से आच्छादित करने के लिए पंचायत द्वारा योजना का खाका खींचा गया है। यहां के प्रधान दुर्गा प्रसाद निषाद ने बताया कि पंचायत को स्वच्छता के साथ मनरेगा और अन्य योजनाओं के तहत पहले पायदान पर लाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। सहारा नाम से अभियान भी प्रारम्भ किया गया है। जिसके तहत निरंतर जरूरतमंद लोगों की मदद की जा रही है। खंड विकास अधिकारी भावना यादव ने बताया कि रामपुर ग्रंट के प्रधान की ओर योजनाओं को लेकर प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने बताया कि रामपुर ग्रंट में विकसित पंचायत के रूप में स्थापित करने के लिए विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

# रघुवंश समाज का संकल्प श्री राम महायज्ञ पूर्ण होने की ओर : चंपत राय

अयोध्या कार्यालय



श्रीराम महायज्ञ में मौजूद संत व ट्रस्ट के महासचिव। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रघुवंशी समाज की संकल्प शक्ति,अभूतपूर्व साहस एवं उत्साह से यज्ञ पूर्णता की ओर है। यह बातें शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कही। वे शुक्रवार को बड़ी छावनी में आयोजित हो रहे 2121 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के कथा मंच से धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे।

यज्ञ समिति की ओर से जगतद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी कामदगिरि पीठाधीश्वर चित्रकूट रामस्वरूपाचार्य ने ट्रस्ट महासचिव चंपतराय को शाल ओढ़ाकर से सम्मान किया। उन्होंने कहा कि रामलला का मंदिर एक व्यक्ति का नहीं बल्कि आप सबका है। अयोध्या में तीन हजार से अधिक मंदिर हैं लेकिन प्रभु राम ने जहां जन्म लिया है वह सिर्फ रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर है। जिसे संवैधानिक तरीके से प्राप्त किया गया है। कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने कहा कि संतान को मरते समय संपत्ति नहीं, बल्कि संस्कार देना चाहिए। बाली ने मरते समय अपने पुत्र अंगद को राज्य न सौंपकर,बल्कि राम के हाथ में सौंप दिया। जिसके कारण आज रामायण में अंगद श्रद्धा के पात्र हैं। इस दौरान बड़ा भक्तमाल के वयोवृद्ध महंत कौशल किशोर दास, सोनकच्छ से ब्रह्मचारी मनोहर दास, महंत रामकिशोर किशोर, कथा वाचिका रमाकिशोरी, कनकधाम के महंत श्यामदास, लखनदास छोटे बाबा, लालदास बाबा, पटेल बाबा सहित साधु- संत मौजूद रहे।

### आपसी विवाद में घर में घुस कर पीटा, रिपोर्ट

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गौहनिया गांव में रास्ते में पानी फेंकने से मना करने पर नाराज लोगों ने घर में घुसकर एक पक्ष को पीटा। पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया है। गौहनिया गांव निवासी सुनील कुमार वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि पिता जैसराज वर्मा ने पड़ोसी मंसाराम वर्मा को रास्ते में पानी फेंकने से मना किया। मंसाराम वर्मा नाराज हो गए और गालियां देने लगे। आरोप है कि अपने भाई शैलेश वर्मा, पत्नी शांति देवी, पुत्र विपिन, अमन व पुत्री शालिनी के साथ मारपीटा। मां गीता वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं। थाना अध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर पर मंसाराम वर्मा, शैलेश वर्मा, गीता देवी, विपिन उर्फ सचिन शालिनी उर्फ निशा व अमन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

**रामोत्सव** राम भजनों और नृत्य की अनूठी प्रस्तुतियां, आनंद की सरयू में डुबकी लगा रहे हैं श्रद्धालु

# रामा-रामा रटते रटते बीती रे उमरिया...

अयोध्या कार्यालय



भजन संध्या में प्रस्तुति देतीं मुरादाबाद की कलाकार।

**अमृत विचार :** सरयू के समानांतर रामकथा पार्क में बह रही राम भजनों और नृत्य की रसधार में श्रद्धालु आनंद की डुबकियां लगा रहे है।

रामोत्सव के अंतर्गत गुरुवार रात हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ अवधी के लोक भजन गायक सुरेंद्र कुमार पांडेय ने रामा रामा रटते रटते बीती रे उमरिया गाकर किया। श्रोताओं के भावों को देख तेरी मंद मंद मुस्कानिया गाया। अगले भजन में छाए उल्लास के कारण को व्यक्त करते हुए गाया -बन गया है राम का मंदिर, तो श्रोता उत्साहित होकर झूमने लगे। आकाशवाणी दूरदर्शन की ग्रेडेड कलाकार ने श्रोताओं के मांग पर रामभजन,विवाह गीत प्रस्तुत किया।

लखनऊ घराने की जुड़वां बहनों ईशा रतन और मीशा रतन ने आरंभ श्रीराम स्तुति नमामी भक्त वत्सलम से किया। ईशा मीशा रतन ने हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की,यह रामायण है पुण्य कथा श्रीराम की पर नृत्य प्रस्तुत कर विभोर किया। अस्वित रतन ने इसके बाद काल से ईश्वर का संवाद प्रस्तुत करके सभी को अचंभित कर दिया। मुरादाबाद से आई नमिता अग्रवाल के दल समिता लोक नाट्य कला संस्था ने नृत्य नाटिका से सीता जन्म के प्रसंग का मंचन किया। भोपाल से आए बृजेश बैरागी के दल ने रामलीला में पंचवटी का दृश्य मंचित किया। जिसमे शूर्पनखा का प्रणय निवेदन,लक्ष्मण द्वारा नाक कान काटा जाना,रावण के दरबार में सूर्पनखा का जाना प्रस्तुत किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने प्रभावी ढंग से किया। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डा.लव कुश द्विवेदी ने कलाकारों का सम्मान किया।



मंच पर लोक कला का प्रदर्शन करतीं जम्मू के कलाकार

### केवट प्रसंग ने सजल किए नेत्र

**अयोध्या कार्यालय।** रामकथा पार्कहमें राम रस की वर्षा श्रद्धालुओं को सराबोर कर रही है। शुक्रवार को अपराह्न सत्र में कथा व्यास उज्ज्वल शांडिल्य महाराज की मानस के सरस विवेचन के बाद सांस्कृतिक संध्या का आरंभ लोक गायक तेज नाथ यादव चिंटू सागर ने अपने भजन राम का राज आ गया से किया। भक्ति में डूबे वातावरण में विवेक पांडे रुद्राक्ष ने अपने दल के साथ महल में राम आ गए गाया। अगली प्रस्तुति जम्मू से आए कलाकारों ने बिशन दास के नेतृत्व में अपने पारंपरिक लोक नृत्य जागरना से किया। संगीता आहूजा के दल ने केवट प्रसंग को प्रस्तुति नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। संगीता के दल ने लोक भजनों पर लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ लवकुश द्विवेदी ने सभी कलाकारों का सम्मान किया।

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


# सीएम डैशबोर्ड की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जिम्मेदारों को दिए सख्त निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अविनाश सिंह, डीएसटीओ अनुपम सिंह व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी विकास कार्य और राजस्व में जनवरी माह में प्रथम स्थान आने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च स्थान पर बने रहने के लिए हमें टीम भावना के साथ लगातार मेहनत करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने सीएम डैसबोर्ड से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर उसे फीड करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना, चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, परिवार नियोजन, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश, सामुदायिक शौचालय निर्माण की स्थिति, ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण की स्थिति, अमृत योजना, जलापूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन नगरी, खुले में शौच से मुक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन, मत्स्य पालन के लिए तालाबों का आवंटन, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राज्य पोषित छात्रवृत्ति योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामाजिक वनीकरण, दुग्ध समितियों का गठन और पुनर्गठन, गन्ना मूल्य भुगतान, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं का संतृप्ति करण, कौशल विकास मिशन आदि की समीक्षा बिंदुवार की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, डीसी मनरेगा, जिला सूचना अधिकारी और डीसी एनआरएलएम, संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### मेहनत कर प्राप्त करें लक्ष्य

सिंचाई विभाग सहित अन्य विभाग जो अपने लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति नहीं कर पाए हैं उन्हें निर्देशित किया गया है कि कड़ी मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करें। जिससे जनपद लगातार प्रदेश में आगे भी प्रथम स्थान पर बना रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और ससमय पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिए हैं।

### जिलाधिकारी ने जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों संग की बैठक, दिया निर्देश

**अंबेडकरगनर, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की समीक्षा बैठक लोहिया भवन के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा विस्तार पूर्वक निर्वाचन से पूर्व, निर्वाचन के दौरान व निर्वाचन के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दायित्व का निर्वहन किस प्रकार किया जाए, इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने साथ ही ईएमएफ और एएमएफ के तहत बूथों पर दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए भी निर्देशित किया जिससे चुनाव के दौरान मतदाताओं व निर्वाचन अधिकारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दयाशंकर पाठक, सभी जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट व संबंधित विभागों के अधिकारी रहे।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय में मेधावियों को किया गया सम्मानित



सम्मानित मेधावियों के साथ आयकर अधिकारी चंद्र प्रकार विश्वकर्मा व अन्य।

**आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** शुक्रवार को जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर में विक्रमजीत वर्मा संकल्प छात्रवृत्ति परीक्षा में स्थान बनाने वाले मेधावियों को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आयकर अधिकारी चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। लक्ष्य के सापेक्ष मेहनत सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होती है। उअध्यक्षता प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा ने कीद्ध प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने भी विचार रखे। संचालन प्रधानाचार्य रामबेलास यादव ने किया। परीक्षा में कुल 273 छात्रों ने हिस्सा लिया था। सांत्वना पुरस्कार भी दिए।

### दिनेश बने लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** आलापुर विधानसभा क्षेत्र कसमुदा गांव निवासी सपा नेता दिनेश यादव देवा को पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी जिम्मेदारी दी है। सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने दिनेश यादव देवा को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है जिस पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है। दिनेश को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का करीबी माना जाता है। दो दशक पहले लखनऊ विश्वविद्यालय से राजनीति की शुरुआत करने वाले सपा नेता दिनेश लोहिया वाहिनी में प्रदेश का नेतृत्व कर चुके हैं। बाद में पार्टी ने उन्हें छात्र सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया था। उनके मनोनयन पर सपा जिला पंचायत सदस्य अश्विनी यादव, पूर्व जिपंस अनवर सादात अंसारी, प्रदुम्न यादव, हेमंत यादव, अजीत कैप्टन, बजरंगी, रत्नाकर, रामजीत निषाद, सुरेंद्र निषाद, राधेश्याम गुप्ता, कन्हैयालाल, सौरभ समेत कई अन्य नेताओं नें बधाई दी है।

### दुष्कर्म के दोनों आरोपी दबोचे, भेजा जेल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मूक-बधिर से शादी कर दूसरे के हाथ बेच देने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में पंजीकृत मुकदमे में आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रकरण कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। गांव का एक युवक अपने ही गांव से एक मूक-बधिर युवती को भाग ले गया और उससे शादी कर ली। कुछ दिन रखने के बाद उसने कोतवाली क्षेत्र के पेठिया गांव निवासी सूर्यभान दिव्यांग के हाथ बेचकर शादी करा दी। परिजनों इस मामले की सूचना कोतवाली जलालपुर को दी। पुलिस युवती को कोतवाली ले आई जहां दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी राजीव कुमार और सूर्यभान को नगर के अकबरपुर रोड महिला प्रखंड विद्यालय मोड़ वाजिदपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मोदी को पीएम बनाने के लिए कर रहा हूं संघर्ष

**संबोधन**

- भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के अध्यक्ष ने सपा पर जमकर साधा निशाना

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



संवाददाताओं से रूबरू होते ओम प्रकाश राजभर।

**अमृत विचार :** शुक्रवार को सुहेलदेव राजभर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। कहा कि शिवपाल यादव बहुत जल्द बीजेपी में शामिल होने वाले हैं। वह पहले भी एनडीए के साथ तीन साल बीता चुके हैं। उन्हें अपनी चिंता करनी चाहिए, हमारी चिंता नहीं।

सपा से नाराजगी के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गलत खबर उड़ाई जा रही है और कारण बताया जा रहा है कि राज्यसभा के नामांकन में नहीं पहुंचे जबकि सही बात यह है कि कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण मैं नहीं पहुंच सका। इसी बात को लेकर लोग सूत्रों के हवाले से खबर चला रहे है। जबकि सही बात यह है कि मैं एनडीए में शामिल हूं और 2024 में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। जब इंडिया गठबंधन बना था, उसके दूसरे दिन ही मैने दो लाइन का दोहा बनाकर बता दिया था कि विरोधियोंने ठाना है कि मोदी को पीएम बनाना है। कुछ लोग सटकर कुछ हटकर, नीतीश से हमारी बात हुई थी, जयंत से भी हुई थी। उन्होंने जून में ही हमें बताया था कि हम एनडीए में शामिल होंगे। सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सपा ने पीडीए का नारा दिया है। 20 फीसदी मुसलमान सपा के पक्ष में वोट करता है लेकिन सपा ने उन्हें धोखा दिया है। राज्यसभा में एक भी मुसलमान को प्रत्याशी नहीं बनाया है, इससे स्वाभिमान जगा पल्लवी का। सपा वोट तो ले लेती है लेकिन जब हिस्सा देने की बात आती है तो पिछड़ों का हिस्सा लूटते है। प्रदेश में 1531 थाने हैं, जिन पर यादव दरोगा-सिपाही मिलेंगे लेकिन पिछड़े वर्ग की अन्य जातियों के लोग नहीं हैं। 27 फीसदी आरक्षण पिछड़ो के लिए है न कि सिर्फ एक जाति के लिए आरक्षण बना है। यह मुसलमानों को गुमराह कर वोट लेते है।

# पुलिस ने पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकार के निर्देश में थाना प्रभारी सम्मनपुर संत कुमार सिंह के नेतृत्व में प्राण घातक हमला करने, दुष्कर्म और अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त अमरनाथ निवासी कजरी जमालुद्दीनपुर को शुक्रवार को घर से ही पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं मे वांछित अभियुक्त दयाशंकर वर्मा व शनि वर्मा निवासी हासिमपुर बरसावा और वांछित अभियुक्त अनिरुद्ध तिवारी निवासी सिकरोहर को प्राण घातक हमला करने समेत अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त अंकित पटेल पुत्र सुनील वर्मा निवासी बलुआ बहादुरपुर थाना सम्मनपुर को मुखबिर की सूचना पर बलुआ बहादुरपुर तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीमों में उपनिरीक्षक संजय सिंह, हेड कांस्टेबल पवन यादव, ज्ञान पटेल आदि रहे।

# रेजिडेंट डॉक्टरों ने वेतन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**टांडा, अंबेडकरनगर अमृत विचार :** महामाया मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के रेजिडेंट डॉक्टरों ने चार माह से वेतन नहीं मिलने के कारण शुक्रवार को प्रदर्शन शुरू कर दिया। रेजिडेंट डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज में काम छोडक़र बाहर निकल गए और वेतन नहीं तो काम नहीं का नारा लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। नारेबाजी के दौरान रेजिडेंट डॉक्टरों और प्राचार्य अमीरुल हसन में तीखी नोक-झोंक भी हुई।

महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के रेजिडेंट डॉक्टरों ने शुक्रवार को वेतन भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। रेजिडेंट डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज परिसर में जमकर नारेबाजी किया जिसके चलते मेडिकल कॉलेज में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्राचार्य अमीरुल हसन की वीडियो बनाने को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शन कर रहे रेजिडेंट डॉक्टरों ने बताया कि चार माह से वेतन नहीं मिला है। मेडिकल कॉलेज सद्दपुर में रेजिडेंट डॉक्टरों के वेतन भुगतान को लेकर जब प्राचार्य से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

# शॉर्ट-सर्किट से किराने की दुकान जलकर राख

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद के बेवाना थाना क्षेत्र के नौगवां गोपालपुर में देर रात शार्ट-सर्किट से किराने की दुकान में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। बगल के कमरे में सो रहीं दो महिला व एक पुरुष भी झुलस गए। बेवाना थाना क्षेत्र के नौगवां गोपालपुर निवासी रीम घर में किराने की दुकान चलाते हैं। बीती रात वह दुकान बंद कर कमरे में सो गए। देर रात शार्ट-सर्किट से दुकान में आग लग गई, जिससे दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से दो महिलाएं और एक पुरुष भी झुलस गए।

# विवाद में युवक को पीटा, हालत गंभीर

जलालपुर, अंबेडकरनगर



पीड़ित परिवार से बातचीत करते सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुराने विवाद को लेकर दो दबंगों ने एक युवक पर प्राण घातक हमला कर दिया। मामला जलालपुर कोतवाली के वाजिदपुर देहात मोहल्ला का है।

बुधवार शाम गांव निवासी युवक राहुल कुमार का इसी मोहल्ले के सिद्धू और सिड्डू से जमालपुर चौराहा पर मूंगफली की दुकान पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों मुस्लिम युवकों ने राहुल की वहीं पिटाई कर दी। रात में ही दोनों युवकों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर मरणासन्न कर सुनसान स्थान पर मृत समझकर फेंक दिया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को परिजन उसे कोतवाली ले गए जहां पुलिस ने उसे पहले नगपुर इसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की तो शुक्रवार सुबह कुछ लोग आरोपी के घर पहुंचे और बवाल किया। सूचना पर सीओ देवेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को समझाकर वापस लौट गए। उन्होंने पुलिस को मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा बढ़ाकर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

**कार्यक्रम** आपदाओं से बचाव के लिए 19 फरवरी तक जनजागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

# आपदा से बचाव के लिए शिक्षकों–सचिवों को दिया प्रशिक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



लोहिया भवन में आयोजित आपदा से बचाव कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक, सचिव और साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए कॉलेज व ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 12 फरवरी से प्रारम्भ हुए जनजागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 19 फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शुक्रवार को लोहिया भवन प्रेक्षागृह में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को और आशा बहू, ग्राम पंचायत अधिकारी, पंचायत सहायक, ग्राम प्रतिनिधि समेत कुल एक हजार लोगों को प्रशिक्षित किया गया। मास्टर ट्रेनरों ने आपदा प्रबंधन चक्र, भारत में आपदा प्रबंधन का तंत्र, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, आकाशीय विद्युत, डूबना, अग्निकांड, बाढ़, शीतलहर, लू, सर्पदंश, आंधी-तूफान, भूकम्प, ओलावृष्टि आदि विभिन्न आपदाओं से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों द्वारा शिक्षकों को सचेत ऐप और दामिनी ऐप के सम्बन्ध में बताया और उनके मोबाइल में इंस्टॉल भी कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षिकाओं आदि उपस्थित प्रतिभागी को प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बल दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग के डॉ. सुल्तान अहमद ने आपदा के समय प्रभावित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार कैसे दिया जाता है और सीपीआर आदि के बारे प्रेक्टिकल करके डिमोंस्ट्रेट किया गया। इसके अगले चरण में सचिन शर्मा प्रभारी अधिकारी अग्निशमन ने विभिन्न प्रकार की आग से होने वाली आपदाओं के बारे में और उस पर काबू करने के लिए लोगों को जागरूक किया।

### आपदा से बचाव की दी जानकारी

कार्यक्रम में जनपद के आपदा विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम समन्वयक सूर्यभान ने जनपद की प्रमुख आपदा वज्रपात, सर्प दंश, बाढ़, भूकंप, शीतलहर और अन्य आपदाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा विशेषज्ञ सूर्यभान, मास्टर ट्रेनर राहुल प्रजापति, मास्टर ट्रेनर अनूप मिश्रा, सौरभ यादव, अनूप वर्मा, आपदा लिपिक अविनाश कुमार वर्मा, ऋषि कपूर आदि उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-आक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के बस्ती एवं थॉम्पसन गंज गुड्स शेड्स पर SMU (Special Minor Unit) के संचलन की 05 वर्ष की अवधि हेतु ई-आक्शन आमंत्रित है। जिसके खुलने की तिथि दिनांक 29-02-2024 समय 13:00 बजे एवं बन्द होने की तिथि दिनांक 29-02-2024 समय (BST Goods Shed) 13:30 एवं (Thompsonganj Goods Shed) 13:40 सम्बन्धित लॉट के अनुसार है। इस आक्शन के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगें। ई-ऑक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी *www.ireps.gov.in (E-Auction Module)* वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ध्यान दें कि ई-ऑक्शन मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through IREPS, online payment mode से ही स्वीकार्य किया जायेगा जोकि www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है। अन्य जानकारी *www.ireps.gov.in (E-Auction Module)* की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ई-आक्शन सूचना संख्या, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है।

**ई-आक्शन सूचना सं. (कैटलॉग सं.):** CATG-BST-STP-24: **स्टेशन:** बस्ती गुड्स शेड (दिव्यागों के लिये आरक्षित), लोकेशन: लॉट के मुताबिक, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय: दिनांक 29-02-2024 समय 13:30, **स्टेशन:** थॉम्पसन गंज गुड्स शेड (ओबीसी महिलाओं के लिये आरक्षित), लोकेशन: लॉट के मुताबिक, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय: दिनांक 29-02-2024 समय 13:40

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**
मुजाधि/वाणिज्य-270 **लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम शाह जहां खातून से बदलकर शांह जहां रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए। – **शांह जहां पत्नी मकबूल अहमद नि0 ग्रा0 जारमऊ पो0 मंगौवा, बाराबंकी उ0प्र0**

**सार्वजनिक सूचना**

**जी.एस. कालेज ऑफ लॉ**

**खजुरहट (गन्डई), तहसील-बीकापुर, जिला-अयोध्या (उ.प्र.), पिन कोड-224 206**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन एवं जी. एस. कॉलेज आफ लॉ खजुरहट (गंडई) बीकापुर, अयोध्या के अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता द्वारा दिनांक 14.2.2024 को अमर उजाला माई सिटी में पब्लिक नोटिस के माध्यम से प्रबंधक अनुरुद्ध कुमार तिवारी को हटाए जाने की सूचना दी गई है। जो पूर्णतया असत्य व निराधार है। कुछ माह पहले कॉलेज से महत्वपूर्ण प्रपत्र सहित थैला गुम हुआ था, काफ़ी खोजबीन के बाद भी न मिलने पर प्रबंधक जी द्वारा कोतवाली बीकापुर में दिनांक 13. 12. 2023 को गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। उन्हीं गुम हुए प्रपत्रों का दुरुपयोग एवं कूटरचना कर अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता व उनके पुत्र अनुज गोयल द्वारा प्रबंधक को गैरकानूनी तरीके से हटाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके संबंध में संजीव कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गोयल, राजेंद्र यादव उर्फ राजन आदि लोगों पर **थ्प्त्** पंजीकृत कराए जाने हेतु वाद श्रीमान न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) 3 अयोध्या के यहां विचाराधीन है। उपरोक्त सभी विपक्षी लोगों के द्वारा ट्रस्ट व कॉलेज के संबंध में प्रबंधक हस्ताक्षरित कोई कूटरचित लेख व प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने पर बिना प्रबंधक की पुष्टि के उसे पूर्णतया असत्य, गैरकानूनी एवं कूटरचित माना जाय।

**आज्ञा से**
**अनुरुद्ध कुमार तिवारी**
**प्रबंधक – जी. एस. कॉलेज आफ लॉ**
**सचिव – जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी-मो0 लला कजियाना खुर्द जायस, जि0 अमेठी,** मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या-214496968 में मेरा नाम त्रुटिवश बाबू अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम बाबू उर्फ मो0 शकील है। यहकि मोहम्मद शकील व बाबू एक ही व्यक्ति के नाम हैं इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। अत: मेरी एलआईसी पॉलिसी में मेरा सही नाम बाबू उर्फ शकील दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी इटावा का आवटन पत्र वास्तव मे कही खो गए है। जिसका डीड सं. 509 दिनांक 17.03.1966 है। जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। **यतीन्द्र नाथ दुवे पुत्र सत्य नारायण दीक्षित निवासी मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी तुलसी नगर इटावा उ.प्र.**

**सूचना**

पहले मेरा नाम MITHILESH KUMARI था अब मैने बदलकर अपना नाम MITHILESH YADAV रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: AJAY KUMAR, R/O E-10, PANDEY KA TALAB COLONY TAL KATORA ROAD AISHBAGH LUCKNOW 226004**

**सूचना**

मैंने अपना नाम SAFINAJ से बदलकर SAYYED SAFINAZ रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/o- SAYYED MOHAMMAD AKRAM, Add- VILLAGE-SALAHUDDIN PATTI, Post-ZAMIN RASOOLPUR, JAMIN RASULPUR, AZAMGARH (U.P.)-276127**

## एक नजर

### गोंडा डिपो से दो बसें मय क्रू स्टाफ रुपईडीहा डिपो गईं

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** भारत नेपाल क्रास बॉर्डर परिवहन सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए गोंडा डिपो की दो बसों और चार चालक व चार परिचालकों को रुपइडीहा डिपो स्थानांतरित किया गया है। बहराइच नेपाल गंज रोड रेलवे रूट पर चल रहे अमान परिवर्तन कार्य के चलते रोडवेज बसों मे भीड़ बढ़ी हैं। जानकार बताते हैं कि रेलवे का ग़ह निर्माण कार्य अगले डेढ़ से दो साल तक होने के चलते रेल रूट बंद रहेगा। एआरएम कपिल देव ने बताया कि शासन के निर्देश पर रुपइडीहा डिपो के लिए गोंडा डिपो से दो रोडवेज की बसों का मय क्रू स्टाफ़ के स्थानांतरण किया गया है। जबकि बलरामपुर डिपो से भी दो बसें और 8 स्टाफ़ स्थानांतरित किए गए हैं।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी

**रुपईडीह गोंडा, अमृत विचार :** गंगा प्रसाद मिश्री लाल इंटर कॉलेज कौड़िया बाजार में आगामी 22 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड की परीक्षाओं में 883 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद यादव ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र पर हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों को मिलाकर 437 तथा इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों को मिलाकर 446 छात्र छात्राएँ परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### विद्यालय का किया निरीक्षण

**रुपईडीह गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक के विशेष शिक्षक सुनीत कुमार मिश्र ने कंपोजिट विद्यालय कंचनपुर फरेंदा व प्राथमिक विद्यालय रामलला पुरवा का भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने विद्यालय में नामांकित दिव्यांग बच्चों के यू डाइस पर फीडिंग तथा उनके चिन्हांकन व नामांकन के बारे में प्रधानाध्यापकों से जानकारी हासिल की।

### हृदयगति रुकने से निधन

**रुपईडीह गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत परसदा निवासी पूर्व स्वास्थ्य कर्मी रामराज पांडेय 65 की हृदय गति रुक जाने से अचानक मौत हो गई। ग्राम प्रधान लक्ष्मी शुक्ल ने बताया कि उनके एक पुत्र आलोक पांडेय है जो स्वास्थ्य विभाग में ड्राइवर के पद पर कार्यरत है। उनके निधन पर केसरी प्रसाद पांडेय, सौरभ पांडेय आदि लोगों ने दुख व्यक्त किया है।

### 12 लाख की हुई वसूली

**रुपईडीह गोंडा, अमृत विचार :** इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर के तत्वावधान में फरेंदा शुक्ल गांव में वसूली शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि इस वसूली शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 20 किसानों से 12 लाख पचास हजार रुपए का ऋण वसूल किया गया। सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे।

### शिविर में हुई नसबंदी

**रुपईडीह गोंडा, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर नि :शुल्क नसबंदी शिविर आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न गांवों को मिलाकर आठ महिलाओं का ऑपरेशन किया गया।

### बीडीओ ने किया गांव का भ्रमण

**रुपईडीह गोंडा, अमृत विचार :** शुक्रवार को ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने ग्राम पंचायत लोनावा दरगाह, जमुनही हरदो पट्टी, नारायणपुर माफी, महादेव कला व सिसई जंगल का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतो द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य तथा ग्राम पंचायत में स्थापित मतदान केंद्र के भवन, बिजली, पेयजल तथा शौचालय की उपलब्धता के बारे में जानकारी हासिल की। एडीओ आईएसबी आजम खान, पंचायत सचिव मालिक राम व प्रसून राज श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# न्यूनतम वेतन 25 हजार किए जाने समेत कई मांगों को लेकर नारेबाजी

**उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों ने निकाला जुलूस**

**राष्ट्रपति मुर्मू को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा**

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन की बहाली, समान कार्य समान वेतन व न्यूनतम वेतन 25 हजार रुपये किए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को कर्मचारी सड़क पर उतरे। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कई विभागों के कर्मचारियों ने कृषि विभाग से सदर तहसील तक जुलूस निकाला और नारेबाजी की। कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान, ओपीएस, समान कार्य समान वेतन, नियमित पदों या कार्यों के सापेक्ष नियमित नियुक्ति, श्रमिक कोड बिल आदि मांगों के संबंध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित 7 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा।

संघ के महामंत्री अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को भेजे गए मांग पत्र में पीएफआरडीए को रद्द करने, पुरानी पेंशन को बहाल करने, केंद्र सरकार के प्रत्येक कार्मिक शिक्षक (कर्मचारी को परिभाषित पेंशन योजना ओपीएस के दायरे में लाए जाने, आठवां वेतन आयोग समिति का गठन करने, पिछले 6 वर्षों से अधिक समय से विभिन्न विभागों में कार्यरत स्कीम वर्कर, आउट सोर्सिंग, फुल सोर्सिंग, संविदा व्यवस्था को समाप्त कर ऐसे सभी कार्मिक शिक्षक श्रमिक को तत्काल नियमित किए जाने तथा उससे कम सेवा वाले कार्मिकों को समान कार्य समान वेतन के आधार पर न्यूनतम 25 हजार रुपये का मानदेय लिए जाने की मांग की गयी है। इसके अतिरिक्त चतुर्थ श्रेणी के पदों की भर्ती पर लगी रोक को खत्म कर समूह ग एवं घ के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ करने, सभी विभागों में रिक्त पदों को तत्काल वैधानिक निकायों से नियमित नियुक्ति के माध्यम से भरने, कोरोना काल में 18 महीने के रोके गए डीएडीआर को तत्काल जारी करने व सभी सरकारी सहकारी सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण बंद किए जाने की मांग भी की गयी है।



गोंडा के गांधी पार्क में धरने पर बैठे स्कीम वर्कर समन्वय समिति के लोग।



पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर सीटीयू के बैनर तले रैली निकालते लोग।




पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रैली निकालते उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी व अन्य।

### यूपी फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन ने सौंपा मांग पत्र

**अमृत विचार :** महासंघ के जुलूस में शामिल यूपी फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन ने भी अपनी मांगों के संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को दिया। महामंत्री अजीत पांडेय ने बताया कि संघ के कार्यालय के लिए भवन नहीं है। इसके लिए कृषि विभाग परिसर में एक कक्ष के आवंटन की मांग जिला प्रशासन से की गयी है। इसके अलावा कृषि विभाग, सरयू नहर खंड चार सहित राजकीय हाउसिंग कॉलोनी के जर्जर आवासीय भवनों की मरम्मत व रिक्त स्थानों पर नए राजकीय आवासों का निर्माण कराने समेत 10 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को दिया गया है।

### किसान विरोधी नीतियों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**मसकनवा :** केंद्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर देशव्यापी हड़ताल व ग्रामीण बंद के तहत किसान यूनियन व उप्र खेत मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में रैली निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने मसकनवा बाजार के मुख्य चौराहे पर एकत्र होकर केंद्र व प्रदेश सरकार की किसान, मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाते हुए छपिया ब्लाक मुख्यालय तक पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित 32 सूत्रीय मांग पत्र एडीओ आईएसबी दिलीप कुमार वर्मा को सौंपा। मांगपत्र में महंगाई पर रोक लगाने, एमएसपी की गारंटी दिए जाने, छुट्टा जानवरों से किसानों की फसलों की रक्षा करने, चार श्रम संहिताओं तथा निश्चित अवधि के रोजगार कानून वापस लेने सहित अन्य मांगे शामिल हैं। रैली ज्ञापन में किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा, उप्र खेत मजदूर यूनियन के जिला संयोजक खगेंद्र जनवादी, अब्दुल गनी, मोहर्रम अली, राजेश कुमार सहदेव वर्मा, संजय वर्मा, सौरभ सिंह, आशीष सिंह, दिनेश कुमार, गुड्डू आदि उपस्थिति रहे।

### गांधी प्रतिमा के समक्ष उपवास कर किया हड़ताल का समर्थन

**गोंडा :** केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आवाहन पर स्कीम वर्कर सामान्य समिति ने गांधी प्रतिमा के समक्ष उपवास कर आयोजित देश में हड़ताल का समर्थन किया। आंगनबाड़ी संगठन की नेता कुसुम तिवारी ने कहा कि अब आर-पार की लड़ाई होगी। यूनियन की महामंत्री नीलम श्रीवास्तव ने इस बार लोकसभा चुनाव में सभी को अपने अधिकारों के प्रति सजग किया। ट्रेड यूनियन नेता दिलीप शुक्ला ने कहा की सरकार तरह-तरह के वादे करके इन कर्मचारियों से वोट ले लेती है उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है। समर्थन में कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने कहा की सरकार कम मजदूरी देकर देश की आधी आबादी को रोजगार देने का जो वादा किया है उसमें भी पूंजी पतियों की हिस्सेदारी है। जिसमें जनपद के आंगनवाड़ी आशा आशा संगिनी रसोईया तथा समूह की बहनों ने हिस्सा लिया। स्कीम वर्कर की मंडल अध्यक्ष रानी देवी पाल और आशा कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष संतोषी देवी ने अध्यक्षता किया। संचालन मीनाक्षी खरे ने किया।

### उप श्रमायुक्त कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

**गोंडा :** सीटू सहित संयुक्त किसान मोर्चा एवं अखिल भारतीय केंद्रीय ट्रेड यूनियनों औद्योगिक सेवा प्रतिष्ठानों के स्वतंत्र फेडरेशन द्वारा भारत बंद पर उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर सहायक श्रमायुक्त मोहम्मद अब्बास के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने के पूर्व जनसभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्वामीनाथ व राधा देवी ने किया। संचालन विनीत तिवारी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए सीआईटीयू के प्रदेश उपाध्यक्ष कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने 32 सूत्रीय मांग पत्र को विस्तृत रूप से सभा में रखा। पूर्वांचल चीनी मिल कर्मचारी यूनियन के नेता ईश्वर शरण शुक्ल ने कहा कि शुगर के लिए वेज बोर्ड के वेतनमान का पुनरीक्षण किया जाय तथा नई पेंशन योजना बंद कर पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाय। धरने में रवींद्र सिंह, अंबरीश तिवारी, पवन पांडेय, आनन्द सिंह, अनंत राम पांडेय, सुनील तिवारी, कौशलेंद्र शुक्ला, गुड़िया, बबलू, पवन कुमार, दिनेश कुमार, मंदिरा , शैल कुमारी, दाया, बंटी, चंद्रेश, आनंद त्रिपाठी , गौरी शंकर मिश्रा सहित तमाम साथी शामिल थे।

# किसान उत्पीड़न पर सामाजिक कार्यकर्ता ने पीएम को लिखा पत्र

परसपुर (गोंडा), **अमृत विचार।** देश के किसानों पर हो रहे लाठी चार्ज एवं आंखें फोड़ने के लिए दागे जा रहे आंसू गैस के गोले से आहत होकर परसपुर के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता डी .एन .सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल किसानों की मांग मानने की अपील की है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में डी .एन . सिंह ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को व डॉक्टर स्वामीनाथन को भारत रत्न देने से किसानों का हित नहीं हो सकता है,यह तो लालीपाप है। किसान शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली जा रहे किसानों पर सरकार ने किसानों को रोकने के लिए रास्ते में कीलें ठोंक दिया और सीमेंटेड बैरीकेडिंग से रास्ता बंद कर दिया गया है व किसानों पर लाठीचार्ज किया गया। इतना ही नहीं बल्कि किसानों की आंख फोड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे जा रहें हैं। किसान प्रधानमंत्री जी से उनकी कुर्सी नहीं मांग रहे हैं वो अपने खून पसीने से तरबतर होकर तैयार की गई फसल के उपज की कीमत मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूंजीपतियों का हजारों करोड़ रूपए माफ कर रही है और हर साल नेताओं को ऐशो आराम के लिए हजारों करोड़ रूपए खर्च किए जा सकते हैं लेकिन किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं दे रहे हैं। किसानों पर उन्हीं के बेटों से लाठीचार्ज कराई जा रही है। पुलिस व फौज में किसान के बेटे हैं नेताओं व पूंजीपतियों के बेटे नहीं है। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में आगे लिखा है कि आप किसानों के पक्ष में सिफारिश करने वाले डॉक्टर स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर क्या किसानों का दिल जीत सकते हैं। किसान तभी खुश होगा जब आप उनकी बात मान लेते हैं। प्रधानमंत्री से तत्काल किसानों की बात मान लेने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि किसानों की बात मानने में ही प्रधानमंत्री जी का व देश का भला होगा।

# गायत्री मंत्र को अपने जीवन का अंग बनाएं

**गायत्री मंदिर में दीप महायज्ञ के साथ हुआ समापन**

**गोंडा, अमृत विचार :** मस्तिष्क को उर्वरता अद्भुत है। झरने के उद्गम की तरह उसका प्रवाह अनवरत जारी रहता है। उपजाऊ भूमि में वर्षा के दिनों निरंतर खरपतवार उगते रहते हैं। उक्त विचार दीप महायज्ञ कार्यक्रम समापन कथावाचक पंडित पंकज तिवारी ने गायत्री मंदिर में कही उन्होंने कहा कि बात-की-बात में विचारों की झड़ी लग जाती है। किसके मस्तिष्क में किस प्रकार के विचार बहुलता से उठेंगे, इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि पूर्वसंचित संस्कार कैसे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मन :क्षेत्र में अराजकता, अनुशासनहीनता चल रही हो, स्वेच्छाचार का बोलबाला हो, तो किसी उपयोगी योजनाबद्ध कार्य में उसे लगा सकने की संभावना ही नहीं बनती। कार्यक्रम के मुख्य यजमान के रूप में युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक भूपेंद्र प्रकाश आर्य सपत्नीक उपस्थित होकर देव पूजन किया। समापन पर जिला समन्वयक ठाकुर प्रसाद तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कथावाचक पुष्पा वेदांती ने सभी से नित्य गायत्री मंत्र को अपने जीवन का अंग बनाने का निवेदन किया। जयरामदास लधवानी, अंजनी त्रिपाठी, रामतेज मिश्रा, राहुल देव तिवारी, प्रेम शंकर श्रीवास्तव, जवाहरलाल, जगपाल, माही, महक, शशि मिश्रा, मंजू पांडे, सावित्री देवी, पुष्पा देवी, किरण मिश्रा, हेमा गुप्ता, गीता सिंह, राम सरोज सिंह, अंशुआर्य, रामचंद्र, दीपक, डॉ. अनूप आदि ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन किया।



गायत्री मंदिर में दीप यज्ञ करते लोग

### रोजगार मेले में 33 बेरोजगारों ने दिया आवेदन

**बेलसर( गोंडा) अमृत विचार :** विकास खंड परिसर में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन सहायक विकास अधिकारी गिरजेश पटेल ने किया। मेले में का आयोजन कौशल विकास मिशन, सेवा योजन विभाग , राजकीय आईटीआई के सयुक्त तत्वाधान में किया गया। विकास खंड पर रोजगार मेले में 150 बेरोजगारों को सेवायोजित करने का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष 33 लोगो ने आवेदन किया। ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा की यह रोजगार मेला केवल दिखावा तक सीमित रहा। कहा कि कार्यक्रम की सूचना मुझे भी नहीं दी गई है।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं का धरना जारी



धरने पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

**मनकापुर( गोंडा), अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना के खिलाफ 09वां दिन अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन शुक्रवार को भी जारी रहा। उपजिलाधिकारी रार्जीव मोहन सक्सेना के स्थानान्तरण को लेकर अधिवक्ता नौ दिनो से लगातार क्रमिक अनशन पर है। शुक्रवार को एसडीएम व अधिवक्ताओं के बीच अनशन खत्म करके काम पर लौटने के संबंध में अनशन स्थल पर आकर एसडीएम ने अधिवक्ताओ से वार्ता किया लेकिन अधिवक्ताओं की आम सहमति न बनने के कारण वार्ता विफल हो गयी। इसके बाद अधिवक्ताओ ने अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए स्थानान्तरण होने तक अनशन जारी रखने की बात कहे। इस मौके पर पूर्व बार एसोशिएशन के अध्यक्ष सीपी वर्मा,श्यामलाल शुक्ल,अनिल द्विवेदी,अलविंद भारती,केजी मिश्रा, राम शंकर मिश्र उर्फ कंचन,मनोज सिंह,शिखर आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### जागरण व भंडारे का हुआ आयोजन



जागरण में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**खरगूपुर गोंडा, अमृत विचार :** श्री बाला जी महाराज का भव्य भंडारा व रात्रि जागरण कार्यक्रम उल्लासपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। स्थानीय नगर के गांधी आदर्श इण्टर कालेज परिसर में बाला जी सेवा समिति के तत्वावधान में तीन द्विवसीय राम नाम संकीर्तन, 41 सुन्दरकांड पाठ व 108 हनुमान चालीसा तथा हवनोत्सव के उपरांत भंडारा व रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शुक्रवार सुबह प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर भजन, कीर्तन के साथ श्री गणेश, राधा-कृष्ण, हनुमान, भोलेनाथ सहित अन्य मनमोहन झांकियां प्रस्तुत की गयी। आकर्षक तरीके से सजाया गया श्री बाला जी महाराज मेहंदीपुर वाले का दरबार लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर रवीन्द्र गोस्वामी, रामकुमार शुक्ल, संजय गुप्ता, राज कुमार गुप्ता, हरीशंकर तिवारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### वैज्ञानिक खेती पर जोर दें किसान : रामबहादुर



वजीरगंज ब्लाक में किसान मेले में स्टाल का अवलोकन करते पूर्व मंत्री राम बहादुर।

**मनकापुर गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज ब्लाक परिसर में आयोजित किसान मेला और गोष्ठी कार्यक्रम में तकनीकी खेती पर मुख्य फोकस रहा। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रमुख रामबहादुर ने किसान बंधुओं से वैज्ञानिक और प्रगति शील खेती के टिप्स दिए। मूंग की खेती मे राईजोबियम कल्चर से उपचारित बीज़ इस्तेमाल करने का परामर्श दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रामलखन सिंह ने जायद फसलों में बेहतर उत्पादन के गुर सिखाए। एफआईआर क्रम को ध्यान रखने का आह्वान किया। खंड विकास अधिकारी पीके सिंह ने कृषक हित में संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। प्रगतिशील किसान शिवकुमार मौर्य ने सहजन आदि के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी। सम्राट महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादित सामग्रियों एलोवेरा सोप, एलोवेरा जेल आदि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राविधिक सहायक सुधीर सिंह, मोहम्मद शराफतुल्लाह, जय सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, तुंगनाथ जायसवाल व अन्य उपस्थित रहे।

### खाटू श्याम महोत्सव में उमड़ी भारी भीड़

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार की शाम नगर के बटुक भैरव नाथ मंदिर मार्ग पर बालकृष्ण ग्राउंड में श्री खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें भारी भीड़ जुटी रही। यह आयोजन हम लाडले खाटू वाले मित्र मंडल की तरफ से आयोजित हुआ। जिसमें खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल ने किया। बाबा के दरबार में अलौकिक श्रृंगार , इत्र वर्षा, अखंड ज्योति, फूलों की होली, श्री श्याम की रसोई, छप्पन भोग के साथ-साथ बाहर से आए कलाकारों ने खाटू श्याम के भजनों पर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। यह कार्यक्रम भोर तक चलता रहा। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस खाटू श्याम महोत्सव में खाटू वाले भजन गायक योगेश शर्मा, भजन गायिका बृज लाडली नीलम एवं हरियाणा की पल्लवी शर्मा, पटियाला पंजाब से आए गायक विशाल शैली ने बाबा खाटू श्याम के भजनों से लोगों को ओत प्रोत कर दिया। कार्यक्रम के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बाबा खाटू श्याम के दरबार में माथा टेका। भक्ति भजनों से श्रोता झूमते हुए नजर आए कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटी। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे।

# रेलवे स्टेशनों से जनता खाना पैकेट गायब

**स्टेशन के तीन दर्जन खान पान स्टालों पर नही है जनता पैकेट**

**रेलवे का था वादा, 15 रुपए में मिलेगा भरपेट खाना**

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** इसे महंगाई की मार कहें या फिर आठ साल पहले रेलवे की ओर से निर्धारित खाने के रेट का कमाल कहें, पूरे स्टेशन पर जनता के लिए 15 रुपए वाला खाने का पैकेट ढूंढे नही मिलता।

गोण्डा स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर कुल 32 खान पान स्टाल हैं, लेकिन खाने का जनता पैकेट ढूंढने निकलिए तो आपको एक भी बमुश्किल मिल पाएगा। अमरनाथ एक्सप्रेस के रुकते ही जनता खाने की तलाश में उतरे यात्री रामनयन और नदीम को पूरे प्लेटफार्म पर जनता खाना नही नजर आया।

ट्रेन का हॉर्न सुनकर बेचारे बैरंग ही वापस अपनी बोगी में चढ़ लिए। ये शिकायतें अधिकांश दैनिक यात्रियों की हैं। रेलयात्री पूजा, सोनल और अनुकृति ने कहा कि 15 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने के पाने वादे में रेलवे खरी नही उतर रही।




जनता खाना पैकेट का डिब्बा।

### ये है जनता खाना का प्रावधान

हर रेल यात्री को मात्र 15 रुपए में भरपेट भोजन यात्रा के दौरान ही देने की मंशा से इसे शुरू कराया गया था। 15 रुपए के इस पैकेट में सात पूड़ी, डेढ़ सौ ग्राम सब्जी, एक अचार व एक मिर्च समेत कुल 375 ग्राम वजन का भोजन दिया जाना थक। इसे प्रत्येक भोजन स्टाल पर बिक्री करने का प्रावधान किया गया था।

### गुपचुप बोले-रेलवे के वेंडर

प्लेटफार्म संख्या दो पर खानपान स्टाल चलाने वाले एक दुकानदार ने कहा कि महंगाई का जमाना है। पिछले चार साल के मुकाबले में आंटा, तेल और सब्जी के दाम डेढ़ से दो गुना तक बढ़ चुके हैं। ऐसे में आठ साल पहले के निर्धारित मूल्य में जनता खाना का पैकेट उपलब्ध कराना नामुमकिन है।

### बोले जिम्मेदार

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ डिवीज़न के पीआरओ महेश गुप्ता ने बताया कि जनता खाना हर फ़ूड स्टाल पर बिकना अनिवार्य बनाया गया है। रेट रिवीजन को लेकर अबतक कोई प्रस्ताव मिले होंगे तो उसपर कमर्शियल अफसर निर्णय लेंगे।

### रेट बढ़ाकर 30 रुपए करने की मांग

प्लेटफार्म संख्या एक के एक फ़ूड स्टाल संचालक ने कहा कि सात पूड़ी, डेढ़ सौ ग्राम सब्जी, अचार और पैकिंग मिलाकर कुल खर्च कम से कम 28 रुपए आता है। ऐसे में यदि इस जनता खाना डिब्बे के रेट रिविज़न कर 15 की बजाए 30 रुपए कर दिया जाए तो दुकानदार ईमानदारी से डिब्बा उपलब्ध करा पाएंगे।

# गौमाता का अनादर कलयुग का प्रभाव : पंडित रामकुमार

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गांव में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित रामकुमार शास्त्री ने श्रोताओं का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा गौमाता का अनादर करना घोर कलयुग का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कलि के आते ही पृथ्वी रूपी गौमाता और धर्म रूपी बैल की दुर्दशा दृश्यमान हुई वही दृश्य अब हर जगह दिखाई पड़ रहा है। गौमाता का अनादर मनुष्य के लिए अहितकर है।

कथा व्यास पंडित रामकुमार शास्त्री ने सुखदेव और राजा परीक्षित के जन्म के साथ-साथ भगवान् श्रीकृष्ण और विदुर की मित्रता का श्रोताओं को रसपान कराते हुए कहा कि भगवान ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाकर अपने प्रेमी को गले लगाते हैं। विदुर जैसे मित्र के घर उन्होंने साग खाकर सच्ची मित्रता का संदेश दिया। भगवान भोलेनाथ द्वारा पार्वती जी को अमर कथा सुनाने के प्रसंग के साथ सुखदेव जी के जन्म वृतांत की और महारानी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित के जन्म का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि कथा श्रवण में आने मात्र से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। भगवान भोलेनाथ ने माता पार्वती को जो अमर कथा सुनाई थी उसी श्रीमद्भागवत कथा से मानव जीवन का कल्याण हो रहा है। यह कथा देवो के लिए भी दुर्लभ है। कथा प्रेमी का हृदय दयापूर्ण होना चाहिए। सभी जीवों के प्रति प्रेम भाव की भावना जागृत होनी चाहिए।



नवाबगंज के महंगूपुर गांव में श्रीमद भागवत कथा कहते पं. राजकुमार शास्त्री।

### हथ बरारी के आदेश के बिना ही कर रहे पैमाइश, शिकायत

**तरबगंज गोंडा, अमृत विचार :** न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद दबंगों के दबाव में राजस्व कर्मी बगैर हदबरारी आदेश के ही जमीन पैमाइश कर कब्जा करा रहे हैं। पीड़ित ने राजस्व परिषद को शिकायत भेज कर कार्रवाई की मांग की है। मामला वजीरगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर घाट गांव के निवासी मोहराब का आरोप है कि चकबंदी के दौरान उसकी जमीन गाटा संख्या 712 के भू चित्र निर्माण में कमी कर दी गई। जिसके सही करने की रिपोर्ट मुख्य राजस्व अधिकारी के न्यायालय पर भेजी जा चुकी है। वहीं इस भूखंड पर दीवानी न्यायालय ने स्थगन आदेश पारित कर दिया है। जमीन चूंकि तरबगंज नवाबगंज मार्ग पर होने के कारण बेशकीमती है। इस प्रकरण में स्थानीय पुलिस और राजस्व कर्मी न्यायालय की स्थगन आदेश के बावजूद दबंगों मोहराब की जमीन कब्जा करा देना चाहते हैं। फिलहाल पीड़ित ने पूरे प्रकरण की शिकायत राजस्व परिषद और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है।

**सुविधा**

**15 मार्च से जनपद में शुरू होगी गेहूं की खरीद, 2275 प्रति क्विंटल के भाव से किसानों से खरीदा जाएगा गेहूं**

# गेंहू खरीद : 62 केंद्रों पर खरीद करेंगी पांच एजेंसियां

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में गेहूं खरीद को लेकर तैयारी तेज हो गई है। किसानों से गेहूं खरीदने के लिए जिलाधिकारी ने 62 क्रय केंद्रो का अनुमोदन दे दिया है। इस बार जनपद में गेहूं खरीद के लिए पांच एजेंसियों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें खाद्य विभाग, पीसीयू यूपीएसएस, पीएसएफ तथा भारतीय खाद्य निगम है। सभी एजेंसी के जिला प्रबंधकों को केंद्र स्थापित करने के लिए आवश्यक तैयारी पूरी करने को प्रशासन की ओर से कहा गया है।



जिले में किसानों से गेहूं खरीदने के लिए अफसर ने तैयारी तेज कर दी है। रबी विपणन वर्ष 2024 -25 में मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं खरीद आगामी माह के 15 मार्च से होगी। गेहूं खरीद के सारणी के अनुसार क्रय केंद्रों की सूची जिला प्रशासन की ओर से जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने 62 क्रय केंद्रों का अनुमोदन किया है। इस वर्ष 5 एजेंसियों को गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी मिली है। जिनमें से खाद विभाग के 17, पीसीयू के 13, यूपीएसएस के 12, पीसीएफ के 11 तथा भारतीय खाद्य निगम के 9 केंद्रों का अनुमोदन जिलाधिकारी ने किया है। गेहूं खरीद के नोडल अफसर के रूप में अपर जिला अधिकारी चंद्रशेखर को जिम्मेदारी मिली है। क्रय केंद्रों के अनुमोदन मिलने के बाद सभी एजेंसियों के प्रबंधकों को केंद्रो के स्थापित किए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। केंद्र मंडी परिसर ,ब्लॉक तथा तहसील स्तर पर स्थापित किए जाएंगे। शासन की ओर से गेहूं खरीदने के लिए किसानों का पंजीकरण भी शुरू कर दिया गया है। अब तक 900 से अधिक किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण भी करा लिया है। गेहूं खरीद से जुड़े अफसर सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को कम से कम 10 किसानों का गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराने का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सूची के अनुमोदन के बाद केंद्र प्रभारियों की तैनाती भी एजेंसी द्वारा शुरू कर दी गई है, साथ ही प्रभारी को निर्देश दिया जा रहा है कि वह लोग अभी से किसानों से संपर्क करें। इस बार सरकार की ओर से मूल समर्थन योजना के तहत गेहूं की खरीद 2275 रुपए प्रति क्विंटल की जाएगी। गेहूं खरीद से जुड़े अफसर मूल्य समर्थन योजना का प्रसार भी कर रहे हैं ताकि किसानों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024- 25 मूल्य समर्थन योजना का शुभारंभ इस वर्ष 15 मार्च से होगा। जिला अधिकारी ने 62 क्रय केंद्रो का अनुमोदन दिया है। किसानों के गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी 5 एजेंसियों को मिली है। एजेंसियों के प्रबंधकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। गेहूं बेचने के लिए किसानों ने पंजीकरण करना भी शुरू कर दिया है।

# श्रेया के दौरे ने सपा व कांग्रेस खेमे में बढ़ाई सियासी हलचल

- लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने का कर रहीं दावा

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे स्व बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा ने जिले का दौरा कर सपा और कांग्रेस खेमे में सियासी हलचल बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में श्रेया इंडिया गठबंधन से गोंडा लोकसभा सीट से दावेदारी कर सकती हैं। बृहस्पतिवार को सपा नेताओं व पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन्होंने इसके संकेत भी दिए। कहा कि सपा प्रमुख की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद ही वह यहां पहुंची हैं। श्रेया के इस दौरे ने जिले की सियासी हलचल बढ़ा दी है। सपा और कांग्रेस की नेता श्रेया के इस दावे की असलियत की पड़ताल में लग गए हैं। हालांकि सपा का कहना है कि श्रेया की दावेदारी बहुत हद तक भाजपा के टिकट पर भी निर्भर है।

सपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि अगर भाजपा इस बार पिछड़े उम्मीदवार पर दांव लगाती है तो फिर सपा अन्य विकल्पों पर विचार करेगी। श्रेया वर्मा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री व राकेश वर्मा की बेटी हैं। स्व. बेनी प्रसाद वर्मा वर्ष 2009 से 2014 तक गोंडा जिले से कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। इसी आधार पर अब उनकी पौत्री श्रेया इस सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं। गोंडा से उनके चुनाव लड़ने का आधार कुर्मी वोट बैंक भी है। इसी वोट बैंक के बलबूते स्व. बेनी प्रसाद ने 2009 में चुनाव जीता था। अब श्रेया भी इसी आधार को लेकर आगे बढ़ रही हैं। श्रेया ने बृहस्पतिवार को शहर के टाउन हाल में सपा नेताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी नब्ज टटोलने की कोशिश की। सपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत भी किया। बैठक में श्रेया में कहा कि वह सपा प्रमुख का आर्शीवाद लेकर ही यहां आई हैं। उन्होंने दावा किया कि गोंडा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की हरी झंडी मिल चुकी है। लोकसभा चुनाव में वह इंडिया गठबंधन से सपा की उम्मीदवार होंगी। बैठक के बाद वह सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह के घर भी गयीं और उनसे मुलाकात कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की।


पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ श्रेया वर्मा।

### लोकसभा क्षेत्र में सजातीय वोटरों पर नजर

**अमृत विचार :** गोंडा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मेहनौन, मनकापुर, गौरा, सदर व बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा शामिल है। इनमें मेहनौन व गौरा में कुर्मी मतदाताओं की बहुलता है। सदर व मनकापुर विधानसभा क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में कुर्मी मतदाता हैं। इन्हीं सजातीय वोटरों पर श्रेया की नजर है और इसी की बदौलत वह गोंडा सीट पर दावेदारी कर रही हैं।


गोंडा के टाउनहाल में श्रेया वर्मा का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता।

> राष्ट्रीय अध्यक्ष की बैठक में देवीपाटन मंडल के पदाधिकारी बुलाए गए थे। बैठक में कुर्मी प्रत्याशी देने पर चर्चा हुई थी। उम्मीदवारों का जो पैनल भेजा गया है इसमें श्रेया का नाम भी है। लेकिन अभी टिकट तय नहीं। श्रेया की उम्मीदवारी भाजपा के टिकट पर भी निर्भर है।
>
> –अरशद हुसैन, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

## 962 छात्रों को दिया गया टैबलेट

**मसकनवा गोंडा, अमृत विचार:** मां गायत्री रामसुख पाण्डेय डिग्री कालेज में टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि टेबलेट वितरण से युवाओं के सशक्तिकरण में सहयोग मिलेगा। इससे छात्र-छात्राओं को बेहतर जानकारी हासिल होगी। महाविद्यालय में कुल 962 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किया गया। इस मौके पर प्रशासक घनश्याम शुक्ला, अनिल पासवान, सुनील पांडेय, विनोद शुक्ला, अविनाश तिवारी, अरूण पाठक, कपिल देव वर्मा, इंद्रसेन उपाध्याय, विष्णु विवेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चोरी के मामले में युवक पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सिरसा गांव निवासी प्रेम नरायन पांडेय ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते शनिवार की देर सायं करीब सात बजे उसके घर के छत पर चढ़ कर चोर ने उसका चार बल्व, पानी का पाइप, प्लास्टिक का टब तसला, फावड़ा और सीसीटीवी का कैमरा तथा छोटा जनरेटर उठा ले गए। सीसीटीवी कैमरा टूटने पर जब वह छत पर जा कर देखा तो चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने कहा कि जब वह सीसीटीवी फुटेज को देखा तो बगल के निवासी हेमंत शुक्ला पुत्र स्व सतीश शुक्ला जनरेटर उठाकर ले जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया हेमंत शुक्ला के खिलाफ घर में घुस चोरी करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### शराब पीने गया युवक लापता, पत्नी ने दी तहरीर

**धानेपुर गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पूरे तिवारी रामसहाय गांव की रहने वाली श्यमावती ने थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि उसका पति शराब पीने गया था और वह घर वापस नहीं आया। पीड़ित महिला ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी उसके पति का पता नहीं चल सका है। उसने धानेपुर थाने पर तहरीर देकर दो लोगों पर उसके पति को गायब करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली है। पड़ताल कराई जा रही है।

### जमीनी रंजिश में मारपीट, पुलिस से शिकायत

**बभनान गोंडा, अमृत विचार :** छपिया थानाक्षेत्र स्थित पतिजिया खुर्द महन्दापुर निवासी राजकुमार ने पुलिस को दिए लिखित शिकायती पत्र मे बताया है कि बैनामे की जमीन के कब्जेदारी की रंजिश को लेकर शुक्रवार को करीब आठ बजे सुबह मेरे गांव के ठाकुर प्रसाद, रमेश व शिवम जो मेरे ही गांव के हैं। मेरे घर में घुसकर मेरी पत्नी राजरानी को गाली गलौज करते हुए लाठीडंडा से मारने लगे। उनके शोर पर बचाने मैं तथा मेरा बेटा मनीष बचाने दौड़ा तो उन लोगों द्वारा हम लोगों को भी मारा पीटा गया। शोर पर गांव को लोग दौड़े तो जान से मारने की धमकी देते वे भाग निकले। इस संबंध मे थानाध्यक्ष छपिया सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**धानेपुर गोंडा, अमृत विचार :** मुजेहना ब्लॉक में एसआईएस की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 8 अभ्यर्थी पहुंचे थे और तीन का चयन किया गया। जिन्हें लखनऊ में एक माह का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसके बाद में उनको अयोध्या मन्दिर के लिए ड्यूटी दी जाएगी। कोई भी अभ्यर्थी अगर आवेदन करना चाहता है तो वह 17 व 20 फरवरी को कटरा ब्लॉक में पहुंचकर आवेदन कर सकता है। भर्ती अधिकारी बालकेश कुमार ने बताया कि आवेदकों को 65 साल की उम्र तक अस्थाई नियुक्ति मिलेगी।

### दुकान में घुसा अनियंत्रित टेंपो, हादसा टला

**धानेपुर गोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर बाजार के पूरब गली के समीप शुक्रवार को एक टेंपो अनियंत्रित होकर एक दुकान में घुस गया। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाबागंज की तरफ जा रहे टेंपो को उसका चालक स्टार्ट करके सामान खरीदने चला गया। इसी बीच टेंपो अचानक चल पड़ा और एक घड़ी की दुकान में घुस गया। गनीमत रही की उस समय दुकान में कोई नहीं था। हादसे के बाद इतने में काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और चालक भी आ गया। इकट्ठा लोगो ने टेंपो को धक्का देकर दुकान से बाहर निकाला। चालक की कोई गलती न होने से लोगो ने कोई कार्रवाई नहीं की और टेंपू को जाने दिया।

# मेलार्थियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, 10 लोग घायल

## कोटवा धाम जा रहे थे यात्री, गोंडा-लखनऊ मार्ग पर जहांगिरवा के पास हुआ हादसा

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** बहराइच से कोटवा धाम जा रहे मेलार्थियों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को करनैलगंज के जहांगिरवा रेलवे क्रासिंग के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क किनारे खड़े एक दूसरे ट्रक में जा घुसी। इस भीषण हादसे के बाद सड़क पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पीआरवी व भंभुआ पुलिस चौकी के सिपाहियों ने घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में 10 लोग घायल हुए हैं जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों को मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर किया गया है। हादसा बृहस्पतिवार की रात करीब 12 बजे का हुआ।

बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र से 40 मेलार्थियों का जत्था ट्रैक्टर ट्रॉली से कोटवाधाम राम नगर बाराबंकी जा रहा था। गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित जहांगिरवा रेलवे क्रासिंग के समीप पीछे से गन्ना लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ट्रैक्टर सामने खड़े दूसरे ट्रक में जा घुसा और ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पीआरबी 0857 व भम्भुआ पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाकर एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया। हादसे में गंभीर रूप से घायल बब्लू वर्मा (28) पुत्र अमरनाथ वर्मा, अनंतराम चौहान (27) पुत्र गंगा प्रसाद व मंगल श्रीवास्तव (60) पुत्र शिव दुलारे निवासी श्रीनगर चौराहा विशेश्वरगंज बहराइच को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गोंडा रेफर कर दिया गया है। जबकि अंकुर कश्यप, शंकर प्रसाद, नंदकुमार, कल्पा, अनीस कुमार, गीता, राम कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज में भर्ती कराया गया है। सभी घायल बहराइच जिले के बड़ेगांव विशेश्वरगंज के रहने वाले हैं। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त टैक्टर। अमृत विचार


दुर्घटना में घायल लोग। अमृत विचार

### ट्रॉली पर मचान बनाकर बैठे थे यात्री

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर ट्राली से कोटवा धाम जा रहे मेलार्थी ट्राली में तख़्ते से मचान बनाकर बैठे थे। ट्राली में 40 से ज्यादा लोग सवार थे। कुछ यात्री ट्रैक्टर पर बैठे थे जिन्हें ज्यादा चोट लगी है। गनीमत रही ट्राली पलटी नहीं वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

### पुलिस व किसान यूनियन के नेताओं के बीच कहासुनी, दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**तरबगंज गोंडा, अमृत विचार :** मारपीट के बाद डॉक्टरी कराने के दौरान महिला पुलिस आरक्षी और किसान यूनियन नेताओं के बीच वीडियो बनाने के विवाद को लेकर कहासुनी हुई। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने किसान नेताओं को पीटा। वहीं, अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट और डॉक्टर ने दो किसानों पर सरकारी कामकाज में बाधा डालने और सरकारी कामकाज से रोकने का मुकदमा पंजीकृत कराया है। जबकि किसान नेताओं की शिकायत पर एसडीएम ने क्षेत्राधिकारी को पूरे प्रकरण की जांच सौंपी है। करनीपुर गांव में बीते 14 फरवरी की देर रात जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के किरन पुत्री खुशीराम (21) तथा खुशीराम पुत्र जियाऊ (58) तथा राम कला पत्नी खुशी राम (55) गंभीर अवस्था में पुलिस द्वारा स्थानीय सीएचसी पर डाक्टरी परीक्षण के लिए लाए गए थे। जिसमें एक महिला गंभीर बेहोशी अवस्था में थी। घटना की सूचना पर किसान यूनियन के नेता रवि नंदन और सुरेंद्र पाल भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सोहेल अहमद और फार्मासिस्ट सीता नाथ से किसान नेताओं की बहस हुई। अस्पताल कर्मियों का आरोप है कि किसान नेता मरीज के इलाज का वीडियो बना रहे थे। तथा इलाज करने से रोक रहे थे। इसी बीच महिला आरक्षी से कहा सुनी के बाद तरबगंज थाने की पुलिस ने उक्त किसान नेताओं को सीएचसी परिसर में जमकर पीटा। इसके बाद दोनों किसान नेताओं का शांति भंग की आशंका में चालान भी किया गया है।

# दो एएसपी, पांच सीओ और 500 पुलिसकर्मी की परीक्षा पर नजर


एलबीएस महाविद्यालय में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसपी व प्राचार्य।

गोंडा कार्यालय

- 25 केंद्रों पर होगी यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा, पहले दिन 22622 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम

**अमृत विचार:** 17 व 18 फरवरी को आयोजित यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले में तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस दो दिवसीय परीक्षा में कुल 45216 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहले दिन शनिवार को 25 केंद्रों पर 22608 अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंगे। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए दो अपर पुलिस अधीक्षक, 5 क्षेत्राधिकारी व 500 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र पांडेय के साथ महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर बिजली, पानी, शौचालय व अभ्यर्थियों को बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों व केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की जा चुकी है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। उन्होने बताया कि दो दिनों में कुल 5216 अभ्यर्था परीक्षा में शामिल होंगे। सुरक्षा की दृष्टि से जिले के दो एएसपी, पांच सीओ व पांच सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ एक अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। तीन परीक्षा केंद्रों को मिलाकर एक सेक्टर बनाया गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे जो भ्रमणशील रहकर केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।

# प्रभु नाम के संकीर्तन से प्राप्त होता है तपस्या जैसा फल

करनैलगंज,गोंडा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के पहाड़ापुर में चल रहे श्री श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में बृहस्पतिवार की शाम भगवान बारह अवतार कपिल व भरत उपाख्यान की कथा का वर्णन किया। कथावाचक पंडित वीरेंद्र गोपाल महाराज अयोध्या धाम ने भागवत जी की कथा विस्तृत ढंग से सुनाई। उन्होंने कहा कि यह मधुर फल भगवान नारायण से ब्रह्मा जी को और ब्रह्मा जी से नारद जी को प्राप्त हुआ और नारद जी से श्री व्यास जी को प्राप्त हुआ और श्री व्यास जी से सुखदेव को प्राप्त हुआ।

सुखदेव जी महाराज ने परीक्षित को इस फल का रसपान कराया। इस प्रकार शिष्य प्रशिष्य परंपरा द्वारा इस फल को कलयुग के मानवों के कल्याण के लिए मृत्यु लोक में लाया गया। भगवान के चौबीस अवतारों का प्रसंग एवं महाराज परीक्षित के जन्म एवं परीक्षित के श्राप का प्रसंग तथा सुखदेव के आगमन का प्रसंग बड़े ही रोचक ढंग से सुनाया गया। कथावाचक ने कहा कि अन्य युगों की अपेक्षा इस युग में दो हजार वर्षों तक तपस्या करने से जो फल प्राप्त होता था वह फल कलयुग में केवल भगवान नाम के संकीर्तन से प्राप्त होता है और मानव को अपने प्रतिदिन की क्रियाकलाप में पूजा, पाठ, भगवान नाम के संकीर्तन, भागवत कथा का श्रवण आदि के लिए भी समय निर्धारित करना चाहिए। कथा में श्रोताओं की भीड़ जुटने लगी है। कथा के दौरान श्रीनाथ रस्तोगी, मुकेश रस्तोगी, कृष्ण रस्तोगी, सोनू, महेश, आशीष सोनी, गोलू, राम भवन, रौनक, अजय, महेश रस्तोगी, रजत शुक्ला, शिवम गुप्ता, प्रदीप, नागेश्वर, शुभम सोनी, अमन सोनी, जगन्नाथ, रामकरण व अनुज समेत भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।


कथा कहते पंडित वीरेंद्र गोपाल।

# अदम गोंडवी मैदान रोडवेज को देने की मांग

- एआरएम ने बसों और यात्रियों की बढ़ती संख्या का दिया हवाला
- रोडवेज परिसर में शामिल होने से हल होंगी कई समस्याएं

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शहर के बीच में स्थित राजकीय बस अड्डा ट्राफिक व्यवस्था के लिए सर दर्द बनता जा रहा है। एक तरफ तो डग्गामार वाहनों के चलते रोडवेज की आय को चपत लगती है, वहीं दूसरी ओर रोडवेज महकमे और डग्गामार वाहन संचालकों के बीच रस्साकशी अक्सर जाम का कारण भी बन रहीं है। इसके अलावा यात्रियों व बसों की बढ़ती संख्या और परिसर का सीमित क्षेत्रफल भी समस्या बढ़ा रहा है। ऐसे मे एआरएम और कर्मचारी संगठनों ने डीएम को इस बाबत पत्र भेजा है।

***लॉक डाउन के दौर मे अदम गोंडवी मैदान मे थी बसों की पार्किंग :*** कोविड 19 संक्रमण जैसी आपात स्थिति मे प्रशासन ने अदम गोंडवी मैदान को रोडवेज के इस्तेमाल की अनुमती दी थी। गोंडा डिपो के बसों के ठहराव के लिए इसी मैदान को भौगोलिक रूप से उपयुक्त माना गया था क्यूंकि इसके पूर्वी और पश्चिमी छोर के गेट बलरामपुर, लखनऊ, अयोध्या, उतरौला व बहराइच को कनेक्ट करते हैं।


अदम गोंडवी मैदान और रोडवेज के बीच की दीवार। अमृत विचार

### 250 बसों का यहां रोजाना होता है आवागमन

गोंडा डिपो में निगम की बसों और अनुबंधित बसों समेत कुल 98 बसों का बेड़ा क्रियाशील है। इसके अलावा लखनऊ डिपो, बलरामपुर डिपो, बहराइच डिपो, अयोध्या डिपो, प्रयाग डिपो समेत लगभग 250 बसों का इस बस अड्डे पर नियमित आवागमन होता है।

### 24 हजार यात्रियों का है आवागमन

स्थानीय डिपो से प्रतिदिन 11 हजार और अन्य डिपो के 12 से 14 हजार यात्री वाया गोंडा डिपो ही आवागमन करते हैं। रोडवेज परिसर का संकुचित दायरा और सीमित भौतिक संसाधन यात्रियों की असुविधा की वज़ह बनते हैं। साथ ही चालकों व परिचालकों के लिए तमाम दिक्कतें हैं।

### बोले सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक

एआरएम कपिल देव ने बताया कि डीएम से मांग की गई है कि रोडवेज की दक्षिणी दीवार से सटे अदम गोंडवी मैदान को रोडवेज परिसर में मिलाने की अनुमती दी जाए। यदि ऐसा हुआ तो रोडवेज के संचालन मे आ रही तमाम दिक्कतों का व्यवहारिक समाधान हो सकेगा। बताया कि ग़्रह मांग व्यापक जनहित में की गई है जिसमें रोडवेज कर्मचारियों के सभी संगठनों की सहमति भी है।

## सार-संक्षेप

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह गोंडा, अमृत विचार :** मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के पैड़ीबरा बढ़ई पुरवा गांव निवासी दीपक कुमार तथा जेठपुरवा सलई पुरवा गांव निवासी अरविंद कुमार व विनोद कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों की गिरफ्तारी दारोगा प्रतीक पांडेय की अगुवाई में गठित पुलिस कर्मियों की टीम द्वारा की गई है।

### प्रेम बढ़ाने का झांसा देकर हार ले उड़ा मौलाना

**धानेपुर गोंडा, अमृत विचार :** पति–पत्नी व परिवार के बीच प्रेम बढ़ाने का झांसा देकर एक मौलाना मुस्लिम महिला से उसका सोने का हार लेकर चंपत हो गया है। ठगी का एहसास होने पर महिला ने धानेपुर पुलिस से शिकायत की है। जिस पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। धानेपुर थाना क्षेत्र के मेहनौन गांव की रहने वाली महिला आसमां पत्नी मो. मुख्तार अहमद के मुताबिक पति व परिवार से कुछ मनमुटाव बना रहता था। इसका फायदा उठाकर उसके गांव का रहने वाला एक मौलाना उसके संपर्क में आया और कहा कि ऐसा झाड़ फूंक और दुआ भभूत कर देंगे कि पति और परिवार के बीच का मनमुटाव खत्म हो जायेगा। इसके बदले मौलाना ने एक तोला सोने का हार ले लिया और चला गया। महिला के मुताबिक उसके पास अब जब वह फोन करती है तब वह फोन बंद कर लिया है और कहीं चला गया है। जिससे वह परेशान है। थाना प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है।

### ट्रेन के ठहराव को लेकर आठ मार्च से होगा धरना

**इटियाथोक/गोंडा, अमृत विचार :** समाजसेवी पूर्व प्रधान दिनेश शुक्ला के द्वारा बाबागंज मार्ग पर रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ठहराव को लेकर 16 फरवरी से इटियाथोक रेलवे स्टेशन प्रांगण में धरना प्रदर्शन आयोजित किया था। यह धरना प्रदर्शन अब 8 मार्च 2024 को किया जाएगा। इस संबंध में समाज सेवी दिनेश शुक्ला ने एक पत्र जारी करते हुए बताया कि अयोध्या धाम में आस्था ट्रेन के संचालन के कारण रेलवे के कर्मचारी और अधिकारी उसमें व्यस्त है जिसके कारण 16 फरवरी 2024 जो धरना प्रदर्शन की तारीख थी उसे 8 मार्च 2024 के लिए बढ़ा दिया गया है इसके पूर्व यदि रेलवे प्रशासन के द्वारा दोनों मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तो 8 मार्च 2024 को 12 :30 अपराहन से आमरण अनशन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### शिवनाथ गुप्ता भोजवाल जिलाध्यक्ष मनोनीत

**बेलसर (गोंडा), अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता ने भाजपा पार्टी को छोड़ते हुए राष्टीय अखंड पार्टी ज्वाइन किया है। उनको पार्टी में जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। नगर पंचायत क्षेत्र बेलसर के वार्ड नंबर 16 चांदपुर निवासी शिव नाथ गुप्ता भोजवाल को राष्टीय भारतीय अखंड पार्टी का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनीत किए जाने पर दीपक गुप्ता ,मनीष गुप्ता ,पूर्व प्रधान अवधेश कुमार दुबे ,राजेश गुप्ता,जय बहादुर सिंह,ने शिव शंकर गुप्ता,अर्जुन गुप्ता आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### पशु सचल सेवा टीम ने किया पशुओं का उपचार

**परसपुर (गोंडा), अमृत विचार :** पशु पालन करने वाले लोगों के लिए त्वरित चिकित्साक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की गयी एनीमल एम्बुलेंस द्वारा शुक्रवार को विकास क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पशु चिकित्सा टीम पहुंच कर पशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत सालपुर धौताल, त्यौरासी तथा धानी गांव में सचल पशु चिकित्सा के एनीमल एम्बुलेंस पर गये चिकित्सा टीम के प्रभारी डां हेमन्त सिंह ने सचल चिकित्सा वाहन के बारे में बताते हुए पशु पालकों को जागरूक करते हुए कहा कि अब पशु पालकों अब इधर–उधर भटकने की जरूरत नही है पशुओं के बीमार होने पर डायल 108,102 की तरह ही घर बैठे 1962 डायल करें। सचल एनीमल एम्बुलेंस डाक्टर टीम के साथ आपके घर पर ही आपके पशुओं की इलाज करेगी।तथा कैम्प में बदलते मौसम में पशुओं के रखरखाव तथा खान पान के बारे में बताने के साथ–साथ पशु पालकों को एण्टी वर्म की दवाइयाँ का नि :शुल्क वितरण एवं पशुओं के उपचार किये गये। उक्त अवसर पर मनोज कुमार अवस्थी, नांहू अवस्थी, रामवरन अवस्थी, काशी प्रसाद सिंह, अनिल सिंह, विपिन सिंह, बलभव प्रसाद, रामकुमार सहित दर्जनों किसान एवं पशुपालक उपस्थित रहे।

मनमानी | सहालग में रोजाना पालिका प्रांगण की बुकिंग से कामकाज प्रभावित

# बारात घर बन गया है पालिका का कैम्पस

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बाहर का शोर शराबा सुनकर कर्मचारियों ने खिड़की बंद कर ली ताकि दफ्तर का कामकाज सुचारू रूप से हो सके, लेकिन बाहर जल रही भट्ठी पर जैसे ही हलवाई ने मसालों की तीखी छौंक लगाई, स्वास्थ्य और टैक्स अनुभाग मे बैठे कर्मचारियों का छींकते और खांसते बुरा हाल हो गया। यह हाल एक दो दिन का नहीं है, सहालग शुरू हुआ तबसे है। नगरपालिका दफ्तर स्थित खाली मैदान को आए दिन होने वाले शादी पार्टी समारोह मे बुक करने की अजब परिपाटी शुरू हो गई है। बुकिंग का पैसा किसकी जेब में जा रहा है इसे बताने को जिम्मेदार तैयार नहीं हैं। इतना ही नहीं इन गतिविधियों के चलते कर्मचारियों का कामकाज भी बुरी तरह प्रभावित होता है।


नगरपालिका दफ्तर कैम्पस में लगा टेंट।

### बुकिंग का है प्रावधान

गांधी पार्क स्थित समपूर्णानंद प्रेक्षागृह और उसके पीछे बने मैरिज हाल की बुकिंग कर पालिका बढ़ियां आय करती है। इसी तर्ज़ पर नगर पालिका दफ्तर के बगल कैम्पस में ही पड़े मैदान को भी बुक कर आमदनी कमाने का प्रस्ताव किया गया। लेकिन यहां की बुकिंग पालिका कर्मचारियों के निजी आय का साधन बन चुकी है। सहालग भर यहां टेंट लगा तो नजर आता है लेकिन बुकिंग का ब्यौरा अधिकांश जुबानी ही है। कुछ कर्मचारी दबी जुबां बताते हैं कि फला जनप्रतिनिधि तो कभी फला रसूखदार का फोन आता है जिसके चलते फ्री बुकिंग करनी पड़ती है।

### निःशुल्क बुकिंग सिर्फ अधिशासी अधिकारी को

अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा बताते हैं कि समपूर्णानंद प्रेक्षागृह (टाउन हाल), मैरिज हाल, पालिका कैम्पस, पानी टैंकरों आदि की बुकिंग में आंशिक या पूर्ण छूट देने का अधिकार सिर्फ उन्हें है। बोले कि पालिका दफ्तर स्थित कैम्पस की बुकिंग मे वस्तुस्थिति क्या है इसका पता लगाया जाएगा। बोले कि बिना उनकी अनुमती फ्री की बुकिंग अवैध है। मामला प्रकाश में आया तो करने और कराने वाले दोनों के विरुद्ध एक्शन लिया जाएगा।

# पुलिस ने पकड़ा गोवंश लदा ट्रक और बोलेरो

गोंडा कार्यालय

- बरामद पांच गोवंश को डेहरास गौश्रय केन्द्र में कराया सरंक्षित

**अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर बलिकरन पुरवा तुलसी जन्मभूमि मंदिर के समीप ट्रक में गोवंशों को लादते समय पुलिस ने छापेमारी करके पांच गौवंश बरामदगी समेत चौपहिया दो वाहन हिरासत में लिया है।

परसपुर थाना के एसआई किशोर पासवान मय हमराही पुलिस बल के साथ शुक्रवार की बीती रात में क्षेत्र में गश्त में भ्रमणशील रहे। तभी पुलिस टीम ने राजापुर बंधा के पीछे खेत में ट्रक वाहन में लद रहे गोवंशों के पीआरवी मोबाइल की सूचना पर छापेमारी की। मौका पर टॉर्च की रौशनी करते ही ट्रक चालक व गोवंश लाद रहे लोग फरार हो गये। पुलिस ने ट्रक वाहन में लदे पाँच गोवंश व ट्रक तथा बोलेरो गाड़ी को अपने कब्जे में लिया। इस बाबत थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि बरामद पांच गोवंशों को डेहरास के गौ आश्रय केन्द्र पर सरंक्षित किया गया। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध गोवध निवारण, पशु क्रूरता अधिनियम एवं एमवी एक्ट के विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# स्वास्थ्य टीम के पहुंचते ही फरार हुआ झोलाछाप

## टीम ने मुकदमा दर्ज करने का दिया निर्देश

विशेश्वरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के ग्राम पंचायत बसनेरा के रामायणपुरवा बरगदही रोड पर फर्जी जन स्वास्थ्य परामर्श सहायता मेडिकल ट्रेनिंग हेल्प ऑर्गेनाइजेशन के नाम से दुकान संचालित है। यहां पर सरकारी दवाएं उपलब्ध होने और बिना डिग्री और लाइसेंस के क्लीनिक संचालन की जांच के लिए स्वास्थ्य टीम पहुंची। लेकिन स्वास्थ्य टीम के पहुंचने से पहले ही झोलाछाप दुकान बंद कर फरार हो गया।

विशेश्वरगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत बसनेरा में बरगढ़ी रोड पर जन स्वास्थ्य परामर्ट सहायता मेडिकल ट्रेनिंग सेंटर का संचालन होता है। जिसे डॉक्टर पीके यादव संचालित करता है। पिछले दिनों लोगों ने इसकी शिकायत अधीक्षक डॉक्टर धीरेंद्र कुमार तिवारी से की। जिस पर वह मौके पर पहुंचे तो छानबीन उन्हें कोई डिग्री व कागज नहीं दिखा पाया। सरकारी दवाएं काफी मात्रा में संस्थान पर पाई गई।

अधीक्षक तिवारी ने छानबीन की तो डॉक्टर फर्जी तरीके से कार्य करता पाया गया। जिस पर उन्होंने विभागीय उच्च अधिकारियों को एवं एसडीएम को लिखित सूचना दी थी। जिसके क्रम में शुक्रवार को जिले से एडिशनल सीएमओ डॉक्टर पीके बांदिल, डॉक्टर संजय सोलंकी, अधीक्षक धीरेंद्र तिवारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अमरसेन गुर्जर, अरुण श्रीवास्तव रामायण पुरवा बरगदही में छापेमारी की, लेकिन दुकान बंद कर फरार हो गया। इस संबंध में पता लगा की सरकारी दवाइयां जो थी, उसमें सीएमओ के यहां अर्दली के रूप में कार्य कर रहे रंजीत की ओर से उपलब्ध कराई जा रही थी। जिस पर एडिशनल सीएमओ पीके बादल व संजय सोलंकी ने अधीक्षक तिवारी को फर्जी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराए जाने तथा दुकान को सील कराया जाने के निर्देश दिए।

जिस पर नायब तहसीलदार महबूब अंसारी व पयागपुर की पुलिस तथा क्षेत्र के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संसार मणि शुक्ला, सहित तमाम लोग मौजूद रहे। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि यहां दर्जनों लोगों से अवैध वसूली नौकरी के नाम पर वह ट्रेनिंग के नाम पर इस संस्थान द्वारा की गई है, इसकी भी चर्चा आम है।



विशेश्वरगंज के बसनेरा में क्लीनिक की जांच करते स्वास्थ्य अधिकारी।

### अर्दली के संलिप्त होने का आरोप

संस्थान से सीएमओ कार्यालय का अर्दली रंजीत कुमार संलिप्त होने की जानकारी भी प्राप्त हुई है, जिसके वजह से सरकारी दवाइयां क्लीनिक पर पहुंच रही है।

### नहीं मिली तहरीर

क्षेत्र में फर्जी क्लिनिक संचालन की जानकारी नहीं है न ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें कोई सूचना दी गई है तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

–पंकज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष

## सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष बने रवींद्र

**बहराइच, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा नें कैंसरगंज तहसील के कुण्डासर के निवासी रविंद्र मौर्य 'टिंकू' को छात्र सभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। रविंद्र मौर्य के छात्र सभा जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर तमाम समाजवादी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस मौके मनीष मौर्यवंशी, सभासद रोहित मौर्य, विक्रांत सिंह, विनीत कश्यप, अंसार अली, अमृतलाल मौर्य, अश्वनी कौशल, जय प्रकाश, संतोष कुमार, आशीष श्रीवास्तव, राइश अहमद, राजित राम, दिलीप मौर्य, राहुल, बाबू यादव, कामरान यादव, खूबेब अहमद, कुमार, अजमल आदि कार्यकर्ताओं का बधाई देने का ताता लगा हुआ है



# लखनऊ व बहराइच ने जीते अपने मुकाबले

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर-19 देवीपाटन चैलेंज कप राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार दो मुकाबले खेले गए। जिसमें बहराइच और लखनऊ की टीम ने अपने अपने मैच जीत लिया।

पहला मुकाबला बहराइच रेड और डीसीए जालौन के बीच केडीसी के मैदान पर खेला गया जिसमे टॉस जीतकर जालौन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बहराइच की घातक गेंदबाजी से जालौन की पूरी टीम 19 ओवर में मात्र 38 रनों पर ऑल आउट हो गई बहराइच की तरफ से त्रिपुरेश मिश्रा ने तीन तुषार एवं दिव्यांशु ने दो-दो एवं अक्षत सिंह ने एक विकेट लिया । 39 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए डीसीए बहराइच रेड ने चार ओवर में 42 रन बनाकर 8 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। जालौन की तरफ से सक्षम त्रिपाठी ने दो विकेट लिए । मैन ऑफ द त्रिपुरेश मिश्रा को चुना गया। वही दूसरा मुकाबला लखनऊ एवं डीसीए रायबरेली के मध्य इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला गया । जिसमें टॉस जीतकर लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 226 रनों का स्कोर खड़ा किया । जिसमें ऋतुराज सिंह ने शानदार 109 रन बनाए। रायबरेली की तरफ से आदित्य सिंह ने दो एवं सम्मान और अभिषेक ने एक-एक विकेट लिए। 226 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए रायबरेली की टीम 120 रनों पर ऑल आउट हो गई। लखनऊ की तरफ से मुबाशिर ने चार पवन ने तीन आसिफ अली ने दो एवं हाशिम ने एक सफलता अपने नाम की। अंपायर की भूमिका में विकास पांडे एवं नीरज शुक्ला रहे। बीसीसीआई स्कोरर आशुतोष बाजपेई रहे। आंखों देखा हाल गोविंद चौहान द्वारा सुनाया गया। मैच में मैन ऑफ द मैच कीर्तुराज राज सिंह को चुना गया। इस अवसर पर डीसीए सचिव इशरत महमूद खान, आकाश पांडे , चाँद क्रिकेटर ,हरेंद्र वेदवान , अभिषेक शुक्ला ,कुसमेन्द्र सिंह राणा , अटल सिंह, आयुष चित्रांश, कैराती , रवि यादव ,टीटी , निखिल श्रीवास्तव सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। शनिवार का पहला मुकाबला लखनऊ और जालौन और दूसरा मुकाबला बहराइच रेड एवं रायबरेली के बीच में इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जाएगा।


इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता में शाट मारता खिलाड़ी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा आज और कल, कंट्रोल रूम स्थापित


जांच करतीं डीएम और एसपी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में शनिवार और रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला प्रशासन की ओर से कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती शनिवार से शुरू है। बहराइच में 17 और 18 फरवरी को होने वाले पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। इसको लेकर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सभी केंद्र प्रभारी से मीटिंग कर नकल विहीन शांतिपूर्ण निष्पक्ष परीक्षा कराने को लेकर ब्रीफिंग की।वहीं, डीएम ने स्वयं सभी केंद्रों निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा कंट्रोल रूम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा को लेकर 14 केंद्र बनाए गए हैं। दो पालियों में परीक्षा संपन्न होना है। प्रत्येक केंद्र पर एक पाली में तकरीबन 7000 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। दो दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा में करीब 28 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सभी सेंटरों में सीसीटीवी लगाया गया है। जिसकी निगरानी कलेक्ट्रेट में बने कंट्रोल रूम से मॉनेटरिंग सेल द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया की सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। निष्पक्ष व नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर प्रशासन कटिबंध है।

# शाखाओं में खोले हेल्प काउंटर

नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार :** नगर के स्टेशन रोड स्थित इंडियन बैंक नानपारा की मुख्य शाखा में वरिष्ठ नागरिकों व खाता धारको की बैठक शाखा प्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में सभी उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत पुष्प देकर शाखा प्रबंधक श्रीवास्तव ने किया।

बैठक को उप महा प्रबंधक रविंद्र कुमार सिंह ने वर्चुअल सम्बोधित किया।बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने नगर की सभी प्रमुख बैंक शाखा में होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि नई व्यवस्था में खाताधारको को जो कम पढ़े लिखे होने की दशा में वाउचर आदि भरने वाली समस्या को लेकर में आई हेल्प यू की काउंटर बनाने के सन्दर्भ में दिया गया जिसका समाधान उप महाप्रबंधक रविंद्र कुमार सिंह ने शाखा प्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तव को हेल्प काउंटर खोले जाने का निर्देश दिये तथा ग्राहकों की अच्छी सर्विस के लिये बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देशित करते हुए ग्राहकों को अच्छी सुविधा प्रदान करते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में तथा साइबर फ्रॉड के बारे में बताया। शाखा प्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी वरिष्ठ नागरिकों और खाताधारकों से अनुरोध किया कि आप अपने खाते की कोई गोपनीयता किसी के फोन आने पर उसे साझा ना करें बैंक आपसे कोई भी डिटेल जानने के लिए फोन नहीं करता है आप अपनी ओटीपी बैंक पासबुक नंबर, आधार नंबर किसी से भी साझा ना करें । यदि आपको किसी भी तरीके की असुविधा हो तो शाखा पर आकर बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से संपर्क करें ताकि धोखाधड़ी से आप बच सके ।उन्होंने बैंक के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली सुविधा तथा ब्याज दरों की बारे में भी ग्राहकों को बताया ।बैठक में राजेश भीमराजका, ओमप्रकाश छापड़िया, आदेश अग्रवाल, अजय कुमार टेकड़ीवाल सुरेश शाह, शिवकुमार टेकडीवाल आदि लोग उपस्थित रहे।


इंडियन बैंक में आयोजित बैठक में शामिल अधिकारी और अन्य।

## अज्ञात शव की हुई पहचान सड़क दुर्घटना में युवक की हुई थी मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के तीन दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में युवक मौत हो गई थी। पुलिस ने शव की पहचान के लिए युवक के शव मर्चरी में रखवाया था। युवक के शव की पहचान कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव आगापुरवा शेखदहीर निवासी संतोष कुमार निषाद पुत्र मेंही लाल उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया युवक 12 फरवरी को घर से पैदल घूमने टहलने के लिए निकला था। और वापस घर नहीं आया। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से युवक के शव की पहचान परिजनों ने की। पुलिस के मुताबिक युवक की 12 फरवरी को सड़क दुर्घटना में कोतवाली देहात क्षेत्र के टिकोरा मोड़ पर ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस को युवक की पहचान न होने पर शव को मर्चरी में रखवाया गया था। जिसकी शव की पहचान हुई है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

# जिलाधिकारी ने सौन्दर्यीकरण कार्य का लिया जायजा



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने भिनगा स्थित पटेल नगर चौराहे पर कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा को निर्देशित किया कि सौन्दर्यीकरण कार्य को समय–सीमा के अन्दर पूरा कराया जाए। जिससे जनपद का चहुंमुखी विकास कर उसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाया जा सके। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि नगर में कहीं भी अवैध रूप से अतिक्रमण न होने पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना नगर पालिका का दायित्व है। इसलिए नगर को विशेष अभियान चलाकर स्वच्छ बनाया जाए और नगर में चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समय–सीमा में पूरा कराया जाए, जिससे नगर का वातावरण और भी मनोरम हो सके। इस अवसर पर अवर अभियंता नीरज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा डा0 अनीता शुक्ला एवं वार्ड के सदस्यगण मौजूद रहे।

# इलाज से ठीक हो सकता है कुष्ठ रोग

श्रावस्ती

**अमृत विचार:** राज्य कुष्ठ अधिकारी डॉ. जया देहलवी ने जिले का दौरा कर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं बीती 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाए गए स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की समीक्षा की।

इस मौके पर सिरसिया ब्लॉक के गुलरा अतिथि गृह में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही कुष्ठ रोगियों से मुलाकात कर उनका हालचाल भी लिया। डॉ. जया देहलवी ने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है। समय से जांच और उपचार कराने से कुष्ठ रोग से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई नया कुष्ठ रोगी चिन्हित होता है तो उसके आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बचाव की दवा खिलाई जाए। इसके अलावा यदि कहीं से बाल कुष्ठ रोगी और ग्रेड टू के रोगी मिल रहे हैं तो वहां सघन अभियान चला कर बचाव के इंतजाम किये जाएं। इस मौके पर सीएमओ डॉ. अजय प्रताप सिंह ने उन्हें राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम और स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा समय में जिले में कुल 128 कुष्ठ रोगी हैं और इन सभी का उपचार भी किया जा रहा है। इन्हें समय पर दवाएं तो उपलब्ध कराई ही जा रहीं हैं, साथ ही समय-समय पर इन मरीजों से मुलाकात कर उन्हें स्वास्थ्य की भी जानकारी ली जा रही है। इस दौरान कुष्ठ रोग के लक्षणों, इलाज और बचाव के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी, सीएमओ कार्यालय सहित सभी सीएचसी, पीएचसी व ग्राम पंचायतों में जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सुनाया गया और कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दोहराते हुए जन जागरूकता की अपील की गई। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जो नये कुष्ठ रोगी मिलते हैं उनके घर के दायें, बायें और सामने के तीन-तीन घरों और उनके परिवार के सभी सदस्यों की सघन स्क्रिनिंग कर उन्हें बचाव की दवा भी खिलाई जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रेड टू या बाल रोगी मिलने पर पूरे गांव का सर्वे कर बचाव की दवा खिलाई जाती है और शहरी क्षेत्रों में ऐसी स्थिति में आसपास के दस घरों में बचाव की कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर डॉ. जया देहलवी ने कुष्ठ रोगियों को रबर की चप्पलें, स्वयं देखभाल किट एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के स्वयं सेवक महादेव के सराहनीय प्रयासों के लिए राज्य कुष्ठ अधिकारी एवं सीएमओ ने उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस मौके पर सभी सीएचसी अधीक्षक एवं कुष्ठ विभाग के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



## वर्ग पहेली-345

**बाएं से दाएं**

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित
3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे– घास–भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। [मु.] –फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।



### वर्ग पहेली - 344 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चिं | 2 गु | ड़ | ना | ■ | ■ |
| ■ | ण | ■ | ■ | 3 धा | ■ |
| ■ | सा | ■ | 4 गो | र | सी |
| 5 मं | ग | ल | पा | णि | ■ |
| ■ | र | ■ | 6 च | क | ई |
| ■ | ■ | 7 ब | ल | ■ | ■ |
| 8 पां | व | ■ | ■ | 9 झूँ | क |

## सुडोकू -62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 4 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 7 | | | 1 |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| 6 | | 1 | | | 8 | | 3 | |
| | 2 | | 3 | | 9 | | | 6 |
| 4 | | | | | 5 | | | 7 |

### सुडोकू - 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |

## गड्ढे से दुर्घटना के शिकार हो रहे ग्रामीण

**कैसरगंज, बहराइच :** कैसरगंज तहसील के रेवली आदमपुर बाँध के किनारे जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं। जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है साथ ही साथ ग्रामीणों को इस बात का भी भय है कि यदि आगामी कुछ महीनों बाद बाढ आयी तो बाढ़ का पानी गांव में भी घुस सकता है। ग्रामीण में इसकी शिकायत उच्चाधिकारी से की है। कैसरगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक के पश्चिमी ग्राम नौगइयाँ के मजरा झुड़िया ,कुर्मिनपुरवा के पास तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया है ।जिसकी समय रहते मरम्मत न की गई तो बड़ी घटना घटित सकती है। झुड़िया निवासी अनिल सिंह, 'बृजेश सिंह 'बैजनाथ सिंह' लालता प्रसाद 'अर्जुन सिंह' कौशल 'जंग बहादुर ने बताया कि बाँध की मरम्मत कराया जाना बेहद आवश्यक है जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में सड़क दुर्घटना भी होती रहती है ।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, शनिवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि– अष्टमी 08.15 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पूर्व। **ऋतु**–शिशिर।
चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–कृत्तिका 08.46 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान को करियर में बेहतर विकल्प मिलने की संभावना बन रही है। गलत निर्णयों के कारण काफी परेशानी बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ पारिवारिक समारोह में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृष** – आज ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको धन लाभ मिलेगा। आपको कहीं से शुभ सूचना मिलने की संभीवना बन रही है।

**मिथुन** – आज आप परिजनों की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरेंगे। प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचें। बैंकिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यवसाय में लापरवाही भारी पड़ सकती है। पति–पत्नी के आपसी संबंधों में थोड़ा तनाव हो सकता है।

**कर्क** – आज संतान की उपलब्धियों से हर्षित होंगे। कमीशन आदि से धन लाभ मिल सकता है। प्रेमी जन से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। आप बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह आदि कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

**सिंह** – आज व्यवसाय में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नए व्यावसायिक संपर्कों से आपको विशेष लाभ होगा। महिलाओं को करियर के अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। शोधकार्यों से जुड़े लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**कन्या** – आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी वर्ग के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। विनिर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**तुला** – आज कर्ज लेने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। बच्चों की संगत का ध्यान रखें। व्यवसाय में आपको संघर्ष करना पड़ेगा। माता–पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। रिश्तेदारों से कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**वृश्चिक** – आज नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। आप प्रतिद्वन्दियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण करें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छी सफलता मिल सकती है। आप एक साथ कई कार्य करने का प्रयास करेंगे।

**धनु** – आज मन में चंचलता रहेगी। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के विषय में योजना बना सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर** – आज किसी रिश्तेदार से कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से परेशानी होगी। आपको समस्याओं के बजाय समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता का वातावरण रहेगा।

**कुंभ** – आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कुसंगति से बचें वरना आपकी छवि पर बुरा असर पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। मानसिक कष्ट की स्थिति बन सकती है।

**मीन** – आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए आपको निमंत्रित किया जा सकता है। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सामाजिक कार्यों को व्यक्तिगत कार्यों से भी अधिक महत्व देंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कीमत – सुबह : 10.19
सपूत – रात : 07.00

SONY MAX
जर्सी – सुबह : 09.53
आंख मिचौली – रात : 10.00

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो – सुबह : 10.54
बुलेट ट्रेन – रात : 09.00

ZEE CINEMA
एलोन – सुबह : 10.30
रईस – रात : 07.30

colors CINEPLEX
दोस्ताना – दोपहर : 12.47
गोविंदा नाम तेरा – रात : 09.56

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात–07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भिखारी – साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी– लेकिन कॉफी तो 10 रुपये की आती है!
भिखारी– मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न।
आदमी–अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी– नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पापा– बेटा आज तेरी मम्मी इतनी चुप–चाप क्यों बैठी है?
बच्चा–उन्होंने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी, गलती से मैंने फेवीस्टिक दे दी।
पापा (आंख में आंसू के साथ)– जुग–जुग जिओ मेरे लाल ऐसा बेटा भगवान सभी को दे।

## एक नजर

### सम्पूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी को

**बहराइच, अमृत विचार :** शासन के निर्देश के क्रम में 17 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा तथा 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सिरेमनी के आयोजन के कारण तृतीय शनिवार 17 फरवरी को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी मंगलवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी तहसील सदर बहराइच एवं अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

### परेड स्थल का एसपी ने किया निरीक्षण

**बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड स्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने परेड की सलामी ली। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। एसपी ने पुलिस लाइन के विभिन्न अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य मौजूद रहे।

### विधान सभा सचिव बने कृपाराम

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशनुसार जिला बहराइच के 283 विधान सभा नानपारा में बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार जाटव के नेतृव में गठन हुआ है। जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव के नेतृत्व में विधान सभा अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सोनी ने बताया कि विधान सभा कार्यकारणी के सदस्यों को मनोनीत कर के संघठन का विस्तार किया गया जिसमे कृपा राम यादव एडवोकेट को विधान सचिव बनाया गया। राशिद अहमद को विधान सभा सचिव के पद पर नियुक्ति किया गया। पप्पू यादव को ब्लाक बाबागंज का अध्यक्ष बनाया गया। नौशाद अहमद उपाध्यक्ष, देवेंद्र यादव प्रभारी, जमील खां सदस्य, प्रताप कुमार बेला को मनोनीत किया गया।

### शांतिभंग में 5 अभियुक्त गिरफ्तार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम तुलसीरामपुरवा मे गाली गलौज करते हुये आमदा फौजदारी होने व सेमरियावा मे दो पक्ष मकान गिराने की बात को लेकर आपस मे विवाद कर रहे थे समझाने बुझाने पर प्रथम पक्ष का एक व्यक्ति उग्र होकर आमदा फौजदारी होने लगा ऐसे में पुलिस ने शान्ति भंग की आशंका के दृष्टिगत आकाश पुत्र लल्ला, ऋषि तिवारी पुत्र संतोष, सूरज गुप्ता पुत्र पवन कुमार, अमित गोस्वामी पुत्र बनवारी, राघवराम पुत्र राम समझावन को को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश होने को रवाना किया।

# निकाय स्थलों को बनाएं आकर्षक: डीएम

बहराइच



कलेक्ट्रेट में बैठक लेती जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री पीएम स्वनिधि योजना तथा निकायों में संचालित अन्य योजनाओं कीa समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृति कार्यो को तत्काल आरम्भ करा दिया जाय किसी भी दशा में कार्य अनारम्भ की स्थिति में न रहे। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि निकायों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों के लिए उपयुक्त स्थान का चिन्हांकन कर वहां पर मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जाय। निकायों के सौन्द्रीयकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। निकायों को साफ-सुथरा रखने के लिए निर्धारित स्थान पर कूड़ा डाला जाय। यदि भ्रमण के दौरान किसी प्लाट या इधर-उधर कूड़ा पाया गया तो सम्बन्धित निकायों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि निकायों के सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा एवं आकर्षक बनाया जाय। निकायों के निष्प्रयोज्य उपकरणों, अभिलेखों इत्यादि का नियमानुसार समय से निस्तारण भी कराया जाय। अधिशाषी अभियंता डमेस्टिक प्रापर्टी रजिस्टर का समय-समय पर रेण्डमली चेक भी किया करें। निकाय क्षेत्र के परिधि में पूर्व से संचालित गौआश्रय स्थलों में यदि पर्याप्त स्थान है तो निकाय भी उसी में अपने गौआश्रय स्थल संचालित कर निकायों के निराश्रित गौवंशों को संरक्षित किया जाय। इसी प्रकार मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, पं दीन दयाल आदर्शनगर योजना इत्यादि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, निकायों के अधिशाषी अधिकारी, वचुअर्ली उप जिलाधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा पर पार्टी ने किया भरोसा

**बाबागंज, बहराइच :** सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज में एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी नें भरोषा जताते हुये रुपईडीहा मंडल अध्यक्ष के रूप में अजय मिश्रा को दोबारा में मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दे दी है। जिससे रुपईडीहा मंडल क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना हुआ है। बाबागंज स्थित कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का तांता लगा रहा। लोगो ने मंडल अध्यक्ष को पुष्प- माला आदि देकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान भाजपा मंडल मंत्री योगेश पाण्डेय, मंडल महामंत्री प्रहलाद वर्मा, उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री कन्हैया वर्मा, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महराजदीन वर्मा, मंडल मंत्री विजय सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवराज सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीमसेन मिश्रा, पंकज कस्यप बूथ अध्यक्ष गंगापुर अजय मिश्रा आदि लोगों के साथ क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में बधाई देने के लिए भाजपा कार्यालय पहुँचते दिखे।

# प्रोन्नति पाकर पहली बार घर पहुंचने पर सीओ का हुआ स्वागत



सीओ का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** जिले में क्षेत्राधिकारी कैसरगंज के पद पर तैनात रुपेन्द्र कुमार गौड के प्रथम घर आगमन पर भाजपा विधायक समेत क्षेत्रीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया।बुलन्दशहर जिले के सठला नरौरा निवासी रुपेन्द्र कुमार गौड जिले के कैसरगंज में क्षेत्राधिकारी पद पर तैनात है। इससे पहले रामपुर में सीओ आफिस, सीओ ट्राफिक और सीओ लाइन पद पर तैनात रह चुके है।वर्ष 2023 में प्रोन्नति पाकर इंस्पेक्टर से सीओ बन गए।ब्यस्तता की वजह से वह प्रोन्नति पाने के बाद अपने पैतृक घर नही जा सके।परिजनों के द्वारा मां के अस्वस्थ होने की सूचना पाकर पहली बार अपने पैतृक घर पहुंचे। श्री गौड के प्रथम आगमन पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी सहित भाजपा कार्यकताओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने फूल माला पहनाकर भब्य स्वागत किया। इस मौके पर किताब सिंह यादव, परमानंद निषाद, ओम भरद्वाज, प्रियम ठाकुर, हिमांशु भारद्वाज, ओम प्रकाश वर्मा, अशोक भारद्वाज, रामसेवक भारद्वाज,बंटी शर्मा, कप्तान सिंह, प्रभा वर्मा, संगीता वर्मा, श्याम भारद्वाज, राहुल वशिष्ठ, अंकुर वर्मा, चिराग वर्मा, हनी वर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गर्भवती महिला के पेट में बच्चे की हुई मौत, हंगामा

## महिला चिकित्सक पर लापरवाही का लगाया आरोप, बोले-अस्पताल से भगाया

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को एक गर्भवती महिला के बच्चे के गर्भ में मौत हो गई।। इसको लेकर महिला के परिवार के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सभी ने आरोप लगाया कि महिला चिकित्सक ने सामुदायिक स्वास्थ्य में जांच की सुविधा न होने की बात कह कर बिना इलाज के ही वापस कर दिया। जिसके चलते पेट में ही बच्चे की मौत हो गई।



व्यथा बताती पीड़ित महिला। अमृत विचार

पयागपुर थाना क्षेत्र के भूपगंज बाजार निवासी खुशबू जायसवाल पति नीरज जायसवाल गर्भवती थी। उनके पेट में 8 माह से अधिक का बच्चा था। खुशबू का कहना है कि वह दिसंबर माह से निरंतर सामुदायिक स्वास्थ्य में जांच के लिए आ रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक द्वारा बिना जांच के ही उसे वापस किया जा रहा था। उसका कहना है कि महिला चिकित्सक ने सामुदायिक स्वास्थ्य ने सुविधाएं उपलब्ध न होने का हवाला देकर वापस किया गया। जिसके चलते समय से न जांच हो सकी और न ही रिपोर्ट मिली। शुक्रवार सुबह महिला पूना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो उसकी हालत बिगड़ गई। महिला चिकित्सक ने फिर सुविधा न होने की बात कह कर वापस कर दिया। इस पर महिला के पति ने बाहर अल्ट्रासाउंड जांच कराया तो उसके पेट में ही बच्चे की मौत हो चुकी थी। जबकि महिला की हालत खराब होने लगी। इस पर महिला के परिवार के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा देख लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सभी स्वास्थ्य कर्मियों के हिलावली को लेकर नाराज दिखे। महिला ने इसकी शिकायत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक से की है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

महिला ने अस्पताल से भगाए जाने और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। इसकी जानकारी हुई है शिकायती पत्र के आधार पर जांच कराई जाएगी जांच के बाद संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ.थानेदार सीएचसी, अधीक्षक

### डूबे युवक के रेस्क्यू में ढिलाई पर लगाया जाम

**महसी, बहराइच :** नदी में डूबे युवक के तलाशने को रेस्क्यू में प्रशासनिक ढिलाई पर परिजनों व नाराज ग्रामीणों ने बहराइच सीतापुर हाईवे के चहलारी घाट पुल पर गुरूवार दोपहर जाम लगा दिया। इसकी भनक लगते ही एसएचओ संतोष कुमार सरोज ने मौके पर पहुंच कर नाराज लोगों को समझा बुझा कर जाम हटवाया। पुलिस के अनुसार हरदी थाने के चहलारी घाट पुल पर गुरूवार शाम एक बाइक मिली थी। बाइक की डिग्गी में गदामार कलां निवासी 23 वर्षीय संदीप उर्फ कृष्ण कुमार का आधार कार्ड व टूटा हुआ मोबाइल मिला था। युवक के नदी में कूदने की आशंका जताई गई है। हालांकि उसे किसी ने नदी में कूदते नही देखा है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे रेस्क्यू टीम को न देख लोगों में नाराजगी फैल गई। एसडीएम राकेश कुमार ने बताया कि किसी ने तलाशी अभियान बंद होने की अफवाह फैला दी। जिससे परिजन व मौजूद ग्रामीणों ने पुल पर हाइवे जाम कर दिया।

# अबकी बार 400 के पार का संकल्प

कैसरगंज, बहराइच



दीवार पर स्लोगन लिखते सांसद बृज भूषण सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कैसरगंज में ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन के प्रतिष्ठान के नजदीक भाजपा का चुनाव चिन्ह बनाकर अबकी बार 400 पर का स्लोगन लिखकर लोकसभा चुनाव की तैयारी की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा का लक्ष्य 400 के पार है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा देश और प्रदेश में हर्ष का माहौल है पूरा देश राममय हो गया है। अब वह दिन दूर नहीं जब भाजपा लगातार तीसरी बार भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी तथा लोकतंत्र का उत्सव एक बार फिर पूरे विश्व में गूंजेगा। उन्होंने कहा कि आज देश का नौजवान नौकरी, व्यवसाय एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता के झंडा फहरा रहा है, वहीं देश व प्रदेश के किसान के चेहरे पर खुशहाली है। चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब पूरे देश में राम राज्य का माहौल होगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, डा० अरविंद सिंह, बुद्धिसागर गुप्ता, विश्वपाल सिंह, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, बादशाह सिंह, अधीक्षक डा. एनके सिंह, रामू सिंह, वेद प्रकाश सिंह, बडकऊ सिंह, पूतान सिंह, सहित सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं की भावभीनी विदाई

**कैसरगंज, बहराइच :** नगरपंचायत कैसरगंज में संचालित प्रोग्रेसिव लक्ष्य कोचिंग क्लासेज में हाईस्कूल ' इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की भावभीनी विदाई एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सरदार पटेल इन्टर कालेज के प्रशासक पवन कुमार सिंह व संचालन कोचिंग के डायरेक्टर सुरजीत कुमार गुप्ता ने किया कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ शारदे के दीप प्रज्जवल व वन्दना के साथ किया। कोचिंग में आए हुए अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सफलता के लिए सुझाव दिये। डायरेक्टर सुरजीत गुप्ता ने कहा सभी को इस समय कठिन परिश्रम कर कोचिंग क्लासेस में दिए गए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं संस्कार से अपने माता-पिता के साथ गुरुओं का समाज में गर्व से सर ऊँचा करने का शुभाशीष दिया। कहा जीवन में अभी असली उड़ान बाकी है आपके इरादों का अभी इम्तिहान बाकी है। कार्यक्रम में कंचनलता श्रीवास्तव, मनोज कुमार वर्मा, अजय श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रताप सिंह, विनीत कुमार गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, सुधीर पटेल, रावेश कुमार मौजूद रहे।

### ऑन लाइन उपस्थिति के विरोध में धरना 19 को

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर 19 फरवरी को प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति से मुक्त रखे जाने हेतु एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। जनपद के समस्त ग्रामीण सफाई कर्मचारी इंदिरा स्टेडियम में एकत्रित होकर वहां से पैदल व मोटरसाइकिल रैली निकालते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी को अपनी मांगों के निराकरण के लिए ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित किया जाएगा।

# डेढ़ किलो चरस के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर गुरुवार रात को संयुक्त जांच के दौरान एक नेपाली तस्कर को पकड़ा गया। उसके पास से डेढ़ किलो चरस एसएसबी और पुलिस के जवानों ने बरामद किया। बरामद चरस को सीज कर तस्कर को जेल भेज दिया गया है। रुपईडीहा में भारत नेपाल सीमा पर दोनों देश से आने जाने वाले यात्रियों की एसएसबी टीम जांच कर रही थी। एसएसबी 42 वीं वाहिनी के उप कमांडेंट के निर्देशन में सीमा चौकी निविया के द्वारा प्राप्त आसूचना के आधार पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गश्त टीम रवाना हुई। गश्त के दौरान सीमा स्तम्ब संख्या 651/04 से 100 मीटर भारतीय क्षेत्र में नेपाल से एक युवक आते हुए दिखाई दिया। उसके कंधे पर एक छोटा बैग था। गश्ती दल को देखते ही व्यक्ति ने भागने की कोसिस किया, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। उसके पास से बैग में डेढ़ किलो चरस बरामद हुआ।एसएसबी और पुलिस की पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम- भीम बहादुर रोका पुत्र पिता -मंजीत रोका, ग्राम चुनाड, वार्ड नंबर-9, जिला-रुकुम, राष्ट्र-नेपाल बताया। पकड़े गए नेपाली तस्कर ने बताया कि उसे चरस की खेप रूपईडीहा बाजार में अंजान व्यक्ति को देना था। जिसके लिए उसे पैसे मिलते, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। जिसके बदले में मुझे काफी पैसे मिलने वाले हैं गश्ती दल में एसएसबी के कार्मिक उप निरीक्षक सामान्य सतीश चंद्र राय, मुख्य आरक्षी राधेश्याम, आरक्षी विवेक कुमार, महेंद्र कुमार सिंह, लखन सिंह तथा पुलिस के उप निरीक्षक संतोष कुमार, आरक्षी जयचंद गोंड गश्ती दल में शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### नगर भ्रमण के साथ सरस्वती प्रतिमा का हुआ विसर्जन



विसर्जन जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाते हुए, मनमोहक झांकियों के संग थिरकते हुये भक्तों ने माँ सरस्वती की दिव्य प्रतिमा का विसर्जन किया। बसन्त पंचमी के अवसर पर भूपगंज बाजार में सरस्वती पूजा समिति के तत्वावधान में बसन्तोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया गया।माँ सरस्वती के प्रतिमा के पूजन अर्चन के साथ रात्रि में विशाल जबाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। पयागपुर नगर पंचायत में शुक्रवार सुबह हवन पूजन और कन्याभोज के बाद दोपहर में सरस्वती प्रतिमा के विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे की धुन पर भक्तों की टोली राजू छलिया झांकी पार्टी ग्रुप के कलाकारों के साथ नाचते गाते हुये समूचे नगर का भ्रमण करते हुए ताल बघेल के तट पर पहुँचे, जहाँ पुरोहित चंद्रमोहन तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, सूरज भारद्वाज, प्रशांत सिंह, अजीत शुक्ला, छोटू पाण्डेय, आकाश शर्मा, मोहित शुक्ला, अनुभव शुक्ला, कपिल त्रिपाठी, चन्दन त्रिपाठी, सहित सैकड़ों भक्त शामिल रहे।

### मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव संघ ने मांगों को लेकर दिया धरना




मांगों को लेकर प्रदर्शन करते मेडिकल संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। सभी ने 25 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव संघ की ओर से शुक्रवार को मांगों को लेकर धरना दिया गया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता पंकज कुमार श्रीवास्तव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने की। उन्होंने पदाधिकारियों की अगुवाई में मांगों को लेकर धरना दिया। सेल्स प्रमोशन, सेवा की शर्त नियम जारी रखने, छंटनी और स्थानांतरण न करने समेत अन्य 25 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान सचिव कॉमरेड पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, सह सचिव तैयब अली, कार्यकारिणी सदस्य कॉम जीशान, कॉम अक्षय, कॉम लवकुश के साथ- साथ संजय सिंह, विनीत मिश्रा, आशीष मिश्रा, तारिनेश शुक्ला, रवि सिंह वा अन्य साथी उपस्थित रहे।

### संविदा कर्मचारियों को नियमित करे सरकार



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** सात सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की।कलेक्ट्रेट इसे धरना स्थल पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में जुटे उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी ने जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अगर उनकी पुरानी पेंशन बहाली नहीं होती है आने वाले दिनों में प्रदर्शन और उग्र किया जाएगा जिसके समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर आज उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट से धरना स्थल पर जुटे उन्होंने सात सूत्रीय मांगों को ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा।जिसमें कहा गया है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए साथ ही सभी आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए, इन्हीं मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो आने वाले दिनों में प्रदर्शन उग्र किया जाएगा। इस दौरान संजय सिंह, प्रदीप कनौजिया, फिरोज ईशा सिद्दीकी, सोमनाथ शर्मा, हरिश्चंद्र यादव, पंचायत राज विभाग चितौरा बहराइच के जिलाध्यक्ष नकी हैदर, ब्लॉक अध्यक्ष गुलाम जिलानी समेत अन्य मौजूद रहे।

# योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में जानवी आई प्रथम



जिले स्तर पर प्रथम आई छात्रा को सम्मानित करते पदाधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार :** बालिका विहान विद्यालय में योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन टेक सत्यम इंस्टीट्यूट की ओर से करवाया गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। शहर के हुजूरपुर रोड पर समाजशास्त्र विभाग की ओर से बालिका बिहान विद्यालय का संचालन होता है। इस विद्यालय में टेक सत्यम योगा इंस्टीट्यूट योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप कराया गया। अध्यक्ष सत्यम सिंह और उपाध्यक्ष जगदीश केसरी ने बताया कि योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में बालिका विहान विद्यालय की 30 छात्राओं ने सफलता हासिल की। जिन्हें प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।। अध्यक्ष ने बताया कि जिला स्तर पर जानवी कक्षा 7 की छात्र प्रथम दीक्षा कक्षा 6 द्वितीय और राजकुमारी तृतीय स्थान पर रही। इनको मेडल देकर हौसला बढ़ाया गया। विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि छात्राओं ने कम संसाधन में बेहतर प्रदर्शन कर सरकार का नाम रोशन किया है। इस दौरान शिक्षिका श्रद्धा रैकवार, रुमन देवी, अंकित कुमार, भू रत्ना श्रीवास्तव, संजीव कुमार समेत छात्राएं शामिल रहीं।

# सीओ की जांच के बाद हिस्ट्रीशीटर समेत दो पर केस दर्ज

**खबर का असर**

▸▸ हिस्ट्रीशीटर द्वारा 12 दिन तक छात्र को बंधक बनाने का मामला

नानपारा, बहराइच


12 दिन छात्र को बनाये रखा बंधक, खेत में मिला घायल

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार :** मटेरा थाना क्षेत्र के धोबिया पुरवा गांव निवासी इंटर फर्स्ट ईयर का छात्र 29 जनवरी को कोचिंग के लिए घर से निकला था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। उसे एक हिस्ट्रीसीटर ने रंजिश में बंधक बनाकर रखा था। मटेरा थानाध्यक्ष की रिपोर्ट को सीओ ने खारिज करते हुए दोनों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करने का निर्देश दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौखारा के मजरा धोबियनपुरवा गांव निवासी रामस्वरूप चौधरी (17) पुत्र रामचंद्र प्रसाद इंटर फर्स्ट ईयर का छात्र है। पिता रामचंद्र प्रसाद का कहना है कि 29 जनवरी को बेटा सुबह सात बजे मटेरा में कोचिंग के लिए पढ़ने निकला था। लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला उसने थाने पर तहरीर दी पुलिस ने गुमसूदगी का मुकदमा भी दर्ज नहीं किया। इस पर परिवार के लोग खुद दिन में लग रहे रामचंद्र प्रसाद का कहना है कि शुक्रवार रात 10 बजे के बाद उनके मोबाइल पर फोन आया और बेटे के खेत में मार कर फेंके जाने की सूचना मिली। इस पर वह रात में ही परिवार के लोगों के साथ तलाश शुरू की तलाशी के दौरान खेत में बेटा बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। घर आने पर बेटे ने पूरी वारदात बताई। छात्र रामस्वरूप का कहना है कि उसे गांव निवासी बलवीर यादव और भूसा यादव सड़क मार्ग से अपहरण कर बंधक बनाकर रखे थे। आवाज करने पर उसकी पिटाई भी किया करते थे। परिवार के लोगों की ज्यादा खोजबीन पर उसे रात में पिटाई कर खेत में छोड़ दिया गया। पिता का कहना है कि इसमें आरोपी हिस्ट्रीसीटर है। लेकिन पुलिस ने तहरीर के बाद भी केस दर्ज नहीं किया। इस खबर को अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। पुलिस अधीक्षक ने नानपारा सीओ राहुल पांडे को जांच के निर्देश दिए। मटेरा पुलिस ने हिस्ट्री सीटर पिता पुत्र के विरुद्ध अपहरण मारपीट और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

### यह थे थानाध्यक्ष के बयान

छात्र के पिता रामचंद्र प्रसाद ने शनिवार सुबह थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी उसका कहना है कि थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने कहा कि तुम्हारा बेटा मिल गया है अब वापस जाइए मुकदमा लिखने की कोई जरूरत नहीं है। इस पर उसने डीआईजी एपी सिंह और एसपी से शिकायत की।

**कार्यक्रम** स्वास्थ्य मेले में ली गयी बाल विवाह के विरुद्ध शपथ

# ग्रामीणों ने पहले पढ़ाई फिर सगाई का दिया संदेश

बहराइच




कटका गांव में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को शगुन देते अधिकारी।

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग और उम्मीद परियोजना के तहत जरवल ब्लॉक के कटका मरौठा में स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ। मोबियस फाउंडेशन ,पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया तथा सेव अ मदर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कम उम्र में विवाह के चलते किशोर एवं किशोरियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव व जल्दी माँ बनने के ख़तरे के बारें में समुदाय को जानकारी दी गयी। इसके अलावा जनसमुदाय में परिवार नियोजन संबंधी जागरूकता एवं स्वीकार्यता को बढ़ावा देने के लिए दंपति को परिवार नियोजन के साधन वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर विकास अधिकारी राजेश सिंह ने बाल विवाह के दुष्प्रभाव को बताते हुए कहा कि जब एक लड़की पढ़ती है तो दो परिवार सक्षम होते हैं इसलिए बेटियों को पहले पढ़ाएँ फिर सही उम्र आने पर शादी करें। उन्होंने कहा कि कम उम्र में माँ बनने का जोखिम रहता है और माँ तथा बच्चे दोनों के जान का खतरा होता है। मोबिअस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण -5 के अनुसार जनपद में में 37.5% लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पहले ही हो जाती है। इसके लिए उम्मीद परियोजना के तहत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा। एनआरएलएम के मिशन मैनेजर जितेन्द्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का लाभ घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है, इसके लिए सभी समूह का निरंतर सहयोग मिलता है। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों ने 150 महिलाओं, बच्चों तथा किशोर-किशोरियों की स्वास्थ्य जाँच कर दवाएं दी और नवदम्पत्तियों को शगुन किट का वितरण किया। साथ ही 70 लोगों को परिवार नियोजन का परामर्श देकर साधन वितरित किए गए। इसके अलावा आईसीडीएस विभाग ने 6 माह पूरे कर चुके बच्चों को अन्नप्राशन व गर्भवती की गोदभराई की। इस मौके पर बीसीपीएम सोनी जायसवाल, अलीम अहमद, प्रधानाचार्य, उच्च प्राथमिक विद्यालय, कल्लन इद्रेशी, जिला संगठन आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड , पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया से अभिषेक पाठक, बलबीर सिंह व सेव अ मदर से बिंदु, अवधेश और फील्ड फैसिलिटेटर की उपस्थित रहे।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के बेगमपुर ग्राम पंचायत निवासी एक ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। डॉक्टर के मुताबिक उसके मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेगमपुर के मजरा गोडियनपुरवा गांव निवासी धनीराम (30) पुत्र भगौती गुरुवार को लकड़ी काटने गांव से कुछ दूरी पर गया था। वहां पर वह अचानक बेहोश होकर गिर गया। उसे परिवार के लोग अस्पताल ले आए। डॉक्टर के मुताबिक धनीराम के मुंह से झाग निकल रहा था। इलाज शुरू होते ही उसकी मौत हो गई। डॉक्टर की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं,उन पर भी विश्वास कर लेता है।

## संपादकीय

# बिखरता विपक्षी कुनबा

2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सात माह पूर्व बना आइएनडीआइए गठबंधन बिखरता जा रहा है। उससे जुड़े सहयोगी दल चाहें कितना भी दावा करें कि हम गठबंधन के साथ हैं, लेकिन पार्टियों में चलता अंतर्द्वंद्व और असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से कोई मजबूत पहल सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि हम आइएनडीआइए से अलग नहीं हो रहे हैं। आइएनडीआइए के साथ अभी सीटों पर तालमेल को लेकर कोई अंतिम बातचीत नहीं हुई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी एकता की कमजोरी की मुख्य वजह क्षेत्रीय दलों में किसी भी कीमत पर समझौते की मंशा का न दिखना है। इसके अलावा एक के बाद एक गठबंधन के प्रमुख चेहरों का गठबंधन से दूरी बनाना मुख्य कारणों में से एक है। जैसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आइएनडीआइए के मुख्य सूत्रधार माने जा रहे थे, लेकिन उनका अचानक से एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका था। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठबंधन के प्रमुख नेता जयंत चौधरी का भी एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में शुरू से ही स्थिति साफ नहीं हो सकी है। जबकि सीटों के बंटवारे को लेकर कई बार बैठकें भी हुईं, लेकिन उन बैठकों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। यदि सीटों की स्थिति पर बात करें तो बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले लोस चुनाव लड़ेगी। पंजाब में भी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटबारे को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही स्थिति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ही सभी राज्यों में अपनी पहचान रखती है, ऐसे में सभी क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के साथ ही सीटों का बंटबारा करना होगा, लेकिन कोई भी दल कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। गठबंधन के दिन ब दिन बिखरने का मुख्य कारण यह भी है कि गठबंधन अपना प्रधानमंत्री का चेहरा स्पष्ट नहीं कर सका। इसकी मुख्य वजह है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के किसी चेहरे को प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में आगे करना चाहती है और इस पर वह कहीं पर भी समझौते की स्थिति में नहीं दिख रही है। टीएमसी ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाह रही थी। कहना गलत नहीं होगा कि पार्टियों की असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में आपस में कोई सामंजस्य नहीं बना सका जिसकी वजह से गठबंधन बिखरता जा रहा है।

# भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

> अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई,उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

अबू धाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी,लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भव्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं। दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा,क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं,किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है,जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं।

> अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा,क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया।

इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है,जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षोल्लास मनाया।

संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है। इसके गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ भी हैं,जिन्हें दुनिया पढ़ेगी और समझेगी। अरब के इस्लामी देश अमूमन कट्टरपंथी, धार्मिक तौर पर संकीर्ण और असहिष्णु माने जाते रहे हैं। यह मंदिर उन धारणाओं को खंडित करता है। अबू धाबी शहर के मरुस्थल में बने हिंदू मंदिर में मिस्र, एजटेक, अफ्रीकी, यूरोपीय और चीनी सभ्यताओं के प्रतिचिह्न भी हैं और कहानियां भी हैं। कुरान को भी देखा जा सकता है,जो 'वॉल ऑफ हॉरमोनी' बनाई गई है, वह सर्वधर्म समभाव का दुर्लभ उदाहरण है। वोहरा समुदाय के मुसलमानों ने उसमें योगदान दिया है। हिंदू के अलावा बौद्ध, जैन, ईसाई संप्रदायों की प्रतिमाएं भी हैं। यकीनन यह मंदिर अध्यात्म और आस्थाओं का सामंजस्य है,सह-अस्तित्व का बेजोड़ नमूना है। करीब 27 एकड़ भूखंड के आधे भाग में बनाए गए मंदिर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के इस्लामी शासक, राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद ने जमीन दान में दी और अरब देश में हिंदू स्वामीनारायण मंदिर बनाने की इजाजत भी दी। इससे व्यापक सहिष्णुता और धार्मिक उदारता और क्या हो सकती है? महत्वपूर्ण यह भी है कि हिंदू मंदिर बनाने का न तो कोई विरोध किया गया और न ही कोई दंगा-फसाद भड़का। किसी अन्य अरब देश ने भी आपत्ति नहीं की। असल में यही धर्मनिरपेक्षता है। मंदिर के सात शिखर सात महत्वपूर्ण भगवानों को समर्पित हैं। भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सात शिखर अरब के सात अमीरात के भी प्रतीक हैं। हिंदू मंदिर में गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को प्रतीक-रूप में बनाया गया है। समुद्री जहाजों से पवित्र नदियों के जल अबू धाबी में लाए गए और अब वही जल इन प्रतीकात्मक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। मंदिर के आंगन में वाराणसी का घाट भी बनाया गया है।

ऐसे बिम्बात्मक भारत की कल्पना हमने तो कभी नहीं की थी। मंदिर में खासतौर पर 96 घंटियां बनाई गईं हैं। घंटियां हमारे मंदिर की सार्थक पहचान होती हैं। मंदिर को देखें, तो 'लघु हिंदुस्तान' प्रतीत होता है। मंदिर परिसर में एक 'दैवीय आंख' भी बनाई गई है जिसके जरिए क्या देखा जा सकता है, वह अनिर्वचनीय है। करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से बने मंदिर में सफेद संगमरमर, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर का ही प्रयोग किया गया है। नागर शैली में बनाए गए मंदिर में कोई लोहा, इस्पात जैसी धातु का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर के 402 स्तंभों पर जो मूर्तियां,पशु-पक्षी, जानवर उकेरे गए हैं, उस नक्काशी का वर्णन एक आलेख में नहीं किया जा सकता। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी स्थान दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक अरब, इस्लामी देश में हिंदू मंदिर बनाया गया है और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उसका उद्घाटन किया है। यह हमारे देश के लिए गरिमापूर्ण सम्मान है।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई,उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। करीब 39 लाख भारतीय यहां बसे हैं और काम कर रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात चौथा देश है,जहां इतनी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों के अलावा आध्यात्मिक आत्मीयता और सहिष्णुता ज्यादा मायने रखती है। वैसे तो इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में भी हिंदू मंदिर प्राचीनकाल से हैं,परंतु किसी अरब देश में इतना भव्य नया मंदिर बनना भारत की कूटनीतिक से अधिक सांस्कृतिक विजय है।

संयुक्त अरब अमीरात ने इस्लामिक कानून से चलने वाली सत्ता होने के बावजूद अपने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने हेतु उदारवादी रवैया दिखाते हुए पूरी दुनिया से लोगों को वहां आकर काम करने और कमाने का अवसर दिया, लेकिन हिंदू मंदिर बनाने के लिए पहले अनुमति और फिर भूमि प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि वहां के शासक भारत और भारतीयों के महत्व को महसूस कर उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। इस मंदिर को इसीलिए धर्म विशेष से न जोड़कर राष्ट्रीय गौरव के तौर पर देखा जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# चुनौतियां और किताबों से प्यार

इस समय नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है,जो 18 फरवरी तक चलेगा। अक्सर इस दौर में पुस्तकों पर छाए संकट की चर्चा होती रहती है। इन चर्चाओं के बीच एक सुखद खबर आई है। हाल ही में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेले में 29 लाख लोगों ने दौरा किया और 27 करोड़ रुपये की ब्रिकी दर्ज की गई। इस दौर में हिंदी की किताबों को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ पुस्तक मेले में स्टाल का किराया काफी बढ़ गया है तो दूसरी तरफ छोटे प्रकाशकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार प्रकाशन उद्योग को अपेक्षित छूट नहीं दे रही है। हालांकि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद किताबों से प्यार का रिश्ता कायम है। कोरोना काल में हमने पुनः किताबों का महत्व महसूस किया है। लॉकडाउन के दौरान पढ़ने-लिखने वाले लोगों ने किताबों के माध्यम से अपनी निराशा को दूर किया। यह सुखद ही है कि इंटरनेट के इस युग में भी किताबों का महत्व बरकरार है। इंटरनेट आगमन के शुरूआती दौर में यह चिंता व्यक्त की गई थी कि सूचना का यह आधुनिक माध्यम किताबों के लिए नुकसानदायक साबित होगा, लेकिन इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ किताबों की उपयोगिता भी बढ़ती चली गई। आज जबकि डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा जन्म ले चुकी है तो ऐसे में पुनः किताबों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है,लेकिन सवाल यह है कि विदेशों में जहां डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा हमारे देश से अधिक परिपक्व हो चुकी है,क्या किसी संकट की आहट सुनी गई है? विदेशों में इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद वहां किताबों की लोकप्रियता बरकरार है। हालांकि कुछ लोग 'किताबों पर संकट' जैसे जुमले उछालते रहते हैं,लेकिन वास्तविकता यह है कि न ही तो आज किताबों पर कोई संकट है और न ही भविष्य में रहेगा। किताबों से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह यूं ही कायम रहेगा, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि किताबें पाठकों तक भी पहुंचे। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस दौर में हिन्दी के ज्यादातर प्रकाशक किताबों को पाठकों तक पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं कर रहे हैं।



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

# महानता और अंधविश्वास



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं।

आज हम रोम की महानता के गुण गाते हैं,किंतु यह भूल जाते हैं कि रोम की महानता का आधार अंधविश्वास था। रोम की महानता के बारे में पोलिबियस ने लिखा कि मैं साहसपूर्वक यह बात कहूंगा कि संसार के शेष लोग जिस चीज का उपहास करते हैं,वह रोम की महानता का आधार है और उस चीज का नाम अंधविश्वास है।

इस तत्व का उसके निजी और सार्वजनिक जीवन के सभी अंगों में समावेश कराया गया है और इसने ऐसी खूबी से उनकी कल्पनाशक्ति को आक्रांत कर लिया है कि उस खूबी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। संभवतः बहुत से लोग इसकी विशेषता समझ नहीं पाएंगे,लेकिन मेरा मत है कि ऐसा लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया है। यदि किसी ऐसे राज्य की संभावना होती जिसके सभी नागरिक तत्वज्ञ होते तो इस तरह की चीज से हम बचे रह सकते थे,लेकिन सभी राज्यों में जनता अस्थिर है, निरंकुश भावनाओं, अकारण क्रोध और हिंसक आवेगों से ग्रस्त है। इसलिए केवल यही किया जा सकता है कि जनता को अदृश्य के भय से और इसी किस्म के पाखंडों से काबू में रखा जाए। यह अकारण नहीं,बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं। हमारी मूर्खता और विवेकहीनता यह है कि हम इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना चाहते हैं।

अंधविश्वास की बुनियादी विशेषता है अंधानुकरण,वैज्ञानिक विवेक का त्याग और स्वतंत्र चिंतन का विरोध। सामाजिक जीवन में इसका लक्ष्य था आम लोगों को अपने श्रेष्ठजनों के किसी भी आदेश के पालन का अभ्यस्त बनाया जाए। दूसरा वे उन्हीं पर भरोसा करना सीखें जो हर मामले में समान भाव से धार्मिक विधि-विधानों का पालन करते हों। कलाओं की दुनिया में इसने नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीतों की सृष्टि की। नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीत-संगीत को मंदिरों में मानदंड के रूप में स्थापित किया गया। कला के क्षेत्र में किसी को यह इजाजत नहीं थी कि उनमें परिवर्तन करे। इसके कारण कलाओं के रूप सैकड़ों वर्षों तक अपरिवर्तित रहे। किसी ने यह साहस नहीं दिखाया कि कलाओं और मधुर गीतों में परिवर्तन करे। ये कलारूप सैकड़ों वर्षों से एक जैसे हैं। मिस्र के कलारूप इस अंधानुकरण के आदर्श उदाहरण हैं। कई हजार साल से उनकी शैली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। इस दौरान वे न तो बेहतर बन पाए और न बदतर ही बन पाए।

इसी तरह अंधविश्वास को जनप्रिय बनाने में झूठ खासकर इष्टकर झूठ की बहुत बड़ी भूमिका रही है। एक ऐसा झूठ, उदात्त झूठ जिसके सहारे संपूर्ण समुदाय को संभव हो सके तो शासकों को भी स्वीकार करने के लिए राजी किया जा सके। इस तरह के झूठ के आदर्श उदाहरण हैं हमारे रीति-रिवाज और संस्कार जिनकी प्रशंसा करते हुए हमारे शास्त्र थकते नहीं हैं। रीति-रिवाज और संस्कारों की प्रशंसा के क्रम में सबसे ज्यादा हमला स्वतंत्र चिंतन पर किया गया, उन लोगों पर हमले किए गए जो स्वतंत्र चिंतन के हिमायती थे,जो प्रत्येक बात पर शंका करते थे। प्रश्न करते थे। अंधविश्वास का ही एक आयाम है चमत्कार वर्णन और दंतकथा। चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं ने अंधविश्वासों को आम जनता के जीवन में उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी भी दर्शनवेत्ता और धर्मशास्त्री के उपदेशों के द्वारा पुरुषों और औरतों के समूहों को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की ओर नहीं मोड़ा जा सकता था। इनको प्रभावित करने के लिए अंधविश्वास का लाभ उठाना पड़ता था। यह कार्य चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं के बिना संभव नहीं था। कालांतर में इसने नागरिक जीवन की प्राचीन व्यवस्था और साथ ही, वास्तविक सृष्टि संबंधी स्थापनाओं में मिथकशास्त्र के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त कर लिया।

कौटिल्य का अंधविश्वास में विश्वास नहीं था, किंतु उन्होंने राज्य के कौशल के तौर पर अर्थशास्त्र में अंधविश्वास की चर्चा की है। उनका न तो राजा के दैवी अधिकार और उसकी सर्वज्ञता की सच्चाई में विश्वास था और न वे यह चाहते थे कि स्वयं शासक इस तरह की वाहियात बात को सच मानें। वे सुझाव देते हैं कि राज्य को अपनी आंतरिक और बाह्य स्थितियों को सुदृढ़ करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए। अंधविश्वास के साथ-साथ पुनर्जन्म और कर्मफल की प्राप्ति की धारणा का भी व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसका साहित्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार साहित्य में काव्य-रूढ़ियों का चलन शुरू हुआ।

## सोशल फोरम

# अनिवार्य मिलिट्री सेवा

इस उन्माद, नफरत, क्रोध और बदला लेने की इच्छा से भरे माहौल में अक्ल की बात करने वाले को भी लोग देशद्रोही ठहरा देंगे,लेकिन इसके बावजूद भी एक बात तो मैं जरूर कहूंगा कि जिनको युद्ध का,उसकी विभीषका कोई अनुभव ही नहीं वो ही युद्ध की बाते ज्यादा करते हैं। खास कर हमारे राजनेता।

इधर इजराइल का नाम लेकर और उसकी बहादुरी की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले लोगों की एक बाढ़ सी आ गई है तो उन लोगों को बता दूं कि वहां के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 1967 से 1973 तक इस्राइल डिफेंस सेवा में नौकरी भी की। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशन में हिस्सा भी लिया। ऐसे ही एक मिशन में उनके कंधे पर गोली भी लगी।

इजराइल के हर उस नागरिक के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य है जो 18 वर्ष की उम्र से अधिक है। पुरुषों के लिए ये अवधि 2 साल आठ महीने और स्त्रियों के लिए 2 साल की है। इजराइल के अरब नागरिकों के लिए ये सेवा अनिवार्य नहीं है। अमेरिका में प्रेसिडेंट बनने के लिए मिलिट्री का अनुभव अनिवार्य नहीं है। फिर भी अमेरिका के 45 प्रेसिडेंट में से 29 के पास मिलिट्री में काम करने का अनुभव था और वो अच्छे पदों पर थे। इंग्लैंड में भी राजशाही के साथ जुड़े लोगों को मिलिट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें सेना का बेहतर अनुभव मिल सके। यह वहां की परंपरा भी है। अब अगर हमारे देश से तुलना करें तो यहां वही कौम सबसे बड़ी देशभक्त है जिनका सेना में सबसे कम योगदान है। देशभक्ति के सारे तगमे उनके सीने पर सजे हैं जिनका सेना में अनुभव का रिकॉर्ड सबसे खराब है। जहां सैनिक बनने की कोई परंपरा ही नहीं आज वही सबसे बड़े देशभक्त हैं।

सेना का अनुशासन और ईमानदारी एक बेहतर नागरिक बनने में सहायक होती है। आज भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में सेना में भ्रष्टाचार सबसे कम है। यहां जाति धर्म के नाम पर आपस मे नफरत भी नहीं है। इसलिए सरकार सबसे पहले ऐसा ही अनिवार्य मिलिट्री सेवा का नियम यहां भी लाए। खासकर उनके लिए तो ये बिल्कुल जरूरी होना चाहिए,जो देशसेवा करना चाहते हों।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

-फेसबुक वॉल से

# भाजपा के एजेंडे का मुख्य हिस्सा है यूसीसी



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

> 1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी,जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा आज का नहीं है। ये मुद्दा कई दशकों से चल रहा है। 1967 के आम चुनाव में जनसंघ ने चुनाव जीतने पर देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा किया था, लेकिन 1967 के आम चुनाव में जनसंघ की हार हुई। इसके बाद कुछ सालों तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा गायब रहा। इसके बाद साल 1980 जनता पार्टी टूटी, इसी साल जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ जिसमें 17-14 के बहुमत से जनसंघ से आए नेताओं को पार्टी के बाहर करने का फैसला लिया गया और इसके बाद बीजेपी का गठन हुआ। 1980 में लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने बाद बीजेपी का गठन हुआ। इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी का कोई जिक्र नहीं किया। इस चुनाव में बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। पार्टी के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को बुरी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में 1980 का मध्य आते-आते लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में बीजेपी ने तीन एजेंडों-यूनिफॉर्म सिविल कोड, अनुच्छेद 370 की वापसी और राम मंदिर के निर्माण पर बेहद आक्रामक तरीके से काम करना शुरू किया। साल 1985 में शाहबानो मामले के बाद समान नागरिक संहिता का मामला जोर-शोर से गरमाया। बीजेपी और आरएसएस ने आक्रामक तरीके से यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग करनी शुरू की। 1989 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो अलग-अलग पर्सनल लॉ की समीक्षा के लिए एक कमीशन गठित करेगी।

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी,जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी। बीजेपी सांसद लगातार संसद में भी यह मामला उठाते रहे। इसी बीच अल्मोड़ा से बीजेपी के सांसद बच्ची सिंह रावत 20 दिसंबर 1996 को यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए जिसका शीर्षक था 'यूनिफॉर्म मैरिज एंड डायवोर्स बिल'। हालांकि यह संसद में पास नहीं हो सका। 1986 में संघ ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संविधान का हवाला देते हुए सरकार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की मांग की।

1995 में आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर देशभर के सांसदों से अपील की कि वे भले ही किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हों,लेकिन नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का समर्थन करें। 1996 और 1998 में भी बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया और लॉ कमीशन गठित करने की बात कही। 1991 में बीजेपी को और लाभ हुआ और उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में बीजेपी ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में बीजेपी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इस बीच बीजेपी के मुद्दे रह-रह कर उछाले जाते रहे। इसके बाद 2005 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हुई। तब कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। इसके बाद साल 2014 में पहली बार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। इसमें सबसे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड और राम मंदिर को लेकर आंदोलन तेज किया गया। यूसीसी बीजेपी के मुख्य तीन एजेंडों में हमेशा ही शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या राममंदिर निर्माण के बाद अब बीजेपी देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए काम कर रही है। बीजेपी ने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल कर इसे लैंगिक समानता से जोड़ा है। पार्टी के मुताबिक 'पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए कटिबद्ध है।' लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूसीसी लागू करवाना बीजेपी के एजेंडे का सबसे मुख्य हिस्सा है।

## आपका पत्र

# सिव समान प्रिय मोहि न दूजा

बलिहारी है लोकसभा चुनावों की निकटता की जिसके कारण भगवानों का भी राजनीतिकरण हो गया है और जबरदस्त खींचातानी हो रही है। राजनेता तो ऐसा अपने स्वार्थवश करते हैं, किंतु लेखक भी यदि खेमेंबंदी करें और किसी एक भगवान के शिविर में बैठकर दूसरे को कमतर बता दें,तो आपत्ति दर्ज करना जरूरी हो जाता है ताकि गलत परंपरा न पड़ने पाए। इनमें बड़ा-छोटा कोई नहीं होता। एक ही विराट शक्ति अपनी अलग-अलग हैसियतों से सृष्टि का सृजन, पालन और लय करती है,बस नाम का ही भेद है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का यजमान बनना बहुत प्रचार पा गया और उन्हें चुनावी लाभ मिलता दिखने लगा। ऐसे में अलग-अलग दलों ने भी अपने अपने धार्मिक एजेंडे बनाए। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर शिव मंदिर को अपना चुनावी भगवान बनाया और वे भी कुछ मिलता जुलता आयोजन,प्राण प्रतिष्ठा आदि करवाने जा रहे हैं। इसे लेकर एक लेखक ने दैनिक अमृत विचार के 16 फरवरी अंक में लिखे अपने एक लेख में समाजवादी पार्टी और अखिलेश को नीचा दिखाने के लिए भगवान शंकर को ही राम के मुकाबले नीचा दिखा दिया। ऐसा करते समय विद्वान लेखक ने रावण का उदाहरण दिया। लेखक ने कहा कि रावण शिव भक्त था,लेकिन राम के मुकाबले उसका जो हुआ,वह सब कोई जानता है। यहां सवाल यह है कि क्या रावण की हार भगवान शिव की हार है? कदापि नहीं। भगवान राम तो स्वयं बहुत बड़े शैव थे। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की थी,जो आज भी उनकी शिव भक्ति की गवाही दे रहा है और प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में -लिंग थापि करि विधिवत पूजा। सिव समान प्रिय मोंहि न दूजा।। सिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेउ नहि भावा।। "विनय पत्रिका" में तुलसी बाबा ने एक पद लिखा है 'हरिशंकरी'। इसमें एक पंक्ति में हरि की स्तुति और दूसरी में हर की। इसी क्रम से पूरा पद उन्होंने लिखा है। यह है बड़ों का आदर्श, न की एक (हरि) को बड़ा और दूसरे (हर) को छोटा बता देना। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-4/11 में भी भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "हे अर्जुन! जो भक्त जिस भाव से मेरी शरण लेता है, मैं उसे उसी भाव (रूप) से आश्रय देता हूं" ये यथा माम् प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।

अतः भगवानों में अभेद मानते हुए,उन्हें किसी राजनीतिक खेमें का मानकर,अपनी अपनी निष्ठानुसार बड़ा छोटा घोषित करने से लेखक बंधु बचें। -**शारदा शुक्ला,** वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

## एक नजर

### बृजेश यादव बने प्रदेश उपाध्यक्ष



सुलतानपुर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने युवा संगठनों में पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रारंभ कर दी है। मुलायम सिंह यूथ ब्रिग्रेड उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में सुलतानपुर के बृजेश कुमार यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्हें यह पद प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने सौंपा है। उनके मनोनयन पर जिले के सपाईयों में खुशी व्याप्त है।

### शिकायत के फर्जी निस्तारण में पीडी निलंबित

सुलतानपुर, अमृत विचार। जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत का फर्जी निस्तारण करना परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सुलतानपुर को महंगा पड़ गया है। शासन के संयुक्त सचिव प्रहलाद बरनवाल ने पीडी कृष्ण करुणाकर पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। सीडीओ ने बताया कि शासन से पीडी का निलंबन आदेश आया है। निलंबन अवधि में उन्हें कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास उप्र लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

### पशु आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। पशु आरोग्य मेला का गौ पूजन कर शुभारंभ किया गया। निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाहपुर के पशु डॉ. वीरेंद्र प्रताप, पशु चिकित्साधिकारी पीपी कमैचा प्रेम चंद्र, प्रधान शाहपुर बृजलाल पाल और आसाराम राम मिश्रा ,महेंद्र दुबे,दिलीप पांडेय आदि लोग रहे। इस दौरान पशुपालकों को जागरूक किया गया।

# दो पेन, प्रवेश पत्र व पहचान पत्र के साथ होगी परीक्षा केंद्र में एंट्री

## आज 29 केंद्रों पर 16,752 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासनिक अमला

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। शनिवार व रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी सिर्फ दो पेन व प्रवेश पत्र व पहचान पत्र के साथ परीक्षा केंद्रों पर जा पाएंगे। दो दिनों में जिले के 29 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों 67 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक देखते हुए प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है प्रशाशन व पुलिस नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए कमर कस ली है।

जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक करके तैयारियों को अंतिम रूप दिया था। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा संचालित रखने का निर्देश केंद्र व्यवस्थापकों को दिया था। जिसके क्रम में शुक्रवार को जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापको ने अपने परीक्षा केंद्रों पर बैठक कर अंतिम रूप दिया है। जिले में अभ्यार्थियों की बड़ी संख्या को देखते हुए शनिवार व रविवार में दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। प्रत्येक पाली में 16,752 अभ्यर्थी 29 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने जिले को छह जोन 13 सेक्टर में बांटा है। प्रत्येक सेक्टर में मजिस्ट्रेटों को नियुक्त किया गया है। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट को तैनाती की गई है। 1396 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

### शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जाएगी परीक्षा

अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ल ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट अपने सेंटरों का निरीक्षण करते रहेंगे ।उन्होंने सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा को नकल विहीन व शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।



श्रीचंद्र राष्ट्रीय इंटरमीडिएट कॉलेज में जायजा लेने पहुंचे एसडीएम जयसिंहपुर।

### समय से डेढ़ घंटे पहले पहुंचना होगा परीक्षा केंद्रों पर

पुलिस परीक्षा दो पालियों में कराई जा रही है। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा शाम 3 से 5 बजे तक होगी। परीक्षा में हिस्सा लेने के लिए अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्रों पर डेढ़ घंटे पहले पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पहले तक ही प्रवेश पा सकेंगे ।परीक्षा केंद्र के भीतर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कैंडिडेट्स को पेनड्राइव, इरेज़र, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, कैलकुलेटर, मोबाइल, कैमरा, घड़ी, चाबी, ब्लूटूथ व हेल्थ बैण्ड जैसी वस्तुओं को ले जाने की अनुमति नहीं होगी ।अभ्यर्थी सिर्फ दो पेन, प्रवेश पत्र व पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र पर जा पाएंगे ।कागज के टुकड़े, प्लास्टिक पाउच, क्रेडिट या डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी,बटुआ, हैंडबैग, पेंसिल बॉक्स, पर्स, चश्मा, टोपी, ज्वेलरी और खाने की चीजों को भी ले जाने पर रोक रहेगी। इन सभी वस्तुओं को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है।

### अफवाह फैलाने पर दर्ज होगा मुकदमा

परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने बताया कि यदि किसी भी परीक्षार्थी व कर्मचारियों द्वारा परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाई जाएगी तो उसके खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाएगा। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्र पर तैनात कोई भी कर्मी मोबाइल फोन नहीं रखेगा। परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु डायल 112 की गाड़ियों को परीक्षा केंद्र के आसपास नियुक्त किया जाएगा।

# अयोध्या मंडल की टीम ने जीता सिल्वर

- बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। लखनऊ में चल रही राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय नकराही सुलतानपुर के बालकों ने अयोध्या मंडल की ओर से प्रतिभाग करते हुए टेबल टेनिस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है।

15 फरवरी से प्रारंभ परिषदीय विद्यालय राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल टेबल टेनिस बालक टीम स्पर्धा में फाइनल मुकाबला गोरखपुर से खेलते हुए 2-0 हारकर के द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि अयोध्या मंडल में की टीम में सुल्तानपुर के गौरव कुमार, अमर भीम एवं अंकुश कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय नकराही के तथा हिमांशु उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर भदैंया के छात्र हैं। ये छात्र विद्यालय में खेल सीखने के साथ-साथ खेलो इंडिया प्रशिक्षण शिविर में भी प्रशिक्षक शमा बानो से खेल की बारीकियां सीखते हैं।

बच्चों की कामयाबी पर जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेंद्र सिंह चौहान, दुबेपुर के खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव प्रसाद यादव, विद्यालय की प्रधानाध्यापक मंजू बाला सिंह, कुमार विनीत, प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री शमीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, मुनेंद्र मिश्र आदि ने खुशी जताई है।



टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते जिले के बच्चे। अमृत विचार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक ने तोड़ा दम

सुलतानपुर, अमृत विचार। लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर बंधुआकला थाना अंतर्गत दादूपुर गांव के पास शुक्रवार सुबह एक युवक सड़क पर जा रहा था। तभी तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, उसकी वहीं पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जब तक आसपास के लोग दौड़े तब तक वाहन चालक गाड़ी के साथ फरार हो चुका था। लोगों ने इसकी सूचना बंधुआकला पुलिस को दी। बंधुआकला थाना अध्यक्ष रवींद्र सिंह ने बताया कि मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चौकी इंचार्ज समेत दो के खिलाफ दी अर्जी

- वृद्ध महिला के मानवाधिकार हनन करने के आरोप
- कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ जारी किया नोटिस

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। बंधुआकला थाना क्षेत्र के दाउदपुर में बीते माह वृद्ध महिला के मानवाधिकार हनन करने के आरोप में चौकी इंचार्ज व सिपाही पर मानवाधिकार की विशेष कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है।

दाउदपुर निवासी वृद्ध महिला रामरती का आरोप है कि उसके घर पर विपक्षी कल्लू व अन्य कब्जे की नियत से बीती 28 जनवरी को दिन में आये। मना करने पर आमादा फौजदारी हुए और जातिसूचक शब्द कहे। रिपोर्ट लिखाने जाने पर जनता के सामने चौकी इंचार्ज शिवजन्म व सिपाही राकेश पाल ने गाली-गलौज कर धमकी देकर मौलिक अधिकार का हनन किया। पीड़िता रामरती ने अधिवक्ता अयूब उल्ला खान के जरिए चौकी इंचार्ज व सिपाही के खिलाफ मानवाधिकार की विशेष कोर्ट न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव की कोर्ट में याचिका दाखिल कर कारवाई की मांग की है। कोर्ट ने याचिका एडमिट कर आरोपियों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए तीन मार्च की तारीख नियत की है।

### एसिड अटैक मामले में महिला की गिरफ्तारी पर रोक

सुलतानपुर। मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल महिलाओं से अभद्रता, मारपीट और एसिड अटैक करने की महिला आरोपी बृजेश कुमारी की गिरफ्तारी पर जनपद न्यायाधीश जेपी पांडेय ने रोक लगा दी है। आरोपी के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि आरोपी को राहत देते हुए कोर्ट ने विवेचक को शीघ्र रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र की कस्थूनी पश्चिम निवासी कुमारी आंचल ने बीते साल स्वयं व घर की सुमनलता पर हमला करने समेत अन्य आरोपों में शेष नारायन तिवारी, साहब तिवारी और बृजेश कुमारी पर मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के पीछे पहले से चला आ रहा संपत्ति विवाद बताया गया। कोर्ट ने महिला आरोपी बृजेश कुमारी की अग्रिम जमानत मंजूर कर उसकी गिरफ्तारी पर सशर्त रोक लगा दी है।

# किसानों के भारत बंद के समर्थन में उतरी कांग्रेस

- अराजकता के दौर से गुजर रहा देश : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से शुक्रवार को भारत बंद को लेकर शहर के राजीव गांधी पार्क (तिकोनिया पार्क) में धरना प्रदर्शन चला रहा था, इसका कांग्रेस ने पूर्ण रूप से समर्थन कर दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जिला कमेटी कार्यालय से निकालकर राजीव गांधी पार्क पहुंचे। जहां सैकड़ा की संख्या में संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता व नेता भारत बंद के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। किसान संगठनों ने शुक्रवार को भारत बंद की घोषणा की थी।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री के आवाहन पर देश के हजारों लाखों किसानों व नौजवानों ने अपने प्राण की आहुति देकर देश को आजाद कराया, लेकिन आज देश का दुर्भाग्य है कि किसानों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आज देश अराजकता के दौर से गुजर रहा है। किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए सड़कों पर हैं। अग्निवीर योजना से लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। आम जनता के हितों के विपरीत नीतियां लागू की जा रही हैं। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस देश के उन तमाम तबकों के साथ खड़ी है, जो परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं। राहुल गांधी बिना किसी नफा नुकसान के हमेशा किसानों के हित की सोचते हैं। इस मौके पर नफीस फारुकी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, अपरबल सिंह, राहुल त्रिपाठी, सलाउद्दीन हाशमी, तेज बहादुर पाठक, सुब्रत सिंह सनी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, मो मोबीन अहमद, मनोज कुमार तिवारी, रणजीत सिंह सलूजा व मोहसिन सलीम आदि मौजूद रहे।




धरना दे रहे किसानों के कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने भी किया प्रदर्शन। अमृत विचार

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। शुक्रवार की दोपहर नलकूप चलाने गया युवक अचानक करंट की चपेट मे गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

जिले की जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मैधन गांव निवासी अमरनाथ (38) शुक्रवार की दोपहर क़रीब एक बजे खेत में नलकूप चलाने गया हुआ था। नलकूप चलाने के लिए जैसे ही वह स्टार्टर पर हाथ रखा तो करंट की चपेट मे आने से झुलस गया। आनन फानन में परिजन युवक को सीएचसी जयसिंहपुर ले गए। जहां मौजूद चिकित्सको ने उसे मृत घोषित करते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि अमरनाथ की मौत से पुत्र ऋषि पुत्री प्रतिमा और स्वाति के सिर से पिता का साया उठ गया। वही मृतक की पत्नी मंजू सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सार-संक्षेप



क्षेत्र पंचायत करौंदीकला की बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

### क्षेत्र पंचायत की बैठक में बनी कार्ययोजना

करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार। शुक्रवार को विकास खंड मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख विनोद गौतम के नेतृत्व में विकास कार्यों की कार्य योजना बनाई गई। बैठक में परिचय के पश्चात सदन की कार्यवाही शुरू की गई। बीते हुए कार्यकाल के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में शामिल एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह का प्रमुख विनोद गौतम ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्रदान किया। खंड विकास अधिकारी प्रमोद पांडेय ने बैठक में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधान के द्वारा दी गई। बैठक में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य चंदन यादव, थानाध्यक्ष मो. अकरम खान, बीडीओ प्रमोद पांडेय, भाजपा नेता सर्वेश मिश्रा, बीडीसी घनश्याम मिश्र, सुनील सिंह, नन्हे दूबे प्रधान लालचंद मौर्य सहित बैठक में कुल 85 सदस्य मौजूद रहे।

### कटका क्लब ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर, अमृत विचार। कटका क्लब की ओर से जीआरपी द्वारा अभद्रता किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने कहा कि गुरुवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की ओर से रेलवे स्टेशन पर भोजन वितरित किया जा रहा था। यहां एक संदिग्ध अवस्था में 16 साल की किशोरी दिखी। 112 व जीआरपी की ओर से मदद नहीं मिलने पर संस्था के लोग रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर एसपी के हेल्पलाइन पर बात करने पर उन्हें भरोसा मिला। कुछ देर बाद जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। संस्था के लोगों ने किशोरी को उनके हवाले किया। आरोप है कि जीआरपी पुलिस की ओर से संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र के साथ अभद्रता की गई।

### 22 विभागों से 554 एमओयू साइन, बैठक में बनी रणनीति

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। 19 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को सीडीओ अंकुर कौशिक ने विकास भवन के प्रेरणा सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त उद्योग अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित किया जायेगा। साथ ही विधान सभा स्तर का आयोजन तहसील/विकास खंड परिसर में आयोजित होगा। जिले के 22 विभागों के तहत 554 एमओयू साइन हुए थे। जिसके सापेक्ष 3169 .13 करोड़ रुपए से 22,283 रोजगार सृजन प्रस्तावित है। 19 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 14 विभागों के कुल 138 इकाईयां जिनका कुल निवेश 910 .13 करोड़ व रोजगार सृजन 6289 है, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिये तैयार हैं। सीडीओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाये।



वितरित किए गए स्मार्टफोन के साथ प्रसन्न मुद्रा में छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार। क्षेत्र में संचालित श्रीमती श्यामा देवी हर्ष महाविद्यालय में बीएड संकाय के 51 व स्नातक संकाय के 102 कुल 153 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व जगदीशपुर विधानसभा से विधायक सुरेश पासी व विशिष्ट अतिथि एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह रहीं। छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन पाकर अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सुरेश पासी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही स्मार्टफोन वितरण योजना के साथ सरकार की अन्य योजनाओं का बखान करते हुए छात्र-छात्राओं से सरकार की इन सभी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि विदुषी सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आज के दौर में स्मार्टफोन बहुत ही उपयोगी है। इसका सही इस्तेमाल कर आप अपने जीवन को कामयाब बना सकते हैं। इस मौके पर कृष्ण कुमार यादव, शिव गोविंद यादव, रणवीर यादव, ओम प्रकाश यादव, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ की टीम ने परखी दो गांवों के विकास की हकीकत

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार। विकास योजनाओं की हकीकत परखने के लिए शुक्रवार को मुख्य प्राविधिक परीक्षक ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ एसपी सिंह के साथ प्राविधिक परीक्षक टीएसी ने विकास खंड बल्दीराय के हलियापुर और डेहरियावां का निरीक्षण किया।

टीम ने चार वर्षों में कराए गए कच्चे पक्के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की हकीकत देखी। टीम ने मनरेगा पक्के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने तथा श्रमिकों को शत प्रतिशत रोजगार देने का आदेश दिया। मनोज यादव ने बताया कि मनरेगा की मजदूरी का भुगतान व मैटेरियल का पैसा शासन से न आने के कारण भुगतान नहीं हो पाया है। मुख्य प्राविधिक परीक्षक एमपी सिंह ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें,लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा तथा उपस्थित समस्त तकनीकी सहायक विकासखंड बल्दीराय एवं धनपतगंज को तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान लेखाकार सत्य नारायण गौतम,जेई जितेंद्र मोहन शर्मा,कंप्यूटर सहायक मनोज यादव,सचिव अरविंद सिंह, सचिव घनश्याम चंदन,सचिव रोहित चंद्रा, तकनीकी सहायक चंद्रनाथ पांडेय, सदानंद यादव आदि मौजूद रहे।

# 535 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

- विधानसभा संयोजक के संयोजन में मिलन समारोह आयोजित

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को मोतिगरपुर विकास खंड परिसर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी व विधानसभा संयोजक विनोद सिंह के संयोजन में मिलन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय की मौजूदगी विपक्षी दलों के बड़ी संख्या लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। सदर विधायक ने भाजपा में आए लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। भाजपा का दामन थामने वालो में मुख्य रूप से बसपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, समाजसेवी शिव कुमार सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इसी तरह सपा के विधान सभा उपाध्यक्ष राज बहादुर वर्मा, डिंगूरपुर बनकेगांव गांव के प्रधान रणजीत वर्मा, हमजापुर प्रधान अनिल सिंह बसपा, पूर्व प्रधान कमलेश सिंह कैथवारा, अरविंद सिंह पूर्व प्रधान सराय भीखम, मगन निषाद प्रधान खैरहा, नीलकंठ प्रधान हासापुर आदि समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह ने बताया कि 14 फरवरी को चार विधानसभा के 1640 एवं सदर विधान सभा से 535 कुल 2175 विपक्षी दलों के लोग भाजपा में शामिल हुए हैं।



भाजपा का दामन थामने वालों का विधायक ने किया स्वागत। अमृत विचार

# अराजकतत्वों ने छात्र को पिस्टल की बट से पीटा

सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली नगर के सौरमऊ निवासी राजेश कुमार मिश्रा ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने तहरीर में बताया कि उनका बेटा आदित्य मिश्रा गुरुवार की शाम करीब साढ़े चार बजे जब स्कूल से घर के लिए निकला तो थोड़ी दूर पर अस्तम सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह,अक्षय प्रताप, आसिफ खान, अर्पित तिवारी, रवि त्रिपाठी, हसन खान, वर्चस्व सिंह आदि लोगों ने गाली देते हुए असलहा दिखाकर रोक लिया। आरोप है कि गाली देने से जब उसने मना किया तो अस्तम सिंह व अखण्ड प्रताप सिंह पिस्टल के बट से सिर के पीछे मार दिया। नगर कोतवाल ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ किस दर्ज कर जांच की जा रही है।

कार्यक्रम | पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार वित्तीय समावेशन महामेला का किया गया आयोजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों का हुआ सम्मान

# डाक विभाग पत्र ही नहीं, अन्य योजनाओं से करा रहा लाभान्वित

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। शुक्रवार को डाक विभाग द्वारा पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार वित्तीय समावेशन महामेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पोस्टमास्टर जनरल प्रयागराज कृष्ण कुमार यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक विभाग के कर्मियों को सम्मानित किया।

संबोधन के दौरान उन्होने कहा कि अब डाक विभाग लोगो को पत्र, मनीआर्डर ही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ दे रहा है। लोगो के वित्तीय सशक्तिकरण भी प्रदान कर रहा है। जैसे इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से 30 हजार से अधिक खाते खोले गए हैं। साथ ही नए जीवन बीमा के तहत 15 लाख से अधिक के प्रीमियम का भी निवेश हुआ है। मौजूदा समय में एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुउद्देशीय बनाया गया है। आज डाकघर में बचत, बीमा, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, गंगाजल बिक्री, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। पोस्टमास्टर जनरल ने सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र तथा डाक जीवन बीमा के लाभार्थियों को पासबुक व पॉलिसी बॉन्ड भी प्रदान किए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई भी की। बेटियों को सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक वितरित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से बेटियाँ आत्मनिर्भर बनेंगी तो आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना भी साकार होगी। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक मौजूदा समय में एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। ई-श्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वाहनों का बीमा, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी तमाम सेवाओं का लाभ भी डाकिया के माध्यम से लिया जा सकता है। पेंशनर्स घर बैठे डाकिया के द्वारा जीवित प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने हेतु आधार जरूरी है, ऐसे में अब घर बैठे डाकिया के माध्यम से ही आधार से लिंक मोबाइल नम्बर भी अपडेट किया जा सकता है। श्री यादव ने बताया कि अब डाकघरों में कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी एक साथ केंद्र व विभिन्न राज्य सरकारों की 73 सेवाएं मिल रही हैं।

इस मौके पर अधीक्षक डाकघर सुलतानपुर मंडल एम एमहुसैन आई.पी.बी.मैनेजर शाखा सुलतानपुर पंकज तिवारी, आई.पी.बी.मैनेजर शाखा अमेठी ,अमित कुमार सिंह, सहायक डाक अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार एवं पवन कुमार, उपमंडलीय निरीक्षक मनीष कुमार चौधरी, दीपक मौर्या एवं आनंद कुमार, परिवाद निरीक्षक शैलेश शर्मा, अमित कुमार सिंह, विकास वर्मा, दीपक गुप्ता, अतुल कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सहित लाभार्थी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।




उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

# गर्मी से पहले सुधरेगी जिले की विद्युत व्यवस्था

**मिलेगी राहत**

**ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने और जर्जर एलटी तार बदलने का चल रहा कार्य, लोकल फॉल्ट से मिलेगा छुटकारा**

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार :** गर्मी से बचने के लिए जिले के पॉवर हाउस में सुधार कराया जा रहा है। यह कवायद गर्मी में लोकल फॉल्ट से लोगों को छुटकारा दिलाने के लिए की जा रही है। विद्युत निगम ने ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि व जर्जर एलटी तार को बदलना शुरू कर दिया है। निगम के अनुसार, मार्च से पहले ही कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

> ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने व तार बदलने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मार्च तक सभी जर्जर तार बदल दिए जाएंगे जिससे उपभोक्ता को लोकल फॉल्ट से छुटकारा मिलेगा। –संजय कुमार पासवान, एसई

निगम पूरे जिले में 517 ट्रांसफॉर्मर व 180 किलोमीटर की एलटी तार को बदल रहा है जबकि पॉवर हाउस में लगी मशीनों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। निगम जिले में 10, 25, 63, 100 व 250 केबीए के नई ट्रांसफॉर्मर लगा रहा है। पुराने ट्रांसफार्मर की क्षमता को भी बढ़ाया जा रहा है जबकि पूरे जिले में 180 किमी तक एलटी तार को भी बदला जा रहा है। बताते चले कि गर्मी में लोकल फॉल्ट के चलते कई घंटों तक बिजली कटी रहती है। लोगों का गर्मी में हाल-बेहाल रहता है। आए दिन गर्मियों में बिजली कटौती से छुटकारा पाने के लिए विभाग ने 40 करोड़ से बिजली व्यवस्थाओं को सुधार रही है। इससे लोगों को गर्मी में बिजली कटने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इलाके के टिंकू सिंह का कहना है कि गर्मी में बिजली कटौती की समस्या सबसे अधिक होती है लेकिन क्षमता बढ़ने से लोकल फॉल्ट होने की संभावना कम होगी और लोगों को गर्मी में भी बिजली मिलेगी। बता दें कि गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने से लोड बढ़ता है और इस वजह से लोकल फॉल्ट होते हैं।

## एक नजर

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में छात्र की मौत



**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के खुनुवां बाईपास के बगल में स्थित महदेवा नानकार के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में 11वीं के छात्र की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। घटना शुक्रवार दोपहर 4 बजे की है। क्षेत्र के भदांव निवासी के मंगल, 50 वर्षीय मंगल और 35 वर्षीय जीतेंद्र बाइक से घर से शोहरतगढ़ आ रहे थे। अभी वह खुनुवां बाईपास रोड पर पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे तभी खुनुवां की तरफ आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। इसमें खुनुवां की तरफ से आ रहे गोल्हौरा क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी करन (16) पुत्र राम बहाल की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि करन खुनुवां से शोहरतगढ़ आ रहा था। वह 11वीं का छात्र था। हादसे में दूसरे बाइक सवार मंगल व जीतेंद्र भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### विजिलेंस टीम ने रेलवे स्टेशन पर मारा छापा

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे की विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को झारखंडी रेलवे स्टेशन पर छापा मारा। इस दौरान 55 सौ रुपये अवैध रूप से बुकिंग ऑफिस से बरामद करने की खबर मिली है। साथ ही गाड़ी संख्या 11080 की टिकट रेलवे रिजर्वेशन काउंटर से बरामद हुई है। सूत्रों के मुताबिक, टीम ने रेलवे स्टेशन के मुख्य टिकट निरीक्षक, पश्चिम गोरखपुर पश्चिमी कार्यालय पर भी छापा मारा और कागजात चेक किए। विजिलेंस टीम की छापेमारी से स्टेशन पर हड़कंप मच गया। टीम के सदस्य काफी देर तक स्टेशन पर रहे।

# टीएलएम से शिक्षण पद्धति को बना सकते हैं रोचक

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र में शुक्रवार को शिक्षण संकुल बैठक का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों द्वारा बनाए गए टीएलएम का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने निपुण लक्ष्य व दीक्षा एप के शत-प्रतिशत प्रयोग पर जोर दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में भी टीएलएम को प्रदर्शित करने को कहा गया। टीएलएम से शिक्षण पद्धति को रोचक बना सकते हैं। उन्होंने मौजूद शिक्षकों को कई टिप्स दिए। कार्यक्रम बीआरसी सभागार में हुआ जिसमें एआरपी राम सेवक गुप्ता, गुलाम जिलानी, अज्जीजुरहमान, शिक्षक अमित मणि त्रिपाठी, कृष्ण मोहन ठाकुराई, सीताराम गुप्ता, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

# विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किए गए पूर्वोत्तर रेलवे के 57 कर्मचारी

## 68वें रेल सप्ताह समारोह का हुआ आयोजन, महाप्रबंधक ने किया पुरस्कृत

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के 68वें रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में आयोजित समारोह में वर्ष-2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 57 रेलकर्मियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा 39 अधिकारियों व कर्मचारियों को स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर सम्मान प्रदान किया।



पूर्वोत्तर रेलवे के कर्मचारी को सम्मानित करतीं महाप्रबंधक सौम्या माथुर।



मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पर पंकज कुमार सिंह को सम्मानित करतीं महाप्रबंधक।

इस अवसर पर उन्होंने जनसंपर्क विभाग द्वारा संपादित ई-कॉफी टेबल बुक 'छोटी लाइनः ए जर्नी ऑफ ट्रान्सफारमेशन-पूर्वोत्तर रेलवे (1875-2024)' का विमोचन भी किया। इस ई-कॉफी टेबल बुक में पूर्वोत्तर रेलवे की स्थापना से लेकर अब तक के विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। इसके पूर्व इस बुक के संबंध में पंकज कुमार सिंह ने पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रकाश डाला और इसके लेखन के दौरान प्राप्त रोचक तथ्यों के बारे में भी विशेष रूप से बताया। समारोह में बुक के को-ऑथर प्रेम शर्मा को भी सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम अपने समर्पित एवं निष्ठावान रेलकर्मियों को प्रत्येक वर्ष पुरस्कृत कर सम्मानित करते हैं जिनके प्रयासों व उत्कृष्ट कार्यों से रेलवे की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, उत्पादकता बढ़ी है और रेल संरक्षा के नये मानदंड स्थापित हुए हैं। इसके पूर्व पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति के कलाकारों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन हेमलता सिंह, संगठन की सदस्याएं, अपर महाप्रबंधक डीके सिंह, प्रमुख विभागाध्यक्ष, सभी मंडल रेल प्रबंधक आदि रहे। मुख्य कार्मिक अधिकारी/आईआर अवधेश कुमार ने महाप्रबंधक सहित सभी वरिष्ठ रेल अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वागत किया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने समारोह का सफल संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष रेलवे भर्ती सेल राजेश कुमार गुप्ता ने किया।

# चुनाव के लिए समय पर पूरी करें तैयारियां

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



निरीक्षण करते डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए चयनित स्थल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल के मैदान का शुक्रवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार भी रहे।

डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए विधानसभावार ले-आउट तैयार कर लें। गाड़ियों के लिए भी स्थान निर्धारित कर लें, बैरिकेटिंग भी करा लें। डीएम ने मतदान होने के बाद ईवीएम रखने, मतगणना की अन्य तैयारियों को लेकर मंडी समिति का निरीक्षण किया। डीएम ने मंडी की खराब रोड के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता व मंडी समिति के सचिव को निर्देश दिया। लोकसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### ट्रेनों का वाराणसी स्टेशन पर दिया गया ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों का वाराणसी सिटी स्टेशन पर ठहराव व पुनर्निर्धारण किया है। इसके तहत 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस, 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस व 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का 17 और 18 फरवरी को वाराणसी सिटी स्टेशन पर 5 मिनट का ठहराव प्रदान किया जाएगा। इसी तरह वाराणसी सिटी से 17 व 18 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस वाराणसी सिटी स्टेशन से 85 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी।

# गोरखपुर-वाराणसी से चलेंगी विशेष ट्रेनें

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए गोरखपुर और वाराणसी सिटी से विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। 05129/05130 गोरखपुर-वाराणसी सिटी-गोरखपुर परीक्षा विशेष गाड़ी गोरखपुर और वाराणसी सिटी से 17 व 18 को चलेंगी। 05129 गोरखपुर-वाराणसी सिटी परीक्षा विशेष गाड़ी 17 एवं 18 फरवरी को गोरखपुर से 13 .50 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर कैंट से 14 .07 बजे, कुसम्ही से 14 .20 बजे, सरदार नगर से 14 .30 बजे, चौरी चौरा से 14 .40 बजे, गौरी बाजार से 14 .52 बजे, बैतालपुर से 15 .02 बजे, देवरिया सदर से 15 .13 बजे, नूनखार से 15 .30 बजे, भटनी से 15 .40 बजे, पिवकोल से 15 .50 बजे, सलेमपुर से 15 .57 बजे, लार रोड से 16 .10 बजे, बेल्थरा रोड से 16 .27 बजे, किड़िहारापुर से 16 .47 बजे, इंदारा से 17 .02 बजे, मऊ से 17 .25 बजे, पिपरीडीह से 17 .42 बजे, दुल्लहपुर से 17 .54 बजे, जखनियां से 18 .05 बजे, सदात से 18 .17 बजे, माहपुर से 18 .30 बजे, औंड़िहार से 18 .47 बजे, रजवाड़ी से 19 .02 बजे, कादीपुर से 19 .15 बजे तथा सारनाथ से 19 .37 बजे छूटकर वाराणसी सिटी 20 .00 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर परीक्षा विशेष गाड़ी वाराणसी सिटी से 23 .30 बजे प्रस्थान कर सारनाथ से 23 .47 बजे दूसरे दिन कादीपुर से 00 .05 बजे, रजवारी से 00 .17 बजे, औंड़िहार से 00 .32 बजे, माहपुर से 00 .47 बजे, सादात से 01 .02 बजे जखनियां से 01 .12 बजे, दुल्लहपुर से 01 .25 बजे, पीपरीडीह से 01 .37 बजे, भटनी से 03 .40 बजे, नूनखार से 03 .50 बजे, देवरिया सदर से 04 .03 बजे, बैतालपुर से 04 .12 बजे, गौरी बाजार से 04 .22 बजे, चौरी चौरा से 04 .37 बजे, सरदार नगर से 04 .47 बजे, कुसम्ही से 04 .57 बजे तथा गोरखपुर कैंट से 05 .12 बजे छूटकर गोरखपुर 05 .30 बजे पहुंचेगी।

# पुलिस भर्ती के लिए आज और कल विशेष ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों की सुविधा को 05127 गोरखपुर-बहराइच परीक्षा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 17 व 18 फरवरी और 05128 बहराइच-गोरखपुर परीक्षा विशेष गाड़ी बहराइच से चलाने का निर्णय लिया है।

रेलवे के मुताबिक, 05127 गोरखपुर-बहराइच परीक्षा विशेष गाड़ी 17 व 18 फरवरी को गोरखपुर से 16.05 बजे प्रस्थान कर नकहा जंगल से 16.20 बजे, मानीराम से 16.29 बजे, पीपीगंज से 16.42 बजे, कैम्पियरगंज से 16.57 बजे, आनंदनगर से 17.12 बजे, ब्रिजमनगंज से 17.24 बजे, उसका बाजार से 17.35 बजे, सिद्धार्थनगर से 17.48 बजे, चिल्हिया से 18.02 बजे, शोहरतगढ़ से 18.12 बजे, परसा से 18.25 बजे, बढ़नी से 18.42 बजे, पचपेड़वा से 18.57 बजे, गैंसरी से 19.10 बजे, तुलसीपुर से 19.25 बजे, कौवापुर से 19.42 बजे, गैंजहवा से 19.52 बजे, झारखण्डी से 20.02 बजे, बलरामपुर से 20.14 बजे, इंटियाथोक से 20.32 बजे, सुभागपुर से 20.47 बजे, गोंडा से 21.05 बजे, गंगाधाम से 21.15 बजे, बनगाई से 21.25 बजे, बिशेश्वरगंज से 21.37 बजे, पयागपुर से 21.49 बजे व चिलवरिया से 22.05 बजे छूटकर बहराइच 22.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05128 बहराइच-गोरखपुर परीक्षा विशेष गाड़ी बहराइच से इन दो दिनों में 05.00 प्रस्थान कर चिलवरिया से 05.17 बजे, पयागपुर से 5.32 बजे, बिशेश्वरगंज से 5.45 बजे, बनगई से 5.57 बजे, गंगाधाम से 6.07 बजे, गोंडा से 6.30 बजे, सुभागपुर से 6.42 बजे, इंटियाथोक से 6.57 बजे, बलरामपुर से 7.12 बजे, झारखंडी से 07.22 बजे, गैंजहवा से 7.32 बजे, कौवापुर से 7.42 बजे, तुलसीपुर से 8.00 बजे, गैंसरी से 8.15 बजे, पचपेड़वा से 8.27 बजे, बढ़नी से 8.42 बजे, परसा से 8.52 बजे, शोहरतगढ़ से 8.57 बजे, चिल्हिया से 9.07 बजे, सिद्धार्थनगर से 9.20 बजे, उसका बाजार से 9.32 बजे, नकहां जंगल से 11.12 बजे छूटकर गोरखपुर 11.25 बजे पहुंचेगी। ये जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### अब 18 के बजाए 19 को दिया जाएगा ब्लॉक

**गोरखपुर , अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को देखते हुए कासगंज-मारहरा स्टेशनों के मध्य पुल संख्या- 402 पर गर्डर लॉचिंग के लिए अब 18 फरवरी के बजाए 19 को ब्लॉक दिया जाएगा। इस कारण 19 फरवरी को 05347/05348 कासगंज-अछनेरा-कासगंज अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी और गोरखपुर से प्रस्थान करने वाली 19410 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस कासगंज में 10 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### मानव जाति को प्रेरणा देता है प्रभु श्रीराम का जीवन



रामलीला में आरती करते भारतीय मजदूर संघ के जिला कोषाध्यक्ष।

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** गुरुवार देर शाम उसका नौगढ़ मार्ग के किनारे स्थित प्राचीन शिवमंदिर भिटिया के प्रांगण में 9 दिवसीय रामलीला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने प्रभु श्रीराम व माता सीता को आरती कर रामलीला की शुरुआत कराई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम हम सभी के आदर्श हैं। राम सबके हैं। हमारे देश सहित दुनिया के अनेक देशों में प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन आदिकाल से होता आ रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवन समस्त मानव जाति को प्रेरणा देता है। रामलीला आयोजन के लिए समाजसेविका एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच की जिलाध्यक्ष वंदना चौबे की सराहना की। आयोजक पंडित वंदना चौबे ने बताया कि नौ दिवसीय भव्य रामलीला महोत्सव 14 से 23 फरवरी तक भिटिया शिव मंदिर के प्रांगण में शाम 8 से रात 12 बजे तक होगा। इस दौरान रामबचन सिंह, पहलवान आदि मौजूद रहे।

### 277 छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन



छात्रा को स्मार्ट फोन वितरित करते नगर पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** डीजीशक्ति योजना के तहत कस्बा स्थित अमृतलाल महाविद्यालय में शुक्रवार को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल ने 277 बच्चो को स्मार्ट फोन वितरित किए। स्मार्ट फोन पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उन्होंने कहा की सरकार की कई योजनाएं छात्रों के हित में चलाई जा रही हैं। उन्होंने बच्चों को स्मार्टफोन का सकारात्मक प्रयोग करने की सलाह भी दी। महाविद्यालय के प्राध्यापक वेद प्रकाश पांडे ने भी विचार रखे। इस दौरान प्रबंधक संकटा लाल श्रीवास्तव, जितेंद्र नाथ मिश्र, दयाशंकर चौरसिया, विवेक कुमार, प्रीतिमा मिश्रा, अंकिता दुबे, संदीप श्रीवास्तव, इंद्र केश आदि मौजूद रहे।

### जीआरपी एसपी के पीआरओ सम्मानित



पीआरओ को सम्मानित करते जीआरपी पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार :** जीआरपी पुलिस अधीक्षक अवधेश सिंह ने पिछले दिनों पीआरओ श्रवण शुक्ला को उत्कृष्ट सेवा सेवा पदक प्रदान किया। बताया जाता है कि श्रवण शुक्ला ने विभिन्न थानों में रहकर अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया और कई मामलों का वर्कआउट भी किया। मौजूदा समय में वे पुलिस अधीक्षक के पीआरओ पद पर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

### टीम भावना से करें कार्य तो मिलेगी सफलताः डीआईओएस

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष व नकलविहीन कराने में कार्यालय में तैनात कर्मियों की भी भूमिका अहम है। सभी अपने-अपने पटल के साथ परीक्षा से जुड़े बिंदुओं पर आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। टीम भावना से कार्य होने पर ही सफलता मिलनी संभव है। ये बातें जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने कही। वह शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा को सकुशल कराने के लिए जिविनि कार्यालय में तैनात पटल सहायकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में अबैदुल्लाह शाह, दीपेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र, मनसब अली आदि मौजूद रहे।



खुशी जतातीं वॉलीबॉल बालिका टीम की खिलाड़ी व कोच। अमृत विचार

### राज्य चैंपियन बनी सिद्धार्थनगर की टीम, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** लखनऊ में चल रही राज्यस्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को जिले के नौगढ़ ब्लाक के पूर्व कंपोजिट स्कूल रेहरा की वॉलीबॉल बालिका टीम ने बस्ती मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए एक बार फिर राज्य चैंपियन बनकर जनपद को गौरवान्वित किया है। टीम ने लगातार चौथी बार गोल्ड मेडल हासिल करने में सफलता पाई है। लखनऊ के स्पोर्टस आर्थॉरिटी ऑफ इंडिया के मैदान में सिद्धार्थनगर के खिलाड़ियों ने परचम लहराकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। टीम में नौगढ़ ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय रेहरा की बालिकाएं शामिल थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र पाल व जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

### मरम्मत कार्य के कारण दो ट्रेनें रहेंगी निरस्त

**गोरखपुर, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के वाराणसी जंक्शन पर इंजीनियरिंग कार्य के लिए ट्रैफिक एवं पॉवर ब्लॉक दिए गए हैं। इस वजह से दो ट्रेनें निरस्त की गई हैं। साथ ही एक गाड़ी का मार्ग परिवर्तन किया गया है। बलिया से 17 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 05169 बलिया-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित विशेष गाड़ी और प्रयागराज रामबाग से इसी दिन प्रस्थान करने वाली 05170 प्रयागराज रामबाग-बलिया अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। इसके अलावा, अहमदाबाद से 16 फरवरी को चलाई जा रही 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी-जौनपुर-औंड़िहार के रास्ते चलाई जाएगी।

# प्रधानमंत्री का संदेश लिखे शिलापट्ट पर लगाया पेंट

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** नेपाल सीमा से सटे कस्बा ककरहवा के एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश लिखे शिलापट्ट पर पेंट लगा देने का मामला प्रकाश में आया है। मामला प्रधानमंत्री से जुड़ा होने के कारण लोगों में रोष है।

सितंबर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय ककरहवा के गेट पर आजादी का 75वां अमृत महोत्सव का शिलापट्ट लगाया गया था। इस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री का संदेश लिखा था। गुरुवार सुबह लोगों ने देखा कि शिलापट्ट सफेद रंग के पेंट से पुता हुआ था। इस पर कई समर्थक पहुंच गए और आक्रोश जताते हुए घटना की निंदा करते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। घटना के पीछे किसी राजनीतिक विरोध या आपसी रंजिश का अनुमान लगाया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी बर्डपुर सुरेश कुमार का कहना है कि कोई जानकारी नहीं है, अब पता चला है। यदि ऐसा है तो इसे ठीक कराया जाएगा।



इसी शिलापट्ट पर लगाया गया सफेद पेंट।

**संबोधन** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में हुई कमजोर बूथों व सहकारी महासम्मेलन को लेकर सहकारी जनप्रतिनिधियों की बैठक

# भाजपा शासन में सहकारिता को मिली नई दिशा और गति : जितेंद्र बहादुर

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार :** सहकारिता के क्षेत्र को और व्यापक बनाने व इस देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कड़ी के रूप में विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। मंत्री के रूप में इसकी जिम्मेदारी अमित शाह को दी जिनके नेतृत्व में सब काम कर रहे हैं। भाजपा के शासनकाल में सहकारिता को एक नई दिशा और गति मिल रही है।

ये विचार उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक के अध्यक्ष (दर्जा राज्यमंत्री) जितेंद्र बहादुर सिंह ने व्यक्त किए।





कार्यक्रम को संबोधित करते उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक के अध्यक्ष। अमृत विचार

वह शुक्रवार को भाजपा के जिला कार्यालय में कमजोर बूथ व सहकारी महासम्मेलन को लेकर सहकारी जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा प्रदेश की राजधानी डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह सहकारिता विभाग में कार्य करने वाले लोगों में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक ओम प्रकाश मौर्य ने कहा कि सहकारिता में कार्य करने वाले पदाधिकारी अपने-अपने बूथों पर भाजपा को मजबूत करें जिससे केंद्र में तीसरी बार पीएम मोदी की सरकार बने। अध्यक्षता करते हुए जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि गैर भाजपा सरकारों में सहकारिता के क्षेत्र में कोई कार्य नहीं हो रहा था लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद तेजी से सुधार हुआ है। चेयरमैन डीसीएफ अजय उपाध्याय, क्षेत्रीय सह संयोजक दिलीप चतुर्वेदी समेत साधना चौधरी, दीपक मौर्य, फतेबहादुर सिंह, मंगल चौरसिया, अशोक सिंह, अभय राम पांडेय, आशीष शुक्ला, महेंद्र लोधी, उमेश सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, निशांत पांडेय, पप्पू श्रीवास्तव, भी उपस्थित थे। संचालन सह संयोजक फूलचंद जायसवाल ने मौजूद रहे

### अध्यक्ष को सौंपा मांगपत्र

उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने एक मांग-पत्र सौंपा। इसमें जनपद में बंद पड़ी 10 शाखाओं को संचालित कराने, जिला सहकारी बैंक को विविधीकरण ऋण वितरण पर भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से लगाए गए प्रतिबंध को हटाने के लिए पहल करने, 6 शाखाओं में मात्र 8 कर्मचारियों के मद्देनजर कर्मियों की भर्ती कराने, बैंक संचालन के लिए अतिरिक्त पैकेज देने जैसे बिंदु शामिल थे।

## एक नजर

### बिना कार्य कराए उद्‌घाटन बोर्ड लगाने से ग्रामीण नाराज

**बलरामपुर।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पोषित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एफजे से चमारबोझिया से वाया मध्य नगर रोड बिना कुछ कार्य कराए उद्‌घाटन का बोर्ड लगा दिया गया। क्षेत्र वासियों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। चमारबोझिया ग्राम व अन्य ग्राम वासियों ने प्रदर्शन कर प्रकरण की जांच की मांग की है। इस अवसर पर सोनू सिंह, नवरत्न सिंह, राजमणि सिंह राजू, तपेश्वरी प्रसाद कश्यप, मंगल प्रसाद कश्यप, राम केवल यादव, हीरालाल यादव, महेश यादव, नान बाबू चौहान, राजकिशोर चौहान, छठी राम, कमल राज, नारायण कमल, बजरंगी कमल, मंगल प्रसाद कश्यप उपस्थित रहे।

### लावारिस वाहनों की नीलामी 26 को

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में थानों में खड़े लावारिश वाहनों, माल मुकदमाती के निस्तारण के लिए चलाये जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्र सिंह राठौर, थाना प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र और राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी की अध्यक्षता में मेंहदावल थाने पर 19 लावारिश दोपहिया वाहनों की नीलामी का रास्ता साफ हो गया है। थाने में खड़े इन लावारिश वाहनों की नीलामी आगामी 26 फरवरी को कराई जाएगी।

### छात्रों ने प्राकृतिक संरक्षण का दिया संदेश

**महराजगंज तराई, बलरामपुर।** रामफल मेमोरियल इंटर कॉलेज महराजगंज कस्बा में दो दिवसीय वार्षिकउत्सव कार्यक्रम व हाईस्कूल इंटर के छात्रों का विदाई समारोह शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम के बीच हुआ। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गिरजेश तिवारी व विशिष्ट अतिथि सह विद्यालय निरीक्षक डॉ चंदन पांडे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत कराई। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। बच्चों ने नाटक के माध्यम से पेड़ों की कटान रोकने के साथ ही प्राकृतिक संरक्षण का संदेश दिया। संबोधित करते थाना प्रभारी बृजेश तिवारी ने कहा की गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ चंदन पांडे ने कहा कि शिक्षा व संस्कृति के उचित मेल से सफल व्यक्तित्व का निर्माण होता है। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य सत्यनारायण मिश्रा, प्रवेश कुमार मिश्रा, मोनू सिंह, डीपी मिश्रा, शाहिद व प्रसून कौशल व छात्र मौजूद रहे।

### युवा संसद का किया गया वर्चुअल आयोजन

**संतकबीरनगर।** जिला युवा अधिकारी सीमा पांडेय ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि शुक्रवार को नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय संत कबीर में जिला युवा संसद कार्यकम का वर्चुअल माध्यम से आयोजन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र बस्ती, एटा, कासगंज (नॉन एनवाईके) व संत कबीर नगर के युवाओं ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि निर्णायक मण्डल के तौर पर प्राचार्य प्रभा देवी स्नातकोतर महाविद्यालय डॉ. प्रमोद कुमार त्रिपाठी, अध्यापक डॉ. अमरनाथ पाण्डेय, डॉ. कौशलेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णा पाण्डेय और राज्य प्रशिक्षक विश्वनाथ पाठक उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जनपद बस्ती से अम्बेश दुबे ने प्रथम, मृगुवंश मणि पाण्डेय द्वितीय व प्रिया चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जनपद संत कबीर नगर से अम्बेश कुमार ने प्रथम, अमजद अली ने द्वितीय व अमीशा राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जनपद एटा से खुशी उपाध्याय ने प्रथम, निधी सोलंकी ने द्वितीय व शिवम उपाध्याय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जनपद कासगंज से सौरभ वर्मा ने प्रथम, प्रांजल वर्मा ने द्वितीय व आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# पेड़ में फंदे से लटकती मिली युवक की लाश

संवाददाता, धनघटा

**संतकबीरनगर।** धनघटा थानाक्षेत्र के बिड़हर घाट पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम चपरा पूर्वी निवासी 22 वर्षीय युवक का शव शुक्रवार की सुबह नेतवापुर चौराहे पर स्थित पेट्रोल पंप के बगल में पेड़ में फंदे से झूलता हुआ मिला। शव मिलने की सूचना पर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस बात की जानकारी लोगों ने धनघटा पुलिस को दी।

धनघटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान ग्राम चपरा पूर्वी के खाले पुरवा टोला निवासी दयाराम चौहान के 22 वर्षीय पुत्र सूरज चौहान के रूप में हुई। इस बात की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया और परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी धनघटा अनिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए के भेज दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अयोध्या में रामभक्तों की सेवा में जुटे जिले के चिकित्सक

**सेवाभाव**

- डॉ. आलोक सिन्हा बोले - रामभक्तों की सेवा से हृदय को मिल रहा असीम संतोष

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** अयोध्या में बीते 22 जनवरी को हुए श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा राम भक्तों के लिए चिकित्सा शिविर लगाया गया है। शिविर में जिले के वरिष्ठ चिकित्सक और भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ आलोक सिन्हा के नेतृत्व में जिले के नामी गिरामी चिकित्सक रोज सैकड़ों रामभक्तों और श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य परीक्षण करने में जुटे हैं।

अयोध्या से दूरभाष पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए डॉक्टर आलोक सिन्हा ने बताया कि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की तरफ से अयोध्या में जो शिविर लगाए गए हैं उसमें जो दूर-दराज से या कई प्रान्तों से जो भी राम भक्त आ रहे हैं उनका निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है और निःशुल्क दवाएं भी दी जा रही हैं। हम लोगों का सौभाग्य है कि इस ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर पर रामभक्तों की सेवा का अवसर मिला। 22 जनवरी को मोदी और योगी सरकार में देश में जो इतिहास रचा गया है उससे देश और दुनिया का हर सनातनी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस गौरवशाली पल में हम लोग भी प्रतिभागी बने यह बड़े सौभाग्य की बात है। भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ की तरफ से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में संतकबीरनगर जिले को भी प्रतिनिधित्व का अवसर मिलना बड़े गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि हम लोग जिला चिकित्सालय संतकबीरनगर में अपनी सेवा दे रहे हैं। आज अयोध्या में आकर राम भक्तों को सेवा दे रहे हैं। इस स्वास्थ्य शिविर में जिले के माने जाने डॉक्टर संजीव श्रीवास्तव, डॉक्टर आलोक सिन्हा, डॉक्टर ओपी शर्मा, डॉक्टर प्रतिभा शर्मा, प्रमिला, सूरज और निर्मला देश विदेश के रामभक्तों की सेवा में जुटे हैं।


चिकित्सा शिविर अयोध्या में सेवाएं दे रहे संतकबीरनगर के चिकित्सक। अमृत विचार

# कार्यशैली सुधार कर राजस्व देयों की शत प्रतिशत वसूली कराएं अधिकारी : डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस और कर-करेत्तर की हुई समीक्षा बैठक

संवाददाता, संतकबीरनगर

**दिशा-निर्देश**

- संदर्भों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं अधिकारी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, सम्पूर्ण सामाधान दिवस संदर्भ सहित सभी आनलाइन और आफलाइन संदर्भों के सापेक्ष प्राप्त, निस्तारितों और लम्बित शिकायतों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों और प्रकरणों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारीगण आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना जाए और सदंर्भो के निस्तारण के परिणाम से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। क्योंकि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही संदर्भो का निस्तारण का मूल लक्ष्य है।

समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने कहा कि सम्बन्धित शिकायत की जांच हेतु अधिकारी मौके पर जाने से पूर्व शिकायत से सम्बन्धित सभी पक्षों को अवश्य अवगत कराएं और यह सुनिश्चित करें कि निस्तारण से उभयपक्ष संतुष्ट हों। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभागीय अधिकारी प्रतिदिन अनिवार्य रुप से आई.जी.आर.एस. पोर्टल को देखें तथा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करते हुए अनिवार्य रूप पर से पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में विभागीय अधिकारी संदर्भो का निस्तारण उसके डिफाल्ट होने से पहले ही करना सुनिश्चित करें। आईजीआरएस पोर्टल पर अधिकारीगण अपने मोबाईल नम्बर के साथ प्रोफाइल अपडेट रखें।


महेंद्र सिंह तंवर, डीएम, संतकबीरनगर

बैठक के अगले चरण में कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान आबकारी, व्यापार कर, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बाट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी नें लक्षित राजस्व देयों की वसूली में अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में रचनात्मक सुधार लाते हुए समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। कर करेत्तर की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों से राजस्व संग्रह और राजस्व वसूली की प्रगति के बारे में आवश्यक बिन्दुओं पर सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए प्रदेश और मण्डल की प्रगति के सापेक्ष जनपद की स्थिति जाना। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनिवार्य रूप से आगामी 31 मार्च 2024 तक प्राप्त लक्ष्य को अवश्य पूरा कर दिया जाए।

अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी सदर शैलश कुमार दूबे, उप जिलाधिकारी मेहदावल अरूण कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर कलेक्ट्रेट डा. सुनील कुमार, तहसीलदार सदर जर्नादन, तहसीलदार धनघटा, नायब तहसीलदार सेमरियांवा प्रियंका तिवारी, जिला आबकारी अधिकारी आरपी तिवारी, आईजी स्टाम्प, जिला बाट माप अधिकारी वी.पी. वर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जे.पी. तिवारी, ईओ मगहर विभिन्न विभागों के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# खलीलाबाद में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

**संतकबीरनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि प्रदेश के कुल 75 जिलों में से मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की स्थापना के लिए उन 57 जिलों को चयनित किया जाएगा जिन जिलों में अटल आवासीय विद्यालय नहीं खोले गए हैं। राज्य के सभी 18 मंडलों में एक-एक अटल आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

प्रथम चरण में इन 57 जनपदों में से 17 जनपदों को लिया गया है, जिसमें जनपद संत कबीर नगर भी शामिल है। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय में स्मार्ट क्लास के साथ-साथ रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग सेंटर के साथ-साथ मॉड्यूलर लैब आदि की सुविधा मौजूद होगी। यहां विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य, शिक्षक संवर्ग व कर्मचारियों के लिए आवासीय भवन भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा खेल का विशाल मैदान और ओपन जिम के साथ-साथ मल्टीपल एक्टिविटी हाल, सोलर पैनल, वर्षा जल संचयन इकाई की स्थापना, वाटर प्लांट, मिड-डे-मील किचन और सीसीटीवी कैमरे से आनलाइन निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। ग्राम उस्का खुर्द में 10 एकड़ जमीन चिह्नित कर प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### रोजगार मेले में साक्षात्कार लेकर 291 को किया चयनित


रोजगार मेले में चयनित अभ्यार्थी को प्रमाण पत्र वितरित करते पदाधिकारी।

**रेहराबज़ार, बलरामपुर।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत शुक्रवार को रेहरा बाजार विकासखंड परिसर में कौशल विकास मिशन का रोजगार मेला लगाया गया। ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान व विशिष्ट अथिति भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम करन मिश्र ने दीप जलाकर रोजगार मेले का शुभारंभ किया। मिले में प्रशिक्षित व अपरशिक्षित 430 बेरोजगारों ने निजी कंपनियां में नौकरी के लिए पंजीकरण कराया। इसमें से नौ निजी कंपनियां के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लेकर 291 बेरोजगारों को चयनित किया।

### कमरुल हसन चौधरी बने प्रदेश महासचिव

**गैड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर, अमृत विचार।** उतरौला निवासी कमरुल हसन चैधरी को यूपी कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग ने प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने की। शाहनवाज द्वारा नियुक्ति पत्र में उल्लेखित किया है कि कांग्रेस संगठन के प्रति कमरुल हसन चैधरी की निष्ठा तथा अल्पसंख्यक समाज के लोगों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में आप द्वारा किये जा रहे प्रयासों को देखते हुए आपको उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अन्तर्गत प्रदेश महासचिव मनोनीत किया जाता है। अपेक्षा की जाती है कि आप प्रदेश में संगठन को मजबूत करने तथा अल्पसंख्यक समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस संगठन से जोड़कर कांग्रेस अध्यक्ष, मल्लिकार्जुन खड़गे, विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेश चैयरमेन शाहनवाज आलम तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के हाथों को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। कमरुल हसन चैधरी कांग्रेस के पुराने राजनीतिक कार्यकर्ता हैं और विभिन्न पदों पर रहते हुए सेवाएं देते रहे। उनका कहना है कि वह अल्पसंख्यकों के हक हुकूक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। उनके नियुक्ति पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ राकेश त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष शकील शाह, पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी मंजूर कुरैशी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आमिर खान, जिला महासचिव डॉ खलीलुल्लाह, भीष्म सिंह, प्रदीप शर्मा, अंकुश पांडे, शाद अशरफ, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा समेत अन्य कांग्रेसियों ने बधाई दी।

### कठिन परिश्रम व अनुशासन से मिलती है सफलता : कफील


विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद प्रधानाचार्य।

**मगहर, संतकबीरनगर।** वास्तव में बच्चे ही देश व समाज का दर्पण होते हैं। विदाई शब्द ही अपने आप में दुखदाई होता है। लेकिन इसमें भी अपार खुशियां निहित होती हैं। कक्षा 10वीं के बच्चों के लिये यह उत्थान की पहली सीढ़ी होती है। ऐसे में उन्हें अनुशासित होकर कठिन परिश्रम करनी चाहिये। जिससे उन्हें सफलता प्राप्त होसके। उक्त विचार बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबन्धक कफील खान ने अल्हाज मुंशीदार फातिमा किसान इंटर कालेज गड़सरपार में गुरुवार की देर शाम हुए 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिये आयोजित विदाई समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा में रिलैक्स होकर परीक्षा दें। बच्चों द्वारा किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर अच्छा लगा। प्रधानाचार्य मोहम्मद खालिद खान ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुये कहा कि परीक्षा में मेहनत कर अच्छा अंक हासिल करें। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की छात्रा गासिया खातून व मंजू कुमारी ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मोहम्मद खालिद खान, वीरेंद्र कुमार, दीपा रानी, सन्तोष उपाध्याय, बद्रीनाथ उपाध्याय, राजेश कुमार, महिपाल, सिकन्दर कुमार, सौरभ कुमार राव, साधना मिश्रा, बिंदा देवी, राबिया खातून, साधना उपाध्याय, निधि मिश्रा, कीर्ति, अनुराधा, सत्यवती समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# किसानों ने भारत बंद को लेकर दिया धरना


ग्राम पंचायत परसिया स्थित किसान यूनियन कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**सादुल्लाह नगर, बलरामपुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन बलरामपुर के विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत परसिया स्थित किसान युनियन कार्यालय पर राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ग्रामीण भारत बंद का आयोजन किया गया।

किसानों ने कृषि व मजदूरी का काम बंद कर कार्यालय पर धरना दिया। प्रदर्शन कारी किसानों को सादुल्लाहनगर पुलिस ने नजर बंद रखा। तीन बजे किसानों का भारत बंद को लेकर धरना समाप्त हुआ। भारत बंद में जिला उपाध्यक्ष राजबहादुर शर्मा, जिला सचिव गृषेंद्र प्रताप श्रीवास्तव, संगठन मंत्री राम उग्रह वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष गुरु प्रसाद वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष दुखराम, राजेश्वरी प्रसाद वर्मा, मोहम्मद उमर, रामहेत, राम उजागर कश्यप, बाबूराम, राम तीरथ विश्वकर्मा, शिवप्रसाद यादव, झिनका, लाल मुन्नी कश्यप, अमृता देवी, फारूक, महबूब अली सहित मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घने कोहरे के बीच हुई साप्ताहिक परेड

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को घने कोहरे के बीच पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने और जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाने के साथ ही अनुशासन और एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। बाद में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक आदि का निरीक्षण किया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों व पुलिस चौकियों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए सभी पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

# स्कूल पड़ा बंद, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़



तुलसीपुर में बंद पड़ा मजरा धोकरा के प्राथमिक विद्यालय। अमृत विचार

**महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार।** मामला तुलसीपुर शिक्षा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरेबक्स के मजरा धोकरा के प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक के लगातार गैरहाजिर रहने से तीन माह से स्कूल नहीं खुला है। छात्र शुरुआत में कई दिन तक स्कूल आए और ताला बंद देखकर लौट गए। अब उन्होंने आना ही बंद कर दिया है। शुक्रवार को भी स्कूल में ताला लटका रहा। वहीं दूसरी तरफ प्राथमिक विद्यालय हडपुर जनकपुर में समय लगभग 11:40 बजे देखा गया तो विद्यालय में पंजीकृत छात्राओं की संख्या 128 के सापेक्ष 34 उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने बताया कि कोटेदार के द्वारा राशन नहीं दिया गया है इसलिए भोजन नहीं बन रहा है। वहीं दूसरी तरफ प्राथमिक विद्यालय पूरेबक्श में 11 बजे छात्रों को लंच दिया गया। ग्रामीण अब्दुल मोबीन, जुबेर, धीरेंद्र यादव, अनीस अहमद, जमाल, बैतुल्लाह सहित लोगों ने 3 महीने से बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय को खुलवाने व नियमित रूप से मध्यान भोजन बनवाने की मांग जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की है। खंड शिक्षा अधिकारी तुलसीपुर स्वामीनाथ ने बताया मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

**आयोजन** — राम तीर्थ चौधरी महाविद्यालय इमिलिया बनघुसरा में किया गया नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूरे देश को दिशा दे रहीं : रामप्रताप

उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार।** भाजपा द्वारा राम तीर्थ चौधरी महाविद्यालय इमिलिया बनघुसरा के सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक रामप्रताप वर्मा ने कहा कि भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है।

देश में प्रथम व्यक्ति के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की नारी शक्ति दुनिया में परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश की महिला आर्थिक सामाजिक रूप से सशक्त हुई है। ब्लाक प्रमुख राकेश तिवारी ने कहा कि हाल में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस तरह महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है और महिलाओं के लिए आह्वान है कि वह देश का नेतृत्व करें और उसे एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी ने कहा कि पिछले 10 सालों में महिलाओं की स्थिति मजबूत हुई है और उनका सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, खेल और विज्ञान क्षेत्रों में महिला शक्ति अपने नेतृत्व का लोहा मनवा रही है। विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही है। महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, देवानंद गुप्ता, डाक्टर पवन नंदा, आनंद त्रिपाठी दद्दन, आशीष वर्मा, जतिन यादव, फणींद्र गुप्ता समेत भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।


नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के शामिल उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा व अन्य। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ टिप्पणी पर अखिलेश यादव पर भड़के भाजपाई

संवाददाता, संतकबीरनगर

**जताई नाराजगी**

- खलीलाबाद के मेंहदावल बाईपास पर अश्वनी चौरसिया के नेतृत्व में फूंका पुतला
- पिता और चाचा पर अत्याचार करने वाले से संस्कारित व्यवहार की उम्मीद नहीं : अश्वनी

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आजमगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक और चुनावी तैयारियों को लेकर दिये गए बयान पर सपा मुखिया अखिलेश यादव की टिप्पणी पर आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मेंहदावल बाईपास पर उनका पुतला जलाने के साथ ही जमकर प्रदर्शन किया।

युवा भाजपा नेता अश्वनी चौरसिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। भाजपा नेता अश्वनी चौरसिया ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मुगल शासकों की तरह अपने पिता को जबरन हटाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद हासिल किया। उन्होंने पार्टी की रीढ़ रहे अपने चाचा शिवपाल यादव को भी लगातार अपमानित किया। ऐसे व्यक्ति से संस्कारित आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती। श्री चौरसिया ने बताया कि एक तरफ अखिलेश यादव हैं जो अपनी मंशा पूरी करने के लिए तानाशाही तरीके से पिता और चाचा को अपमानित कर देते हैं तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी मोहन यादव जैसे साधारण कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाती है। मोहन यादव के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का खामियाजा अखिलेश यादव को आगामी लोकसभा चुनाव में भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि परिवारवाद का पोषण करने वाले राजनीतिक दल आज हासिये पर चले गए हैं और भारतीय जनता पार्टी लगातार देश में पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ती जा रही है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# पेटीएम से रिचार्ज नहीं होगा फास्टैग

## एनएचएआई की आईएचएमसीएल ने फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की सूची से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल संग्रहण इकाई भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को परेशानी से बचने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अलावा 32 अधिकृत बैंकों से फास्टैग सेवाएं लेने की सलाह दी है। आईएचएमसीएल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा अपना फास्टैग' 32 अधिकृत बैंकों से खरीदें। इन 32 अधिकृत बैंकों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया




और यस बैंक शामिल हैं।

एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में आठ करोड़ से अधिक 'फास्टैग' उपयोगकर्ता हैं और पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए 'फास्टैग' जारी करने से रोक दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। हालांकि, कोई भी ब्याज, 'कैशबैक' या 'रिफंड' ग्राहकों के खातों में किसी भी समय वापस जमा किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा था कि निर्देश लगातार निरंतर गैर-अनुपालन के बाद दिए गए। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अब अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

### ये बैंक प्रदान करेंगे फास्टैग सेवा

आईएचएमसीएल ने कहा कि वह फास्टैग उपयोगकर्ताओं को आरबीआई दिशा-निर्देशों के तहत नवीनतम फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर व्यास्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक्सिस बैंक फास्टैग सेवा प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य बैंक हैं।

## सोने के दाम 180 रुपये और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 180 रुपये की मजबूती के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 900 रुपये चढ़कर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक रुख से दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 180 रुपये बढ़कर 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में सोना 2,003 डॉलर प्रति औंस पर रहा है।

## स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने गो फर्स्ट के लिए लगाई संयुक्त बोली

नई दिल्ली, एजेंसी



विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बिजी बी एयरवेज के साथ मिलकर दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई है।

स्पाइसजेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सिंह ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली जमा की है। हालांकि इसमें बिजी बी एयरवेज के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया गया है। लेकिन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बिजी बी एयरवेज का गठन 29 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में किया गया था और इसके पास एक लाख रुपये की चुकता पूंजी है। सिंह ने यह बोली ऐसे समय लगाई है जब खुद स्पाइसजेट संकट से उबरने के लिए वित्त जुटाने की कोशिशों और छंटनी कर लागत घटाने में लगी हुई है। इस बीच शरजाह स्थित स्काई वन एफजेडई ने भी गो फर्स्ट के लिए बोली लगाने की सूचना दी है। गंभीर वित्तीय संकट में फंसी गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में उड़ानें बंद कर दी थीं और वह इस समय दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने कहा-नई एयरलाइन के लिए परिचालन भागीदार के तौर पर स्पाइसजेट की भूमिका जरूरी कर्मचारी, सेवाएं और उद्योग विशेषज्ञता मुहैया कराने की है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,050 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,415 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,250-47,450 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,600 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## कंपनी कानून के तहत फाइलिंग की केंद्रीकृत व्यवस्था शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्था से कारोबारी सुगमता को मिलेगा बढ़ावा

सरकार ने कंपनी कानून और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम के तहत फाइलिंग को 'समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये' पूरा करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की है। इससे देश में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

शुरुआत में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में कंपनी कानून के तहत 12 फॉर्म और आवेदन प्रसंस्कृत किए जाएंगे। इसके बाद एक अप्रैल से अन्य प्रपत्रों और आवेदनों का निपटारा भी केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा-परिचालन शुरू होने के बाद अब तक सीपीसी को 4,910 फॉर्म मिले हैं। फॉर्म को समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये तरीके से प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम के तहत जमा फॉर्म/ आवेदन को भी केंद्रीकृत करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि सीपीसी के पूरी तरह से चालू होने के बाद सालाना लगभग 2.50 लाख फॉर्म इसके माध्यम से प्रसंस्कृत किए जाएंगे।

## कृषि रसायनों के सूझ बूझ से उपयोग पर जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली।** गैर सरकारी रूट्स फाउंडेशन और पीआई इंडस्ट्रीज ने एक समाजिक पहल के तहत मिल कर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, और उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि कार्य में स्वस्थ पद्धतियों को अपनाने तथा कृषि रसायनों का प्रयोग सूझबूझ से करने के प्रति जागरूक करने का अभियान चालाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें किसानों को पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास जैसे मुद्दों के प्रति भी जागरूक किया गया है। यह अभियान पंजाब और हरियाणा के कृषि प्रधान राज्यों में चलाया जाएगा।

## सस्ते मकानों के लिए कर्ज में 30% वृद्धि की संभावना

मुंबई, एजेंसी

- केयरएज रेटिंग्स ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद
- कहा-2022-23 के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी

केयरएज रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज सहायता में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 29 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का है।

केयरएज रेटिंग की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान छोटे मकानों के लिए कर्ज में वृद्धि की दर धीमी रही लेकिन उसके बाद, कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों ((एएचएफसी)) के कर्ज वितरण में सुधार दिखा



और 2022-23 के दौरान इसमें साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रिपोर्ट में कहा गया है, यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स ने एएचएफसी के लिए 31 मार्च, 2024 तक संपत्ति (कर्ज) की गुणवत्ता में सुधार होने और सकल अवरुद्ध ऋण (जीएनपीए) सकल कर्ज के 1.2 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की बढ़ी हुई लागत और उच्च परिचालन व्यय के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पूंजी (दिए गए कर्ज) पर निवेश प्रतिफल के 3.2 प्रतिशत पर रहने की के साथ लाभप्रदता में कमी आने का अनुमान है। एएचएफसी मुख्यतः स्व-रोज़गार वाले ग्राहकों को कर्ज सुविधाएं करती हैं और ऋण वसूली में जोखिम के मामले में संवेदनशील बनी रहती हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा जांच एजेंसियों ने संयुक्त रूप से हवाई अड्डे की सघन जांच की। हवाई अड्डा थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर दी गई थी। साइबर प्रकोष्ठ मेल भेजने वाले के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और श्वान दस्ते के सहयोग से हवाई अड्डे पर जांच की गई। जांच के दौरान हवाई अड्डा परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

### कोर्ट ने महेंद्रू की जमानत बढ़ाने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शराब करोबारी समीर महेंद्रू को दी गई अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ 'गंभीर मामला' है। विशेष न्यायधीश एम के नागपाल ने शराब वितरण कंपनी इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उनकी पत्नी की सर्जरी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी।

# जो भगवान राम को काल्पनिक कहते थे, वह अब जय सिया राम के नारे लगा रहे हैं: मोदी

## रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री बोले-जो गारंटी दी वह पूरी की

रेवाड़ी (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को 'काल्पनिक' कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब 'जय सिया राम' के नारे लगा रहे हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भारत ने आज दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं है बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और वन रैंक-वन पेंशन दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो 'गारंटी' दी वह पूरी की है।

### कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोले पर जनता का सुरक्षा कवच साथ है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन मेरे पास देश की जनता का 'सुरक्षा कवच' है जो हर बार मेरी रक्षा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की 'गारंटी' पूरी करेंगे।

### मोदी ने राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये की परियोजना का किया लोकार्पण

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। मोदी ने 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेस के जरिए संबोधित करने से पहले रिमोट दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल सहित कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

## नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राजधानी के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम में आयोजित होने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार शाम यहां पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

भारत मंडपम के प्रांगण में सजाई गई इस विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने वाली प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के 10 साल की उपलब्धियों को भी चित्रित किया गया है। जेपी नड्डा के प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचने पर पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन अग्रवाल एवं तरुण चुघ और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनका स्वागत किया।

## मोदी फिर सत्ता में आए तो क्षेत्रीय दलों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा

कोलकाता, एजेंसी

- इंडिया के भविष्य को लेकर अनुमान नहीं लगा सकते: चिदंबरम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने एक बार फिर से सत्ता में वापसी की तो क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि वह विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के भविष्य को लेकर कोई अनुमान नहीं लगा सकते क्योंकि वह पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर आगामी लोकसभा चुनाव में एक कारक हो सकता है लेकिन यह निर्णायक होगा या नहीं, यह तो समय ही बताएगा। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने कहा-मैं 'इंडिया'



गठबंधन के भविष्य के बारे में कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हूं और गठबंधन की बैठकों का भी हिस्सा नहीं रहा हूं, लेकिन मुझे पूरी उम्मीद है कि बाकी सभी पार्टियां समझेंगी कि मोदी जी और भाजपा की केंद्र में वापसी से राज्य-विशिष्ट क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा। अपनी नई किताब 'द वाटरशेड ईयर-व्हिच वे विल इंडिया गो?' पर चर्चा के लिए चिदंबरम कोलकाता पहुंचे थे।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में करोड़पति क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने शुक्रवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बसंत कुमार महापात्रा को गिरफ्तार कर लिया। सिलसिलेवार छापेमारी किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सतर्कता विभाग ने कहा गया है कि महापात्रा की संपत्तियों की पड़ताल के दौरान आय से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसमें भुवनेश्वर में दो फ्लैट और दो वाणिज्यिक शॉपिंग आउटलेट, भुवनेश्वर और बेंगलुरु में फ्लैट खरीदने के लिए रि 2.23 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान, 1.16 लाख रुपये नकद आदि शामिल हैं।

## बिल्डर के आवास और कार्यालय पर ईडी की छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

**बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला**

पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को एक बिल्डर के आवास और कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बिल्डर को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का करीबी माना जाता है। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ पहुंची ईडी की टीम ने व्यवसायी के एक कार्यालय और तीन फ्लैट पर छापा मारा, जिनमें से एक कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में नकताला में चटर्जी के घर के ठीक सामने है। ईडी अधिकारी ने बताया-घोटाले में बिल्डर की अहम भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसने (बिल्डर) घोटाले से प्राप्त धन को विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने में चटर्जी की मदद की थी। केंद्रीय एजेंसी ने भर्ती के सिलसिले में चटर्जी को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था।

## झारखंड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 नए मंत्री शामिल

**रांची।** झारखंड में आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 8 नए मंत्रियों को शामिल किया गया जबकि मंत्रिमंडल में एक सीट अभी भी रिक्त रखा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के तीन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया। हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया जबकि चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में नई चेहरे की रूप में हेमंत सोरेन की छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरूआ को शामिल किया गया है।

## केजरीवाल ने विस में रखा विश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश किया जिसपर सदन में शनिवार को चर्चा होगी। विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए केजरीवाल ने कहा-दो विधायक मेरे पास यह कहते हुए आए थे कि भाजपा सदस्यों ने उनसे संपर्क किया है और उन्हें 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और सरकार गिरा दी जाएगी।

दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़े एक मामले में जारी समन के फर्जी होने का दावा करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को अपदस्थ करना चाहती है। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जारी समन पर अमल नहीं करने की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से किए जाने के बाद केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने को कहा है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया आप प्रमुख इसका अनुपालन करने के लिए 'कानूनी रूप से बाध्य' हैं।

### न्यायालय को आवंटित जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया

आम आदमी पार्टी (आप) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने यहां राउज एवेन्यू में दिल्ली उच्च न्यायालय की भूमि पर 'अतिक्रमण' नहीं किया और पार्टी को 2015 में यह जगह आवंटित की गयी थी। राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को तत्काल प्रभाव से खाली करने के निर्देश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली 'आप' ने कहा कि इससे आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। न्यायिक अवसंरचना से संबंधित लंबित मामले में 'आप' ने एक अर्जी दाखिल करते हुए दावा किया कि उस स्थान पर 'अतिक्रमण' का कोई सवाल ही नहीं उठता जो उसे 2015 में विधिवत तरीके से आवंटित किया गया था और तब से वह भूमि उन्हीं के कब्जे में है। आप' ने अर्जी में कहा कि पार्टी मौजूदा परिसर को खाली करने के लिए तैयार है।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ी

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय कारागार में बंद बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अली के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया। इसके बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान बालाजी के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने धनशोधन के आरोप से मुक्त करने के लिए अर्जी दी है।

## बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

**संदेशखालि हिंसा**

- एनसीएससी के प्रतिनिधिमंडल ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट
- आयोग के लोगों ने संदेशखालि का किया था दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के प्रमुख अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि आयोग ने संदेशखालि में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है।

आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि का दौरा किया था, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए हलदर ने संदेशखालि में कथित अत्याचार और हिंसा के बारे में संक्षिप्त विवरण साझा किया। उन्होंने कहा-हमने सिफारिश की है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएससी को मिले अधिकारों के अनुसार अनुसूचित जाति के संवैधानिक सुरक्षा कार्यों के बारे में वार्षिक रूप से या जब उचित लगे, राष्ट्रपति को रिपोर्ट देना आयोग का कर्तव्य है। हलदर ने कहा कि राष्ट्रपति ने आयोग को आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करके उचित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अपराधियों ने वहां की सरकार से गठजोड़ कर लिया है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में हिंसा का असर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर भी पड़ रहा है।

### भाजपा की केंद्रीय टीम ने राज्यपाल से मुलाकात की

**कोलकाता।** संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोकी गई भाजपा की एक केंद्रीय टीम ने शुक्रवार शाम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि पार्टी वहां जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम को संदेशखालि जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखालि ब्लॉक के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने धरना शुरू कर दिया। बाद में, वे कोलकाता लौट आए और बोस से मिलने राजभवन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवाददाताओं से कहा-पुलिस ने हमें बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से संदेशखालि जाने से रोका। हमने राज्यपाल को सूचित कर दिया है और वह स्थिति को लेकर बहुत व्यथित हैं।

# हवाई अड्डे पर अनुरोध के बाद भी नहीं मिली व्हीलचेयर, पैदल चलने से बुजुर्ग की मौत

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई हवाई अड्डे पर एक बुजुर्ग को बुकिंग के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली, जिसके कारण व्यक्ति मौत हो गई। हालांकि, इस घटना पर एयर इंडिया ने सफाई देते हुए कहा कि यात्री से व्हीलचेयर मिलने तक इंतजार करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल जाने का विकल्प चुना।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 12 फरवरी को न्यूयॉर्क से मुंबई जा रहे हमारे एक मेहमान अपनी पत्नी के साथ इमिग्रेशन क्लियर करने के लिए जाते समय बीमार पड़ गए। बुजुर्ग यात्री ने व्हीलचेयर की मांग की



थी। व्हीलचेयर की भारी मांग के कारण हमने यात्री से थोड़ा इंतजार करने का अनुरोध किया था लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल चलने का विकल्प चुना। ऐसे में बुजुर्ग इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल चलकर गए। ऐसे में उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 80 साल के बुजर्ग ने न्यूयॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। दंपति ने अपने लिए व्हीलचेयर की बुकिंग की थी। मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट जब लैंड हुई तो दंपति को सिर्फ एक व्हीलचेयर मिली।

ऐसे में पति ने उसपर अपनी बुजुर्ग पत्नी को बैठाया और खुद पैदल चलने लगे। विमान से लेकर 1.5 किलोमीटर की दूरी पर टर्मिनल में बने इमिग्रेशन काउंटर तक बुजुर्ग को पैदल जाना पड़ा। काउंटर पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग को चक्कर आया और हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बुजुर्ग को नानावती अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इससे पहले मौत हो गई।

## तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को मिल रही छूट : यूएन

**संयुक्त राष्ट्र।** तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को पूरी छूट मिल रही, जिससे वह तेजी से फलफूल रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की ओर से रिपोर्ट में सदस्य देशों की चिंता भी व्यक्त की गई है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों को हाल के इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है। विशेष रूप से खतरनाक आइएस आतंकवादी समूह की ताकत लगभग दोगुनी हो गई है।

# 84 हजार करोड़ के रक्षा सौदे को डीएसी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सेना की ताकत बढ़ाने को सरकार का बड़ा फैसला, बहुउद्देशीय विमान व अन्य की होगी खरीद

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की समग्र लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए बहुद्देश्यीय समुद्री विमान सहित 84,560 करोड़ रुपये के सैन्य हार्डवेयर की खरीद को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

डीएसी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है उनमें नई पीढ़ी की टैंक रोधी माइंस (एंटी टैंक), वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो, मध्यम दूरी की समुद्री टोही व बहुद्देश्यीय समुद्री विमान, फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट तथा सॉफ्टवेयर



डिफाइंड रेडियो शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की निगरानी और हस्तक्षेप क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मध्यम दूरी के समुद्री टोही विमानों और बहुद्देश्यीय समुद्री विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

### वायुसेना को मिलेगा रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट

वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यह विशेष रूप से धीमी, छोटी और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि डीएसी ने भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं और पहुंच को बढ़ाने के लिए फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी। एक अनुकूल रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भी डीएसी ने पहल किया है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और स्टार्ट-अप व एमएसएमईएस से उन्नत तकनीकों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 में संशोधन



को मंजूरी दी है। इसके तहत बेंचमार्किंग, लागत गणना, भुगतान अनुसूची और खरीद की मात्रा तय की जाती है। यह आईडीईएक्स और टीडीएफ योजनाओं के तहत स्टार्ट-अप और एमएसएमईएस के लिए एक सहायक व्यावसायिक वातावरण के साथ-साथ बहुत आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह वास्तव में ईज ऑफ डूइंग की भावना से प्रेरित होगा।

## एक नजर

### गाजा के अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से पांच की मौत

**राफा।** दक्षिणी गाजा के मुख्य अस्पताल पर इजराइली सैनिकों के हमले से अफरा-तफरी की स्थिति है। ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से शुक्रवार पांच लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल को लगभग एक सप्ताह तक घेरकर रखने के बाद इजराइली सैनिकों ने इस पर धावा बोल दिया। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार को इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में एक मरीज की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि सेना ने बृहस्पतिवार को अस्पताल में प्रवेश किया क्योंकि उसके पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी।

### भारत से जुड़े धनशोधन मामले में हांगकांग में सात लोग गिरफ्तार

**बीजिंग/हांगकांग।** हांगकांग के सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को 1.8 अरब डॉलर के धनशोधन मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में भारत से जुड़े एक मोबाइल एप का भी खुलासा हुआ है। हांगकांग के सीमा शुल्क व उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि गिरोह ने छद्म बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल किया। सीमा शुल्क वित्तीय जांच ब्यूरो की प्रमुख सुजेट इप तुंग-चिंग ने बताया कि यह अभियान भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाले और देश की दो आभूषण कंपनियों से जुड़ा है, जिन्होंने लगभग 37.1 करोड़ डालर की हेरफेर की। खाते में प्रतिदिन 1.28 करोड़ डॉलर आते थे और उसमें 50 से अधिक दैनिक लेनदेन होते थे। उन्होंने कहा-आगे की जांच की जा रही है।

### ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में भारतीय महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में 28 वर्षीय एक भारतीय महिला कार में मृत पाई गई। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टीम इस मामले में सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। उच्चायोग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में दिल दहला देने वाली घटना। उच्चायोग की एक टीम सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। मीडिया के अनुसार, माउंट ईसा पुलिस जिला अधीक्षक टॉम आर्मिट ने बताया कि पुलिस महिला की मृत्यु की परिस्थितियों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि, मृतका का वाहन बाढ़ के पानी में आंशिक रूप से डूबा हुआ पाया गया था। महिला की पहचान उजागर नहीं की गई है।

### अमेरिका के चेयेने में गोलीबारी, एक युवक की मौत, दो घायल

**चेयेने।** अमेरिकी राज्य व्योमिंग की राजधानी में सड़क पर गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। चेयेने पुलिस विभाग की प्रवक्ता एलेक्जेंड्रा फार्कस ने कहा कि गुरुवार को आवासीय क्षेत्र में गोलीबारी हुई। फार्कस ने कहा कि जांच अधिकारी गोलीबारी के कारणों और पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि घटना में घायल हुए लोग वयस्क थे या नहीं।

## पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों के घर छापेमारी, इमरान की बहन अलीमा तलब

# इमरान की पार्टी के कई नेता गिरफ्तार

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री पद को लेकर संशय बरकरार है। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर पूरे पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इमरान खान की बहन अलीमा खान को भी तलब किया है। इधर, पीटीआई ने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उमर अयूब आगे किया, जिन्हें संसद में जाने से रोका जा सकता है और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आशंका को देखते हुए एक स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई है। वहीं, पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार उमर अयूब ने खुफिया एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित एमएनए (नेशनल असेंबली के सदस्य) असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। इसके अलावा लाहौर में नौ मई को हुए दंगों के मामले में पुलिस ने पीटीआई समर्थित नेता अहमर रशीद भट्टी को रायविंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले अहमर रशीद भट्टी अपनी का जश्न मना रहा थे। इसी तरह, पंजाब पुलिस ने गुजरांवाला से पीटीआई समर्थित नवनिर्वाचित एमएनए- मोबीन आरिफ जट और एहसानुल्लाह विर्क के कारखानों, मिलों और गोदामों पर छापा मारा और उन्हें सील कर दिया। साथ ही पंजाब पुलिस ने नौ मई के मामलों में पीटीआई नेता असलम इकबाल के खिलाफ नए वारंट जारी किए।

### इमरान खान से बैकडोर वार्ता कर रही पाकिस्तानी सेना



पाकिस्तान में चुनावी नतीजों से साफ हो गया कि आम पाकिस्तानी लोगों ने शरीफ या जरदारी परिवार के खिलाफ वोट नहीं, बल्कि पाकिस्तान की सेना के खिलाफ वोट दिया है। सेना ने पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान को सत्ता से हटाने और चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कई कदम उठाए। इससे इमरान के निर्दलीय प्रत्याशियों को बड़े पैमाने पर सेना विरोधी वोट मिले। इस चुनाव ने पाकिस्तान में पिछले 75 साल से चले आ रहे सत्ता समीकरण बदल दिए। अब सेना ने बैकडोर से इमरान के संपर्क शुरू कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद सेना ने अदियाला जेल में इमरान से दोबारा संपर्क किया गया। पहला संपर्क ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल सहर द्वारा किया गया था। इसके बाद इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क किया गया, जो बानीगाला आवास पर नजरबंद हैं। बुशरा बीबी से चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अवैस दस्तगीर मिले थे। बताया जाता है कि जनरल अवैस दस्तगीर पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बेहद करीबी माने जाते हैं। जनरल दस्तगीर ने इमरान और बुशरा से कहा कि सेना उन्हें आने वाले समय में कई राहत देगी और पीटीआई को केपीके में सरकार बनाने की अनुमति दी जाएगी। सेना ने इमरान से कहा है कि वे गठबंधन सरकार बनने दें ताकि पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता आ सके और अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

# मणिपुर : उग्र भीड़ ने अफसरों के दफ्तार जलाए

**इंफाल, एजेंसी**

- हिंसा में दो लोग की मौत, 42 घायल, पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित की

मणिपुर में जारी हिंसा के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई है। राज्य में गुरुवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क गई, जिससे वहां की स्थिति खराब हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में गुरुवार रात करीब 400 लोगों ने एसपी और डीसी ऑफिस पर धावा बोल दिया। इस दौरान भीड़ ने सरकारी परिसर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ भी की।

पुलिस ने बताया कि, सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए। हिंसा के बाद राज्य सरकार ने जिले में पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कई बसों और ट्रकों को आंदोलनकारियों ने जला दिया। अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों लोग कार्यालय के कमरों में घुस गए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए



आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ झड़प में दो व्यक्ति की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गए।

इससे पहले मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में कहा कि लगभग 300-400 की संख्या में भीड़ ने एसपी कार्यालय पर धावा बोलने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया। पोस्ट में कहा गया कि सुरक्षा बल आंसू गैस चलाकर प्रदर्शनकारियों को उचित जवाब दे रहे हैं और स्थिति नियंत्रण में है।

### हथियार लूटने के आरोप में 7 जवान निलंबित

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात जवानों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इससे पहले गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के एक आदेश के मुताबिक, उन्हें पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि तीन दिन पहले शिविर से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को गंभीर लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया था कि हथियार लूट मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। ईआरबी कैंप से लूटी गई चार इंसास राइफलें, एक एके घटक, एसएलआर की दो मैगजीन और 9 एमएम गोला बारूद के 16 छोटे बक्से भी बरामद किए गए हैं। बता दें कि 13 फरवरी को भीड़ चिंगारेल में 5वीं आईआरबी के शिविर में घुसी और हथियार और गोला-बारूद लेकर भाग गई।

## अमेरिका में भारतवंशी परिवार की हत्या में परिवार के मुखिया पर शक

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कैलिफोर्निया में रह रहे भारतवंशी परिवार का शव उसके 21 लाख डॉलर के घर में सोमवार को मिला था। जांच के दौरान पुलिस परिवार के मुखिया पूर्व मेटा इंजीनियर आनंद हेनरी को संदिग्ध मान रही है। सैन मेटो पुलिस विभाग ने कहा है कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आनंद हेनरी, उसकी पत्नी और चार वर्षीय जुड़वां बच्चे का शव पड़ा था।

हेनरी और उसकी पत्नी एलिस प्रियंका बेंजिगर बाथरूम में मृत पड़े थे। उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। नौ एमएम का गन फर्श पर पड़ा था। यह हेनरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस को दोनों बच्चों के शव बेडरूम में मिले थे। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। बाथरूम में मिले बेंजिगर के शरीर पर गोलियों के कई निशान थे, जबकि हेनरी के शरीर पर केवल एक गोली का निशान था। अभी तक बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि आनंद की लिंक्डइन प्रोफाइल से उसकी पहचान मेटा और गूगल में पूर्व साफ्टवेयर इंजीनियरिंग मैनेजर के रूप में हुई है।

न्यूक्लियर प्लांट...



**लंदन :** ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा न्यूक्लियर प्लांट बनाया है, जो जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मददगार होगा। इस प्लांट में 0.2 मिलीग्राम ईंधन से 5 सेकंड तक 69 जूल ऊर्जा पैदा हुई, यह 5 सेकंड तक 41 हजार घरों की बिजली सप्लाई के बराबर है। यह एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। ● एजेंसी

### अमेरिका: दोस्त की हत्या के आरोप में कोर्ट ने सुनाई 99 साल की सजा

**अलास्का।** अमेरिका में ऑनलाइन मोटी कमाई के चक्कर में अपनी ही दोस्त की हत्या करने वाली 23 वर्षीय डेनाली ब्रेहमर को अलास्का कानून विभाग ने 99 साल कैद की सजा सुनाई है। ब्रेहमर को एक वर्ष पहले हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। उसने दो अन्य किशोरों के साथ मिलकर दो जून, 2019 को अपनी दोस्त 19 वर्षीय सिंथिया हाफमैन की हत्या कर दी थी। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेहमर 18 साल की थी जब उसे और दो अन्य किशोरों को 21 वर्षीय डारिन शिलमिलर ने ऑनलाइन फंसाया था। शिलमिलर ने खुद को टायलर नाम का करोड़पति बताया और सिंथिया की हत्या के फोटो और वीडियो के बदले ब्रेहमर को 90 लाख डॉलर देने का वादा किया। इसके बाद तीनों ने साजिश के तहत गोली मारकर सिंथिया की हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि ब्रेहमर ने शिलमिलर को हत्या के कई स्नैपचैट वीडियो और तस्वीरें भेजीं।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा संदेशखाली विवाद, सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में संदेशखाली विवाद अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। दरअसल वकील आलोक अलख श्रीवास्तव ने संदेशखाली के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल (जनहित याचिका) दायर की है और याचिका में मांग की है कि कोर्ट की देखरेख में सीबीआई या एसआईटी की टीम मामले की जांच करें।

याचिका में संदेशखाली के पीड़ितों के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है, साथ ही अपनी जिम्मेदारी ठीक तरह से न निभाने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में संदेशखाली मामले की जांच राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की भी मांग की है। संदेशखाली मामले की जांच तीन जजों की कमेटी से कराने की मांग भी की गई है। चीफ जस्टिस ने कहा कि 'आप हम पर दबाव नहीं बना सकते। हम इसे लिस्ट करेंगे और दोपहर बाद इस पर विचार करेंगे।

### शरद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अजित पवार गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करेगा। बता दें कि शरद पवार ने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। शरद पवार ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। शरद पवार का कहना है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा व्हिप जारी किया जा सकता है। इसलिए, शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की।

## वांछित को यूएई से भारत लाया गया, कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अबू धाबी में इंटरपोल चैनलों के साथ घनिष्ठ समन्वय में हत्या और दंगा मामले में वांछित आरोपी नरेंद्र सिंह की वापसी की सुविधा प्रदान की, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। सिंह की हरियाणा पुलिस को टोहाना पुलिस स्टेशन, फतेहाबाद, हरियाणा में हत्या, दंगा और स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में एक मामले में तलाश थी। सीबीआई के वैश्विक संचालन केंद्र ने इंटरपोल एनसीबी, हरियाणा पुलिस, अबू धाबी में भारतीय दूतावास, विदेश मंत्रालय अबू धाबी के साथ समन्वय किया है। इसके अलावा, आज एक रेड नोटिस विषय को हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की ओर से सुरक्षा विवरण के साथ संयुक्त अरब अमीरात से भारत लौटाया गया।

# जेल में बंद पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी की मौत

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है। मीडिया के अनुसार, एलेक्सी नवलनी पिछले काफी समय से जेल में जेल में बंद थे।

एलेक्सी नवलनी की मौत यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल में हुई है। यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल सेवा ने शुक्रवार को बयान में कहा, 16 फरवरी, 2024 को दंड कॉलोनी नंबर तीन में दोषी एलेक्सी नवलनी को टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस हुआ और वह तुरंत बेहोश हो गया। जेल सेवा ने आगे कहा, नवलनी के बेहोश होने के बाद जेल का मेडिकल स्टाफ तुरंत पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस टीम को बुलाया गया। उन्हें बचाने के हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन उनको नहीं बचाया जा



- उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे एलेक्सी

सका। एंबुलेंस के डॉक्टरों ने दोषी नवलनी की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे। उन्हें मॉस्को से लगभग 230 किलोमीटर पूर्व में मध्य रूस की जेल रखा गया था। हालांकि, एलेक्सी नवलनी के एक सहयोगी लियोनिद वोल्कोव ने एक्स पर कहा है कि वह उनकी मौत की पुष्टि करने में असमर्थ हैं। लियोनिद वोल्कोव ने लिखा, "रूसी अधिकारियों ने एक कबूलनामा प्रकाशित किया है कि उन्होंने जेल में एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी।

विज्ञान

## वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी, 2050 तक जलवायु परिवर्तन में भारी परिवर्तन की आशंका

# गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने समुद्री गर्मधारा गल्फ स्ट्रीम के समाप्त होने की चेतावनी दे दी है। इसकी समाप्ति से पश्चिमी यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों की जलवायु मे बड़ा परिवर्तन आएगा।

वैज्ञानिको ने 2050 के आसपास होने वाले परिवर्तन में लघु हिमयुग आने की आशंका जताई है। गल्फ स्ट्रीम मैक्सिको की खाड़ी से निकलने वाली एक शक्तिशाली समुद्री धारा है, जो उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गर्म पानी एक प्राकृतिक कन्वेयर बेल्ट के रूप में कार्य करता है, जो भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी पहुंचाता है और इसके रास्ते में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करता



अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

है। इस समुद्री धारा का गर्म पानी सर्दियों के मौसम में तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध में कहा है कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव सामने आ रहे हैं, जिसका सबसे बुरा असर दुनिया भर में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना है। ये बर्फीले पर्वत बढ़ते वैश्विक तापमान के निरंतर हमले के आगे झुक रहे हैं।

इनके पिघलने से गल्फ स्ट्रीम समाप्त होने की आशंका से कतई इंकार नही किया जा सकता है और यह महत्वपूर्ण समुद्री धारा बंद हो जाएगी। इस परिवर्तन में उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में औसत तापमान कई डिग्री तक गिर सकता है। जिसके कुछ ही दशकों मे 10 डिग्री सेल्सियस तक अंतर आ जाएगा। इसके दुष्परिणाम दुनिया भर में बेहद गंभीर होंगे। इससे तूफानों में वृद्धि होगी। बरसा में भारी व्यवधान होगा। साथ ही कृषि को बुरी तरह प्रभावित करेगा।

### कम करना होगा वैश्विक कार्बन

वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें किसी भी दशा में वैश्विक कार्बन को कम करना ही होगा, यदि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन कम नहीं हुआ तो 2025 से 2095 के बीच गल्फ स्ट्रीम के पतन निश्चित है। जिसका औसतन केंद्रीय अनुमान वर्ष 2050 लगाया गया है। शोध का नेतृत्व करने वाले डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पीटर डिटलेवसेन का कहना है कि यह बड़ी चिंता विषय है। बचाव के लिए हमें अभी से जुटना होगा। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

# फैक्टरी में आग से मौत का आंकड़ा बढ़ा, 11 की गई जान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान अभी भी जारी, धमाके के साथ फटे थे केमिकल ड्रम

अलीपुर में एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, फैक्टरी में दो और लोगों के फंसे होने की संभावना है। अग्निकांड में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या की प्रयास की धारा 304 और 308 के तहत मामला दर्ज किया है।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि दो पेंट और केमिकल गोदाम में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार घायल हैं। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। लोकनायक अस्पताल में दो मरीज भर्ती हुए हैं। अलीपुर के रिहायशी इलाके में फैक्टरी में आग लगने के बाद कई धमाके हुए। बेहद संकरे इलाके में स्थित इस पेंट फैक्टरी में हादसे के समय मजदूर कार्य में जुटे थे, अचानक लगी आग के बाद उन्हें बाहर निकलने का मौका तक न मिला। आग इतनी भयानक थी कि लपटें काफी दूर तक दिखाई दे रहीं थीं।

फैक्टरी में केमिकल के ड्रम होने के कारण आग तेजी से फैल गई, चीख-पुकार के बीच कुछ लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। भगदड़ के बीच कई लोग मामूली घायल हो गए। आग ने स्टेशनरी व टेलर की दुकान, सैलून, ढाबा, किराना स्टोर व सामने वाले घरों को चपेट में ले लिया।